सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
24.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 222



12 वेब सीरीज हीरामंडी में कैमियो करेंगी रेखा

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Bank Education Loan Facility. •Thrust on Research & Development.
•Scholarship upto 1 Crore. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

# लवली और रूपा तिर्की के दम पर भारत ने जीता गोल्ड

## एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में झारखंड का जबरदस्त प्रदर्शन

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** भारतीय महिला टीम ने एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत लिया है। भारत ने मजबूत मलेशिया को 17-16 से हराकर गोल्ड जीता। देश को गोल्ड दिलाने में झारखंड की दो महिला खिलाड़ियों रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे का शानदार प्रदर्शन रहा। दोनों ने शानदार खेल दिखाते हुए न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। कॉमनवेल्थ मेडलिस्ट झारखंड की बेटी रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे के शानदार खेल की बदौलत एशियाई लॉन बॉल चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। 21 से 26 फरवरी तक मलेशिया में आयोजित हो रही 14वीं एशियाई लॉनबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने प्रारंभिक राउंड में मलेशिया से हार के बावजूद पुनः शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

### हमारी बेटियों ने बढ़ाया देश का मान



इस जीत के साथ ही भारतीय लॉन बॉल टीम ने गोल्ड मेडल पर कब्जा कर लिया है। इसके पूर्व भारतीय महिला फोर्स टीम ने सेमीफाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 14-11 से हराया था। भारतीय टीम में कॉमन वेल्थ मेडलिस्ट झारखंड की बेटी रूपा रानी तिर्की (डीएसओ, रामगढ़), लवली चौबे (झारखंड पुलिस), दिल्ली की पिंकी कुमारी और असम की नैनमोनी सकिया ने बार फिर भारत को गौरवान्वित किया है। झारखंड के खिलाड़ियों के अहम योगदान पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा, झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, रूपा रानी एवं लवली चौबे के प्रशिक्षक सह झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक के अलावा संघ के आशीष झा, रितेश झा, शिवेंदु दुबे, आलोक मिश्रा, शशांक भूषण सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं।

बेटियों का जलवा

### राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप के सेफा में झारखंड

**झारखंड** की टीम पंजाब को हरा कर सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप सेमीफाइनल में पहुंच गयी। प्रतियोगिता का आयोजन काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) में 15 से 26 फरवरी तक होगा। 13वें हॉकी इंडिया में गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने पंजाब को 2-0 के अंतर से पराजित किया। झारखंड टीम की ओर से अलका डुंगडुंग नें 48वें मिनट में और अलबेला रानी टोप्पो ने 52वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किये। झारखंड टीम ने दोनों गोल तीसरे क्वार्टर में किये। अलबेला रानी टोप्पो को सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। झारखंड टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह सहित हॉकी झारखंड के अन्य सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी।



**टीम झारखंड :** अंजली बिंझिया, सोनल मिंज, रोपनी कुमारी, रीमा बखला, रेशमा सोरेंग, कौशल्या कुमारी, शम्मी बड़ा, स्मिता मिंज, दीप्ति कुल्लू, दीप्ति टोप्पो, नीतू कुमारी, सुभाषी हेमरोम, काजल बड़ा, अलबेला रानी टोप्पो, वेतन डुंगडुंग, एलिन डुंगडुंग, रोशनी डुंगडुंग, अलका डुंगडुंग. टीम की कोच बिगन सोय और मैनेजर दुलारी टोपनो।

## न्यूज डायरी

### टी-20 महिला वर्ल्ड कप जीत का भारत का सपना टूटा

**केपटाउन।** आइसीसी वीमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2023 जीतने का सपना भारत का पूरा नहीं हो सका। केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में खेले गये सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पांच रन से हरा दिया। मैच से पहले ही टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा था, जब तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर टीम से बाहर हो गयी थी।

(विस्तृत खेल पेज पर)

### सितंबर से प्रभावी होंगे मोटे अनाज खाद्य मानक

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बाजरा, ज्वार, कुट्टू तथा चौलाई जैसे 15 मोटे अनाजों की खपत बढ़ाने और इनको लोकप्रिय बनाने के लिए इनके गुणवत्ता मानक एक सितंबर 2023 से प्रभावी करने का फैसला किया है। केंद्रीय मंत्रालय ने बताया कि मोटे अनाज के मानक तय करने को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य संरक्षा एवं मानक दूसरा संशोधन नियमन 2023 जारी कर दिया है।

### गिरिडीह : खांखी के मजदूर की मुंबई में मौत

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के खांखी के एक मजदूर की मुंबई के धारावी में बुधवार को आग की चपेट में आने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खांखी के मुमताज अंसारी के पुत्र इकबाल (23) की मुंबई के धारावी में आग चपेट में आने से मौत हो गयी है।

### लापता व्यवसायी का शव सड़क किनारे मिला

**लोहरदगा।** कुडू से लापता व्यवसायी प्रदीप साहू का शव रांची रोड पर मिला है। वह बीती रात को अपना होटल बंद कर घर के लिए निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने काफी खोज की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला।

### 28 को होगी पंकज मिश्रा की जमानत पर सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

### कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**नयी दिल्ली।** असम पुलिस द्वारा कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के कुछ ही देर बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बड़ी राहत दे दी। कोर्ट ने पवन खेड़ा की अंतरिम जमानत याचिका को मंजूरी दे दी। असम और यूपी पुलिस को एफआईआर एक साथ करने की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

### निहंग सिखों का थाने पर हमला, 6 जवान घायल

**अमृतसर।** वारिस पंजाब डे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अमृतपाल के सहयोगी लवप्रीत तूफान की गिरफ्तारी के विरोध में जमकर हंगामा किया। तलवारों व बंदूकों से पुलिस बैरिकेड्स तोड़ थाने पर हमला कर दिया। इसमें छह से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गये। वे लवप्रीत तूफान की गिरफ्तारी का विरोध और रिहाई की मांग कर रहे थे। समर्थकों ने केंद्र को खुली चुनौती भी दी। साथ ही धमकी दी कि केंद्रीय गृह मंत्री का हाल भी पूर्व पीएम इंदिरा गांधी जैसा होगा।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 53,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 68,000 रु./प्रति किलो |

# झारखंड के ब्रजेंद्र कुमार को मिला संगीत अकादमी अवार्ड

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छऊ नृत्य कलाकार को किया सम्मानित

खबर मन्त्र टीम

**रांची, सरायकेला।** झारखंड के कलाकारों ने एक बार फिर परचम लहराया है। सरायकेला, झारखंड के मशहूर छऊ नृत्य कलाकार ब्रजेंद्र कुमार पटनायक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगीत नाटक अकादमी अवार्ड 2019 से सम्मानित किया है। नयी दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी के अलावा कई अन्य गणमान्य मौजूद थे। ब्रजेंद्र ने सरायकेला शैली छऊ नृत्य के विकास में बेहद अहन भूमिका निभायी है, जिसके लिए इन्हें ये अवार्ड दिया गया है।



### बधाइयों का तांता

भारत की प्रतिष्ठीत संगीत नाटक एकेडमी अवार्ड से सम्मानित ब्रजेंद्र कुमार ने खुशी व्यक्त की है। पुरस्कार मिलने के बाद राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र के पूर्व निदेशक गुरु तपन कुमार पटनायक, पद्मश्री शशधर आचार्य, छऊ नृत्य विचीत्रा के रंजीत कुमार आचार्य, सरायकेला नगर पंचायत के उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी सहित अन्य लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है। ब्रजेंद्र का ज्नम 22 सितंबर 1958 को हुआ था। बचपन से ही उनका रुझान छऊ नृत्य की तरफ था। यही वजह थी कि उन्होंने बचपन से ही इस नृत्य कला की शिक्षा लेनी शुरू की थी। बाद में वे इस कला के माहिर कलाकार बने। संगीत अकादमी पुरस्कार पाने के बाद इन्होंने कहा कि वे लगातार बच्चों को छऊ नृत्य सिखाते रहेंगे और इस कला की उन्नति के लिए काम करते रहेंगे। ब्रजेंद्र छऊ नृत्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और झारखंड का नाम रोशन कर चुके हैं। 1984 में पहली बार उन्होंने डेनमार्क में इसका प्रदर्शन किया था। इसके बाद इन्होंने रूस, फ्रांस, दक्षिण कोरिया और मलेशिया सहित करीब 13 देश में छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया। इस नृत्य में मुख्यतः इनके राधा-कृष्ण, आरती, हंस, मयूर, चंद्रभागा जैसे नृत्यों को काफी पसंद किया गया।

## चिकित्सा सेवा में लगे लोगों का स्ट्राइक करना गंभीर मामला है

- हाइकोर्ट ने रिम्स से पूछा, हड़ताल में हुई मौत मामले में क्या कार्रवाई हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की बेंच में गुरुवार को वर्ष 2018 में रिम्स अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के कार्य बहिष्कार के दौरान मरीजों की मौत से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने रिम्स से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि स्ट्राइक के दौरान जिन इलाजरत लोगों की मृत्यु हुई, उनके परिजनों को मुआवजा दिया गया है या नहीं? मुआवजा के लिए लिए क्या योजना है? अदालत ने इस बिंदु पर रिम्स और सरकार को तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि चिकित्सा जरूरी सेवा के दायरे में आता है। चिकित्सा सेवा में लगे लोगों का स्ट्राइक करना गंभीर मामला है।

**क्या है मामला :** रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स स्ट्राइक पर चले गये थे। उस दौरान 28 मरीजों मौत हो गयी थी। इसकी जांच करने एवं दोषी लोगों पर कार्रवाई को लेकर दाखिल झारखंड छात्र संघ ने जनहित याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि परिजनों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास आदि पर कोई पहल हुई या नहीं? हड़ताल के जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं? कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 मार्च निर्धारित की। इससे पहले प्रार्थी के अधिवक्ता मुख्तार खान ने कोर्ट को बताया कि स्ट्राइक के दौरान रिम्स में चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गयी थी। 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गये थे।

### साइबर क्राइम : कितनी गिरफ्तारी और कितनी संपत्ति हुई जब्त : कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम रोकथाम को लेकर मनोज राय की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कोर्ट ने ट्राई को प्रतिवादी बनाते हुए उसे प्रति शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है।

### चार सप्ताह बाद होगी लालू की सजा बढ़ाने के मामले में सुनवाई

**रांची।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद यादव सहित छह सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है।

इडी ने अस्पताल में चेकअप के बाद वीरेंद्र राम को कोर्ट में किया पेश

# कालेधन के कुबेर पांच दिन की इडी रिमांड पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया है। बुधवार की देर रात वीरेंद्र राम को ईडी ने पूछताछ के बाद उन्हें रिफ्तार कर लिया गया था। गुरुवार को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया, इसके बाद विशेष पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में पेश किया गया। इडी की ओर से वीरेंद्र राम को 10 दिनों की रिमांड पर देने की अर्जी दी गयी थी, पर अदालत ने सुनवाई के बाद ईडी को पांच दिनों के रिमांड पर लेने की मंजूरी दी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, वीरेंद्र राम के रिमांड पर लेने के बाद अब कई बड़े लोगों से भी पूछताछ के आसार हैं। सूत्रों के अनुसार इडी को छानबीन में यह भी जानकारी मिली कि वीरेद्र राम नौकरशाहों और नेताओं के भी काले धन का निवेश करता था। रसूखदारो में करीबी माने जाने वाले वीरेंद्र वीरेद्र राम की पत्नी राजकुमारी राम के पॉलिटिकल कनेक्शन भी था। इडी अधिकारी अब मूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं।

**पेन ड्राइव से खुल रहे कई राज :** पूछताछ में इडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई वीआइपी के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया है। पेन ड्राइव में ठेकेदारों से पैसे लेने और कई नेताओं को पैसे पहुंचाने के सबूत हैं। वीरेंद्र राम के करीबी संबंधों के कारण आधा दर्जन से अधिक राजनेता ईडी की रडार पर आ गये हैं। ईडी अधिकारी, वीरेंद्र राम को अपने सर्विलांस पर रखे हुए थे। इस दौरान कई नेताओं तक पैसे पहुंचाने का खाखा भी ईडी को मिला है।

### 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति के मालिक निकले राम



वीरेंद्र राम के ठिकानों पर इडी की दो दिन छापेमारीमें करीब 1.50 करोड़ के जेवरात, 25 लाख रुपये नगद, एक दर्जन लग्जरी वाहन मिले थे। नौकरशाहों और नेताओं के करीबी माने जाने वाले वीरेंद्र राम के पास 125 करोड़ से अधिक की संपत्ति की जानकारी इडी मिली है। इडी की टीम ने दो दिनों में झारखंड और बाहर के उनके 24 ठिकानों पर दबिश दी थी। उनके पास अकूत संपत्ति की जानकारी मिली थी।

**2019 में पहली बार चर्चा में आये थे :** 15 नवंबर 2019 को सरायकेला के ग्रामीण विकास विभाग के जेइ सुरेश प्रसाद वर्मा के डिमना चौक स्थित आनंद विहार कॉलोनी स्थित घर से एसीबी की टीम ने 2.45 करोड़ रुपये जब्त किया था। जमशेदपुर एसीबी टीम ने ठेकेदार विकास कुमार शर्मा से 10 हजार रुपये घूस लेते जेई सुरेश प्रसाद वर्मा को पकड़ा था। पूछताछ में सुरेश ने बताया था कि पहली मंजिल के कमरे वीरेंद्र राम को किराये पर दे रखा था। एसीबी उस कमरे में रहनेवाले आलोक रंजन को भी पकड़ा था, जो खुद को वीरेंद्र का भतीजा बताया था। आलोक को किराये पर वीरेंद्र ने ही रखवाया था। इसी आधार पर ईडी ने मनी लॉड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था।

### गिरफ्तारी से साइलेंट मोड में कई अफसर-नेता

➲ पेन ड्राइव से खुला नेताओं और अफसरों के काले धन का राज

सुधीर

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद राज्य के कई आला अधिकारी और उनके गुर्गे साइलेंट मोड में आ गये हैं। ये किसी से कुछ कहने और मिलने से परहेज कर रहे हैं। राजनेता भी वीरेंद्र की गिरफ्तारी से सदमे में हैं। उन्हें भी डर सता रहा है कि उनकी पोल न खुल जाये। वैसे राज्य के चार आइएएस अधिकारी इडी के रडार पर हैं। इनमें से एक को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाने का मन बनाया है। उम्मीद है कि एक-दो दिन के भीतर संबंधित अधिकारी को बुलावे का नोटिस मिल जाये। राज्य के एक अधिकारी ने बताया कि क्या करूं न निगलते बन रहा है न उगलते। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी से लेकर चपरासी तक डरे-सहमे से हैं।

**पेन ड्राइव में क्या है खास :** पूछताछ में राम ने कई वीआईपी के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया है। उनके के पास से एक पेन ड्राइव मिला है, जिसमें काफी डेटा रखा गया है। उस पेन ड्राइव में ठेकेदारों से पैसे लेने और कई नेताओं को पैसे पहुंचाने के सबूत हैं। कुछ माह से वीरेंद्र राम इडी के सर्विलांस पर थे, उसी दौरान भी कई नेताओं तक पैसे पहुंचाने की जानकारी ईडी को मिली है।

**मंगल रहा धन कुबेर के लिए अमंगल :** बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद देर रात एजेंसी ने उसे गिरफ्तार किया था। इडी के ज्वाइंट डायरेक्टर सहित कई अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। उनके ठिकानों पर छापेमारी में 30 लाख नगद और करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा कीमत के गहने बरामद हुए हैं। ईडी की छापेमारी मंगलवार की सुबह पांच बजे शुरू हुई थी, जो बुधवार देर शाम तक चली।

# हेमंत के चुनावी बाउंसर पर सेफ शॉट लगा रहे बाबूलाल-सुदेश

## रामगढ़ उपचुनाव : आरोप-प्रत्यारोप चरम पर, दोनों के अपने-अपने दावे

➲ ममता को न्याय दिलाने का यूपीए का दावा

➲ राजग ने कहा- सभाओं में बच्चे को लेकर नया प्रयोग

उदय चौहान

**रांची।** राजगढ़ के जर्रे-जर्रे में चुनावी भोंपू का शोर है। विभिन्न पार्टियों के नेता-कार्यकर्ता हाथ जोड़ कर अपने पक्ष में वोट डालने की मनुहार में जुटे हैं। ठीक, तीन दिन बाद रामगढ़ उपचुनाव में मतदान होना है। इसे लेकर सत्ताधारी यूपीए व राजग के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चरम पर है। हर छोटे-बड़े राजनीतिक कार्यकर्ता अपने अनुसार जीत-हार के दावे गरम कर रहे हैं। यूपीए की ओर से खुद सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि जनता की अदालत ममता देवी को न्याय देगी। सीएम मानते हैं कि भाजपा-आजसू ने ममता देवी को छल से चक्रव्यूह में मारा है। इधर, झामुमोनीत सरकार का हर नुमाइंदा अब ममता देवी के दुधमुंहे बच्चे को चुनावी सभाओं पर सहानुभूति का स्टंट बना कर पेश कर रहा है। राजनीति गर्म है और नेताओं का जोश हाई नजर आ रहा है। पूरा सियासी महकमा रामगढ़ में डेरा डाले बैठा है। नतीजा चाहे जो हो, उपचुनाव में क्रिकेट की तरह आखिरी बॉल तक रोमांच बना हुआ है। हेमंत सोरेन के चुनावी बांउसर को राजग खेमा 'डक' मार कर विकेट बचा रहा है। (शेष पेज 11 पर)





**सीएम हेमंत सोरेन** कई चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। हर सभा में वह आजसू-भाजपा को पानी पी-पी कर थूकम-फजीहत कर रहे हैं। सीएम चुनावी सभाओं में अपनी सरकार के कामकाज को गिनाते हुए विपक्षी दल पर हमलावर हैं। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, ओल्ड पेंशन स्कीम, सर्वजन पेंशन योजना जैसे मुद्दों पर सीएम राजग पर तीखे तीरों की वर्षा कर रहे हैं।

वहीं, आजसू-भाजपा हेमंत सोरेन के चुनावी बांउसर को 'डक' मार कर विकेट बचा रहे हैं। इनका तर्क है कि 1985 नीति पर मिठाई बांटने वाले आजसू-भाजपा यहां के आदिवासी-मूलवासी के दर्द को नहीं जान सकते। झामुमो हमेशा ईमानदार राजनीतिक पार्टनर की भूमिका निभाता रहा है। देश में फासीवादी ताकतों को रोकने के लिए रामगढ़ की जनता से कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग गुप्ता को जीताने की अपील करते हैं।

## यूपी-बिहार वालों का रास्ता बंद होता है तो विपक्षी टांग अड़ाते हैं

- रामगढ़ उपचुनाव में महागठबंधन की ही जीत होगी : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार बजरंग महतो को जिताने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। गुरुवार को रामगढ़ में उन्होंने तीसरी जनसभा चितरपुर प्रखंड में की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड के निर्माण में यहां के लोगों ने आहुति दी जबकि यूपी और बिहार वालों ने तो सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है। जब झारखंडियों की सरकार बनी तो उनका रास्ता यहां बंद होने लगा। यही वजह है कि भाजपा और आजसू एक बार फिर टांग अड़ाने को तैयार हो गये। झारखंडी हित में बनने वाले कानून से भाजपा-आजसू और उसके साथी यूपी बिहार वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है। (शेष पेज 11 पर)



JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-I**

**Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)**

**Tender Ref No. JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023**

With reference to the above tender, it is hereby informed that the date has modified as under:

| S.N | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Site Visit Schedule | 27/02/2023 to 03/03/2023 From 11.30 AM at 4.30 PM |
| 2. | Date for sending Pre-Bid Query to ceo.japit@jharkhandmail.gov.in as per Proforma -10 of RFP | 13/03/2023 till 6.00 PM |
| 3. | Pre-Bid Meeting onsite at JAP-IT | 16/03/2023 at 2.30 PM at office of JAPIT |

**Important Notice:**
- **JHSDC Site Visit Request Form** and Corrigendum - I can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
- JHSDC Site visit request form is mandatory to be filled & Submit to JAP-IT office by the bidders for visiting of Jharkhand State Data Centre.
- The Bidders must submit the "JHSDC Site Visit Request Form" at least one day prior to proposed date (within Site Visit Schedule) of site visit at JAP-IT office in hardcopy format along with the tender fee and copy of all the relevant document mentioned in the JHSDC Site visit request form.
- Other dates and terms and conditions remain same.

**PR Ref No. 289890**
**CEO, JAP-IT**

PR291061 (Information Technology)22-23*D



## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 39/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 01/03/2023 एवं 02/03/2023(अपराह्न 2.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 03/03/2023. को (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03/03/2023 को अपराह्न 2.00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– DMFT मद

**कार्य की विवरणी**

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विशुनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम रेहेटोली पंचायत विशुनपुर में करंज प्रोसेसिंग यूनिट हेतु चयनित FCI गोदाम भवन का मरम्मति कार्य। | विशुनपुर | 382900.00 | 750.00 | 7700.00 | 3 माह |
| 2 | Boundary Wall Painting Work, At -1. Police Station Gumla Boundary Wall and Ganpat Rai Statue Thana Chowk Gumla, 2. Gumla Jaspur Road to DSP Residence and DDC Residence to District Judge Residence Boundary Wall 3. Front of S.P Residence Boundary Wall. | गुमला | 243300.00 | 500.00 | 4900.00 | 1 माह |

1. भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय जिला परिषद, गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में **सचिव, जिला परिषद, गुमला** के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. भवन कार्य से संबंधित गत वर्ष निविदा के प्राक्कलन राशि का 80% का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री के साथ 2% अग्रधन की राशि का देना आवश्यक होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
8. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला

PR 291068 Rural Development(22-23).D



## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची (जिला मध्याह्न भोजन योजना कोषांग)
राँची समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए, प्रथम तल, कमरा संख्या–109,113,114
Email: ranchimdmcell@gmail.com

**–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् राँची जिला प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत स्कूल–स्टेप–डिलीवरी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए राँची जिला के सभी प्रखण्ड में अवस्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम से सभी संबंधित प्रखण्ड के विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल) पहुँचाने हेतु सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम 42.50 (बियालिस रुपये पचास पैसे) प्रति क्विंटल की दर सीमा अंतर्गत, जो वर्ष 2023–24 तक के लिए मान्य होगा, के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

खाद्यान्न (चावल) के परिवहन–सह–हथालन कार्य करने हेतु राँची जिला के सभी प्रखण्डों/जोन के विद्यालयों के लिए दिनांक 15.03.2023 को 05:00 बजे अपराह्न तक विहित प्रपत्र में सशर्त खुली निविदा आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 16.03.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोला जायेगा।

निविदा की अन्य शर्त https://ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,राँची

ह0/–
उपायुक्त, राँची

PR 291026 (School Education and Literacy)22-23*D



## Government of Jharkhand
## Department of Rural Development
## FFP Building, Dhurwa, Ranchi –834004

**Notice for Corrigendum**

**Invitation of Bid for setup of Call Centre for Rural Development Department Government of Jharkhand.**

Tender Ref. No.:- 01-stha (Comp)- 09/2022/…………, Dated ………………

| S no. | Clauses/ Section/Page no. | Old Clauses | Revised Clauses |
|---|---|---|---|
| 1. | Notice for Inviting Tender. Section- 7 | • Pre-Bid conference date was 28.02.2023. | • Pre-Bid conference date is 27.02.2023 |
| 2 | Notice for Inviting Tender. Section- 8 | • Last date of submission of tender was 22.02.2023 | • Last date of submission of tender is 10.03.2023 |
| 3 | Notice for Inviting Tender. Section- 9 | • Technical bid opening date was 06.03.2023 | • New Technical bid opening date is 14.03.2023 |

Note: The tender of Bid for Call Centre Setup which was published against PR No. 289169 dated: 03/02/2023 was changed as per the request submitted by different bidders. The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.

Detailed tender document can be seen on website rdd.jharkhand.gov.in.

(Arun Kumar Sinha),
Under Secretary to the Government,
Department of Rural Development, Government of Jharkhand.

PR 291029 Rural Development(22-23)#D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ………… दिनांक …………

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 03/2022–23**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत Urban Health and Wellness Center (UHWC) हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 04.03.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 20,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु सामग्री निम्नवत् है :–

| SL.No. | Basic Equipment & Furniture for HWC | SL.No. | Basic Equipment & Furniture for HWC |
|---|---|---|---|
| 1 | Desktop Computer All in one 20 - 24' Inc. – Intel Core i5 11th Generation onwards RAM- 8 GB, Hard Drive 1TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS Office – 1 PC | 27 | Invertor with Battery (1000 VA+ 180 AH Battery) |
| 2 | Color Printer with scanner (HP/Canon/EPSON) | 28 | Fire Extinguisher |
| 3 | Office Table (Size -5x3) | 29 | Ambu Bag |
| 4 | Doctor Chair Revolving | 30 | I/V Stand |
| 5 | Office chair visiter (Steel with Leather Seat) | 31 | Tongue Depression |
| 6 | Almirah – 4 or 5 Rack (Branded) | 32 | Mouth Gag |
| 7 | Iron Rack for Medicine | 33 | Ceiling Fan (Bajaj/Havels/Vguard) |
| 8 | Patient Examination Table | 34 | Dust Bin 50 Ltr. |
| 9 | Pulse Oxymeter | 35 | Color Coded Bin |
| 10 | Gluco meter | 36 | Sharp Container |
| 11 | Hemoglobin meter digital | 37 | Towel |
| 12 | Stethoscope | 38 | Suction Machine |
| 13 | B.P. Machine digital | 39 | Foot Step |
| 14 | Weight Machine digital | 40 | Nebulizer |
| 15 | Height meter | 41 | Tourch |
| 16 | Thermometer Digital | 42 | Phool Jhadoo |
| 17 | Wall Clock | 43 | Mop |
| 18 | Door Mat | 44 | Sik Jhadoo |
| 19 | Lock (Link) | 45 | Jhol Jhadan |
| 20 | Register Large | 46 | A4 Paper |
| 21 | Register Medium | 47 | Pen |
| 22 | Bed Side Screen guard with curtain | 48 | Bucket (20 – 25 Ltr.) |
| 23 | Emergency Durg Tray | 49 | Mug |
| 24 | Nebulizer Machine | 50 | Bulb 15 WT |
| 25 | Patient waiting 3 seater Chair | 51 | Baby Weight Machine Digital |
| 26 | Patient Stool (Steel) | | |

नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 291036 District(22-23)#D


## झारखंड हाइकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से पूछा

# कितने साइबर अपराधियों की हुई है गिरफ्तारी, कितनों की संपत्ति जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज राय की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) को प्रतिवादी बनाते हुए उसे प्रति शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रार्थी के हस्तक्षेप याचिका (आईए) के आलोक में ईडी से भी पूछा है वह बताएं कि देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटनाओं में कितने साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई और कितने साइबर अपराधियों की प्रॉपर्टी सीज की गई है।



इस पर कोर्ट ने ईडी को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। इससे पहले प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि झारखंड के देवघर, जामताड़ा और साहिबगंज में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इनके द्वारा बड़े पैमाने पर झारखंड से साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराधी झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस का साइबर सेल है लेकिन यह खास एक्टिव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है, इन पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

## चारा घोटाला : लालू प्रसाद सहित 6 की सजा बढ़ाये जाने के मामले में सुनवाई 4 सप्ताह बाद

**रांची।** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद निर्धारित की है।

बता दें कि इस मामले में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति ने पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया था कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम 7 साल की सजा मिलनी चाहिए।

## ढुल्लू महतो को बेल के लिए करना होगा इंतजार, हाइकोर्ट ने मांगी केस डायरी

**रांची।** भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। अब अदालत ढुल्लू महतो की बेल पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में ढुल्लू महतो की जामनत अर्जी पर सुनवाई हुई। ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अजय शाह ने अदालत में पक्ष रखा। वही राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार(जीए–3) ने पक्ष रखा।

**केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी**

बता दें कि ढुल्लू महतो के विरुद्ध धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट समेत कई धाराएं लगायी गयी है। धनबाद जिला अदालत ने इस केस में ढुल्लू महतो को बेल देने से इंकार कर दिया है जिसके बाद उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट के दरवाजा खटखटाया है।

## पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर 28 को होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 1000 करोड़ रुपए के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया। इससे पूर्व 3 फरवरी को भी कोर्ट ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था उनकी ओर से गुरुवार को जवाब दाखिल किया गया। मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

पंकज मिश्रा की ओर से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की गुहार लगाई गई है। मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। बता दें कि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने पूर्व में ही खारिज कर दी थी। ईडी ने पंकज मिश्रा समेत तीन के खिलाफ 1000 करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में चार्जशीट दाखिल कर दिया है। ईडी ने साहेबगंज में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया था। ईडी की टीम ने 36 करोड़ से अधिक रुपये को इस मामले में सीज किया था।

# विभाग में सैकड़ों इंजीनियर, कौन क्या करता हम नहीं जानते : आलमगीर आलम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में ईडी के हत्थे चढ़े ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता बिरेंद्र राम को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। इसी आरोप-प्रत्यारोप के दौर में कांग्रेस विधायक दल के नेता सह राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का वह पत्र भी चर्चा में आ गया है जिसमें उन्होंने डीजीपी को पत्र लिखकर ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता बिरेन्द्र राम को सुरक्ष गार्ड देने की बात कही थी।



ज्ञात हो कि ईडी द्वारा रिमांड पर लिए गये मुख्य अभियंता मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि जब से महागठबंधन की सरकार बनीं है, तब से भाजपा के निशाने पर हैं। मंत्री ने कहा कि आज जिस मामले में ईडी जांच कर रही है, वह साल 2019 में बिरेन्द्र राम के खिलाफ एसीबी में दर्ज मामले की कड़ी है। साल 2019 में महागठबंधन की नहीं, बल्कि भाजपा की सरकार थी। वर्तमान में मुख्य अभियंता के खिलाफ ईडी की जांच में वे दोषी पाए गये है। ईडी ने विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए विशेष पूछताछ के लिए न्यायालय के आदेश पर उन्हे पांच दिनों के लिए रिमांड पर लिया है। मंत्री ने कहा है कि सुरक्षा गार्ड के लिए पत्र लिखना कोई गुनाह नहीं है। पत्र लिखने से कोई दोषी नहीं हो जाता। इस मामले में मेरा कोई लेना देना नहीं है। वर्ष 2019 में भी एसीबी ने इस अभियंता के पास से ढाई करोड़ रुपये बरामद किया था। मंत्री ने कहा है कि हमारे विभाग में सैकड़ों इंजीनियर कार्यरत हैं। कौन क्या करता है, वह हम नहीं जानते हैं। हमें सिर्फ योजनाओं के क्रियान्वयन से मतबल है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के टारगेट पर हम है। इसलिए मेरा नाम जोड़ दिया जाता है। लेकिन सही बात अंत मे सामने आ ही जायेगा।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि रामगढ़ में एनडीए की ओर से आजसू उम्मीदवार की हार और महागठबंधन की ओर से कांग्रेस उम्मीदवार बजरंग महतो की जीत तय है। उन्होंने कहा कि 2 मार्च को नतीजा सबके सामने होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 25, 26 और 27 फरवरी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का अधिवेशन होना है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए अधिवेशन में शामिल नहीं होंगे।

## एनआइए ने नक्सलियों से पूछा, विस्फोटक किसने दिया था

## 15 व 10 लाख के इनामी वाले नक्सली हैं रिमांड पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनआइए ने 15 लाख के इनामी नक्सली अमन गंझू और 10 लाख के इनामी मुनेश्वर गंझू उर्फ मुंशी को रिमांड पर लिया है। एनआइए ने पूछताछ के क्रम में पूछा है कि आखिर लुकैया मोड़ में घटना को अंजाम देने के लिए हथियार और विस्फोटक किसने उपलब्ध कराया था।

**एनआइए ने दोनों नक्सलियों को 25 फरवरी तक रिमांड पर लिया है।**

गौरतलब हो कि बिहार के औरंगाबाद जिले के कदिबरा क्षेत्र के भूपनगर निवासी अमन गंझू 28 दिसंबर 2022 को पुलिस के सामने सरेंडर किया था। वहीं लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के मदमा निवासी मुंनेश्वर गंझू को 22 दिसंबर को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लातेहार के चंदवा में लुकैया मोड़ पर नवंबर 2019 की रात पुलिस गश्ती दल पर हमला कर एक एएसआई और होमगार्ड के तीन जवानों की हत्या के बाद हथियार लूटकर फरारी मामले में एनआईए ने रिमांड पर लिया है। अमन गंझू माओवादियों का रिजनल कमेटी सदस्य था। अमन गंझू पर एनआईए ने भी चार लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। अमन गंझू और जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझू को 25 फरवरी तक के लिए रिमांड पर लिया गया है। एनआइए की टीम दोनों नक्सली से पुलिस गश्ती दल पर हमला में शामिल नक्सली और साजिशकताओं से संबंधित जानकारी हासिल करने में जुटी है। इस मामले मे एनआईए ने 24 जून 2020 में केस दर्ज किया था।

## खबर एक नजर में

### झारखंड हाइकोर्ट में 6 और 7 मार्च को रहेगा अवकाश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में 6 और 7 मार्च को अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 6 और 7 मार्च को होने वाले अवकाश के बदले में 19 अगस्त और 16 सितंबर को हाईकोर्ट का कार्य दिवस रहेगा। दोनों शनिवार का दिन है और क्रमशः उक्त महीने का तीसरा शनिवार है। हालांकि जारी अधिसूचना में 6 और 7 मार्च को किन कारणों से हाईकोर्ट में अवकाश रहेगा, इसके विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### बजट सत्र को लेकर स्पीकर करेंगे आज हाई लेवल मीटिंग

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में हाइलेबल मीटिंग करेंगे। इसमें मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत तमाम अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसमें बजट सत्र के संचालन के लिये विचार-विमर्श किया जायेगा। यह बैठक अपराह्न साढ़े 12 बजे से आहूत किया जा रहा है। इसके बाद बजे से विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। इसके अलावा स्पीकर विधानसभा की प्रेस सलाहकार समिति के साथ अपरा ढाई बजे से बैठक होगी।

### 24 मार्च को होने वाली मैट्रिक-इंटर की परीक्षा तिथि में होगा बदलाव : शिक्षा मंत्री

**रांची।** सत्र 2022-23 में जैक बोर्ड से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी खबर है। 24 मार्च को होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की तिथि में बदलाव होने वाला है। यह जानकारी सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जैक के सचिव महीप कुमार सिंह से बात करने के बाद दी है। दरअसल यह पूरा मामला राज्य सरकार के कैलेंडर में सरहुल की तारीख की गलत जानकारी दिये जाने के बाद हुई। हुआ यह कि झारखंड सरकार के कैलेण्डर में इस साल मनायी जाने वाली सरहुल महापर्व की तारीख 23 अप्रैल छप गयी है। जब परीक्षा की तारीखों की घोषणा होने लगी तो इसी कैलेण्डर को आधार बनाकर पूरा शेड्यूल निकाला गया। अब यह जानकारी आ रही है कि सरहुल महापर्व इस साल 24 मार्च को है। जैक के परीक्षा प्रोग्राम में 24 मार्च को मैट्रिक के गणित और इंटर की परीक्षा की तिथि घोषित है। अब इस तारीख को परीक्षा ना होकर अगली घोषित तारीख को परीक्षा होगा।

### पर्यावरण के प्रति हमारी उपेक्षा हो रही खतरनाक : सरयू राय



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि पर्यावरण मेला से लोगों में जागरूकता फैल रही है। यह आयोजन मोराबादी मैदान में किया गया है। राय गुरूवार को कहा कि पर्यावरण के प्रति हमारी उपेक्षा खतरनाक साबित हो रही है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण क्लाइमेंट चेंज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पर्यावरण के बारे में जानने-समझने का मौका मिल रहा है। प्रदूषण के कुप्रभाव, जंगलों के कटाव के कारण होने वाली पर्यावरणीय असंतुलन के प्रति अधिक चिंता करने की जरूरत है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता को सफल बनाने में ज्योति प्रकाश, आशीष मुंडा, अंशुल शरण, मनोज सिंह, शिवानी लता ने सक्रिय भूमिका रही।

# सीसीएल में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इन माइंस पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची में खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं सीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में ईलेक्ट्रीकल सेफ्टी इन माईन्स पर दो दिवसीय (22 एवं 23 फरवरी, 2023) कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शटडाउन प्रोसेज्योटर एंड इम्पलीमेंटेशन ऑफ लोटो फॉर इलेक्ट्रीशियन एंड इलेक्ट्री कल सुपरवाईजर्स पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), बी साईराम एवं डीजीएमएस की ओर से डीडीएमएस (इलेक्ट्रीकल),विनित चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), बी साईराम ने अपने संबोधन में खान सुरक्षा के संदर्भ में कहा कि बदलते परिवेश में नवीनतम तकनीक को अपनाना वर्तमान समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खदान सुरक्षा सर्वोपरि है और सीसीएल सुरक्षा निर्देशों का निरंतर पालन कर रहा है। उन्होंने विस्तार से चर्चा किया।

डीडीएमएस (इलेक्ट्रीकल), विनित चौरसिया ने पावर प्वावइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को अत्यंत सरल एवं रोचक ढंग से विषय वस्तु से संबंधित सावधानियों से अवगत कराया। इससे पूर्व महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) आरके सिन्हा ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि सीसीएल सदैव ही उत्पादन में प्रथम एवं सुरक्षा में सर्वप्रथम के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से ईलेक्ट्रीकल सुपरवाईजर एवं ईलेक्ट्रीशियन से संबंधित प्रतिभागीयों ने इस ज्ञानवर्द्धक सत्र का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रमका आयोजन महाप्रबंधक(सुरक्षा एवं बचाव), राजीव कुमार सिन्हा एवं उनकी टीम, मुख्य प्रबंधक, सेफ्टी, रमेश कुमार की सक्रिय योगदान है।

# रांची नगर निगम को जल्द मिलेगी 244 नयी सिटी बसों की सौगात

## जल्द ही इन बसों को रांची नगर निगम को सौंप दी जायेगी : विनय कुमार चौबे

160 पुरानी सिटी बस हो गयी हैं कबाड़



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची नगर निगम जल्द ही राजधानी की सड़कों पर 244 नयी सिटी बस चलायेगा। इन बसों का संचालन निगम द्वारा किया जाएगा। इसके लिए निगम की ओर से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है, जिसे नगर विकास विभाग को भेज दिया गया है। बसों की खरीदारी को लेकर कुछ प्रक्रियाएं बची हुई हैं। इसके बाद रूट और किराया तय किया जाएगा। जाम की समस्या का निदान करने और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए निगम ने रांची और आसपास के क्षेत्रों में सिटी बस चलाने की अनुमति दी गयी है। इस सिलसिले में नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने बताया कि बसों की खरीदारी के लिए प्राधिकृत समिति से अप्रूवल मिल चुका है। जल्द ही इन बसों को रांची नगर निगम को सौंप दी जाएगी।

**अधिक सिटी बसों का परिचालन होगा**

मेयर डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि निजी बसों और ऑटो में मनमाने किराए को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। प्राइवेट बसों और ऑटो वाले तय किराये से ज्यादा वसूल रहे हैं। इसके खिलाफ निगम द्वारा कई बार अभियान चलाया जा चुका है। इसलिए लोगों की परेशानी दूर करने के लिए निगम रांची शहर में अधिक से अधिक सिटी बसों का परिचालन करना चाहता है।

**200 पुरानी बसों में से 160 हो गयी हैं कबाड़**

बताते चलें कि रांची नगर निगम द्वारा 2009 में ही 200 बसों की खरीदारी की गई थी। इस पर 1500 करोड़ रुपये खर्च आया था। अब इन 200 बसों में से 160 बसें कबाड़ हो चुकी हैं। ये बसें बकरी बाजार स्थित नगर निगम परिसर में सड़ रही हैं।

# रांची नगर निगम में नयी व्यवस्था दोपहर 1 बजे तक ही कट रहा टोकन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची नगर निगम में टोकन मैनेजमेंट सिस्टम की शुरूआत लोगों को परेशानी से बचाने के लिए की गई थी। लेकिन तीन महीने में ही इसकी पोल खुल गई। टोकन मैनेजमेंट सिस्टम की वजह से अब लोगों के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। चूंकि रांची नगर निगम ने एक नोटिस जारी किया है, जिसके तहत 1 बजे तक ही टोकन जेनरेट किया जा रहा है। इसके बाद लोगों को टोकन के लिए अगले दिन आने को कहा जा रहा है, ताकि काम कराने के लिए निगम में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं उन्हें नगर निगम के दोबारा चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बताते चलें कि रांची नगर निगम में टोकन मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है, जिसके तहत टोकन लेकर लोग अपने नगर निगम के काम करा सकते हैं।

### किस काम के लिए कौन सा टोकन

एस 1- सॉलिड वेस्ट यूजर चार्ज, एस 2- डेथ और बर्थ रजिस्ट्रेशन, एस 3- डे एनयूएलएम (डे नेशनल अरबन लाइवलीहुड मिशन), एस 4- जेनरल सेक्शन (लेटर रिसीविंग), एस 5- वाटर टैंकर बुकिंग, एस 6- होल्डिंग टैक्स, म्यूनिसिपल लाइसेंस, वाटर यूजर चार्ज, एस 7- कैश काउंटर

**12 दिसंबर को हुई थी शुरूआतः** रांची नगर निगम में टोकन मैनेजमेंट सिस्टम की शुरूआत 12 दिसंबर को हुई थी, ताकि आम नागरिकों को बर्थ सर्टिफिकेट, डेथ सर्टिफिकेट, होल्डिंग टैक्स, वाटर टैक्स जैसे विभिन्न कामों के लिए लंबी कतार में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही कहा गया कि लोगों को घंटों लाइन में लगने का झंझट नहीं रहेगा। संबंधित काउंटर के लिए अनाउंसमेंट और डिस्प्ले पर उनका नाम आने लगेगा. लेकिन तीन महीने में ही इस सिस्टम से परेशानी होने लगी। अब टोकन के लिए भी लिमिट निर्धारित कर दिया गया है।

**हर काम के लिए अलग अलग टोकन :** नगर निगम में हर काम के लिए अलग-अलग टोकन है। टोकन सिस्टम के तहत लगाये गये डिवाइस में कुल 8 सेक्शन हैं। हर सेक्शन के लिए एक बटन है। बटन प्रेस करते ही डिवाइस से टोकन निकलता है, जिसमें काउंटर नंबर व टोकन नंबर लिखा होता है।

## रेल रोको आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

झारसुगुड़ा-हटिया-मेमु एक्सप्रेस रद्द,कई बाधित

**रांची।** बामडा रेल क्रियान्वय कमेटी का रेल रोको आंदोलन पिछले तीन दिनों से बामडा रेलवे स्टेशन में चल रहा है। यह स्टेशन ओडिशा के संबलपुर में है। इसकी वजह से बीते दिनों में कई ट्रेनें रद्द हुई हैं। वहीं कई ट्रेनों के रूट में बदलाव भी किया गया। रेल रोको आंदोलन के कारण आज भी झारसुगुड़ा से हटिया के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 18176 और 18175 (झारसुगुड़ा-हटिया-झारसुगुड़ा मेमु एक्सप्रेस) रद्द कर दी गयी है। वहीं ट्रेन संख्या 13351 (धनबाद-आलप्पुल्ला एक्सप्रेस) 23 फरवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय 11:35 बजे की जगह 4 घंटे देर ( 3 बजकर 35 मिनट) धनबाद से प्रस्थान करेगी।

# आठ साल के बच्चे की संदेहास्पद स्थिति में मौत, जांच कर रही है पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम साइड सरना आदर्श कॉलोनी में आठ साल के बच्चे की संदेहास्पद मौत हो गई। नगड़ी थाना पुलिस ने रिम्स में बच्चे का पोस्टमार्टम कराया, फिर शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया में पुलिस आत्महत्या के मामले को लेकर जांच कर रही है, लेकिन रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

प्रभात तारा स्कूल का छात्र था आशीष। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आशीष अपने घर में फांसी के फंदे से लटका था। आशीष के पिता किशन महतो गढ़वा में एक संस्थान में इंस्ट्रक्टर हैं। घटना के वक्त वह घर में मौजूद नहीं थे। नगड़ी पुलिस सूत्रों ने बताया कि आशीष की मौत की सूचना पुलिस को मिली। पूछताछ में पुलिस को बताया कि आशीष की मां सुनीता देवी दोपहर में अपने बच्चे के साथ बगल के ही पार्क में टहलने गई। वह चार साल के छोटे बच्चे को लेकर गई थी। इसी बीच बच्चे को प्यास लग गई। प्यास लगने के बाद बच्चा घर में पानी पीने के लिए गया तो उसने अपने बड़े भाई को फांसी के फंदे पर लटका पाया। घटना 20 फरवरी की बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि जिस तरह से बच्चा हैंगिंग किया है, उससे यह प्रतीत नहीं होता है कि बच्चे ने आत्महत्या की होगी। पुलिस ने बच्चे की हत्या होने की भी आशंका जाहिर की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

## 38वें दिन हड़ताल पर रहे स्वास्थ्य अनुबंधकर्मी, कल होगी वार्ता





**रांची।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मचारी संघ तथा झारखंड एनआरएचएम एएनएम जीएनएम संघ के संयुक्त आवाहन पर राज्य भर के पारा मेडिकल कर्मियों का हड़ताल गुरुवार को 38 वें दिन भी जारी रहा। प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की महासचिव वीणा और मीरा कुमार तथा अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के सचिव नवीन कुमार गुप्ता ने कहा कि अब तक किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो पाया है। 38 दिन होने के बाद भी राज्य के सभी जिलों से लगभग 2000 कर्मचारी गुरुवार को राजभवन के समक्ष धरना में शामिल हुए। आज के दिन भी कर्मचारियों में पहले दिन के जैसा आक्रोश दिखा। आज भी राज्य के सभी सब सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों के वैक्सीनेशन एवं अधिकांश लैब बंद रहे। वहीं शनिवार को सकारात्मक वार्ता नहीं हुआ तो आगे अनवरत आंदोलन किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्याध्यक्ष गोपाल शरण, महासचिव सुदेश कुमार तथा महासंघ के नकी अहमद ने आकर कर्मचारियों का उत्साहबर्द्धन किया।

## मेसरा में पूर्व सीएम का स्वागत

**रांची।** रामगढ़ जाने के क्रम में कांके प्रखंड अंतर्गत मेसरा मंडल क्षेत्र के नेवरी रिंग रोड चौक पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। विदित हो कि रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए जनसभा को संबोधित करने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं बाबूलाल मरांडी रामगढ़ दौरा पर जा रहे थे। रामगढ़ जाने के क्रम में सुबह करीब 11 बजे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं रघुवर दास का काफिला नेवरी रिंग रोड चौक पर पहुंचने पर कमलेश राम के नेतृत्व में स्वागत किया। मौके पर भाजपा नेता महेश नारायण महतो, राजा महतो के महानंद महतो, सन्नो भारती, अजय महतो, लीलावती महतो, अरविंद साहू,सोनू, सुमित आशु बाल्मीकि समेत अन्य उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### प्रिंस को मिला थाईलैंड में अवार्ड





**रांची।** 21 फरवरी 2023 को रांची के एकता ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रिंस राज श्रीवास्तव को थाईलैंड में आयोजित एशिया वन के एशियन बिजनेस एंड सोशल फोरम अवार्ड से सम्मानित किया गया, पनामा के एंबेसडर इट्जेल करीना चेन चान एवम केन्या के एंबेसडर किप्टीनेस लिंडसे कीमवुले के हाथो सम्मान प्राप्त हुआ। इन्हे रियल इस्टेट एवम युवा वर्ग को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में 40 वर्ष से कम उम्र वाले प्रभावशाली युवा लीडर्स 2023 के रूप में चुना गया। इस क्षेत्र में यह अवॉर्ड प्राप्त करने वाले झारखण्ड से इकलौते रहें। इन्हे अवॉर्ड मिलने पर रियल एस्टेट से जुड़े लोग, समाज के प्रबुद्ध लोग एवम युवा वर्ग ने शुभकामनाएं दी हैं।

### राजद की महिला प्रदेश अध्यक्ष ने बजरंग महतो के लिए मांगी वोट



**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव के महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में मतदान करने हेतु राष्ट्रीय जनता दल के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने अपने कार्यकताओं के साथ रामगढ़ नगर पंचायत का दौरा किया। वहां, बजरंग महतो के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से आग्रह किया। साथ ही चितरपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बजरंग महतो के पक्ष में अपना मत देखकर भारी मतों से विजई बनाने के लिए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की। चितरपुर जनसभा में झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा उन्होंने भी रामगढ़ की जनता से बजरंग महतो को भारी मतों से जिताने की अपील की। चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी के साथ कमला देवी, उर्मिला देवी, रेखा देवी, गौरी देवी, मंजू कुमारी और सविता कुमारी इत्यादि महिलाओं ने भाग लिया।

### केंद्रीय बजट के विरोध में माकपा 28 फरवरी तक चलायेगी विरोध अभियान

**रांची।** सीपीआइएम केंद्रीय बजट 2023-24 के विरोध में 28 फरवरी तक अपना अभियान लगातार चलाती रहेगी। पार्टी की मानें तो केंद्रीय कमेटी की ओर से देशव्यापी विरोध अभियान आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि भाजपा सरकार के 2023 -24 के बजट ने आम लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दी है। एक ओर चावल, आंटा समेत सभी जरूरी चीजों के दाम बढते जा रहें है। दूसरी ओर इस बजट में जनता को सीधे फायदा पहुंचाने वाले सभी कार्यक्रम और योजना के खर्च में कटौती कर दी गयी है। उन्होंने कहा है कि देश में भयावह रूप से बढ़ रही बेरोजगारी पर नियंत्रण पाने के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि प्रधानमंत्री अपने भाषणों में बोलते रहें हैं कि हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार दिए जायेंगे और केन्द्र सरकार के खाली 10 लाख पदों पर तुरंत बहाली की जाएगी। लेकिन प्रधानमंत्री का यह दावा खोखला साबित हुआ है। क्योंकि इस बजट में बेरोजगारों को थोड़ी सी राहत देने वाली योजनाओं के फंडिंग मे ही कटौती कर दी गई है।

### सरहुल को गलत तारीख को अधिसूचित करने वाले अधिकारियों पर हो कार्रवाई : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने महापर्व सरहुल के दिन आयोजित हो रही मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं को स्थगित करने के विषय पर जवाबदेही तय करने की बात कही है। इसके बाद गुरूवार को शिक्षा मंत्री के द्वारा 24 मार्च की परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन की घोषणा करने के बाद प्रतुल ने ट्वीट कर कहा कि अंततः राज्य सरकार ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार खुद को आदिवासी मूलवासी के हितैषी होने की बात कहती है। फिर, वह इन समुदायों के सबसे बड़े महापर्व सरहुल की तिथि को कैसे गलत तरीके से अधिसूचित की। उन्होंने कहा कि बड़ा प्रश्न यह है की कार्मिक विभाग ने झारखण्ड के महापर्व सरहुल की छुप्ती को भी गलत तरीके से 23 अप्रैल को अधिसूचित किया है। जबकि सरहुल महापर्व 24 मार्च को है।

## चैंबर सदस्य चलायेंगे आपके द्वार कार्यक्रम, एमएसएमई देंगे जानकारी





**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के स्टील एंड फेब्रिकेशन उप समिति की बैठक चेयरमैन अनीश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें स्टील एंड फेब्रिकेशन इंडस्ट्रीज से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा हुई। भारत सरकार के एमएसएमई विभाग की तरफ से चलायी जानेवाली स्कीमों को हर व्यापारी तक सुगम बनाने को लेकर चर्चा हुई। वहीं सरकार द्वारा दी जाने वाली कई सब्सिडियों पर भी विशेष चर्चा हुई।

स्टील एवं फेब्रिकेशन उपसमिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए व्यापारियों के लिए चैम्बर आपके द्वार शुरू करने का निर्णय लिया। जहां उपसमिति के सदस्य पूरे झारखंड के उद्योग क्षेत्र में घूमते हुए व्यापारियों से मिलेंगे। उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे। साथ ही नये सदस्यों को झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की सदस्यता ग्रहण करायेंगे। इसकी शुरूआत फिलहाल नामकुम, कोकर और इंडस्ट्रियल एरिया से किया जायेगा। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, प्रवक्ता ज्योति कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं उपभोक्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम के उपभोक्ता अब खुद से स्मार्ट मीटर के लिये अप्लाई कर सकते है। निगम के आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गयी है। निगम ने इसके लिये दिशा-निर्देश भी जारी कर रखा है। अब तक जेबीवीएनएल की चयनित एजेंसी खुद से क्षेत्र चयनित कर मीटर रिप्लेस कर रही थी। लेकिन नयी व्यवस्था के तहत लोग खुद से मीटर के लिये आवेदन कर सकते है। वेबसाइट में इसके लिये पूरी प्रक्रिया दी गयी है, जहां निगम के अधिकारिक वेबसाइट में जाते ही लोगों को अप्लाई फॉर स्मार्ट मीटर ऑप्शन है या लोग कंज्यूमर या सिटिजन कॉर्नर में जाकर भी स्मार्ट मीटर के लिये आवेदन कर सकते है। यहां स्मार्ट मीटर रिक्वेसट पर क्लिक कर लोग आवेदन कर सकते है। मालूम हो कि एजेंसी जीनस सेक्योर की ओर से राजधानी में स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जा रहा है।

### डीवीसी का नया बिजली टैरिफ जारी

**रांची।** डीवीसी का नया टैरिफ जारी हो गया है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने डीवीसी के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 का टैरिफ ऑर्डर जारी कर दिया है। नया टैरिफ एक फरवरी 2023 से प्रभावी माना जायेगा। डोमेस्टिक एचटी, एलटी, कॉमर्शियल एलटीआइएस के टैरिफ में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। केवल एचटी सर्विस और एचटी इंस्टीट्यूशनल सर्विस का टैरिफ बढ़ाया गया है। एचटी सर्विस 3.75 रुपये प्रति केवीएएच को बढ़ाकर 3.95 रुपये प्रति केवीएएच किया गया है। मासिक फिक्स्ड चार्ज 350 रुपये प्रति केवीए को बढ़ाकर 400 रुपये प्रति केवीए किया गया है। वहीं एचटी इंस्टीट्यूशनल सर्विस को भी 3.40 प्रति केवीएएच से बढ़ाकर 3.60 रुपये प्रति केवीएएच किया गया है। जबकि मासिक फिक्स्ड चार्ज 350 रुपये प्रति केवीए से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति केवीए किया गया है। बाकी अन्य श्रेणियां पूर्ववत ही हैं।

**मार्च तक राजधानी में एक लाख मीटर लगेंगे**

निगम मुख्यालय के आदेश पर राजधानी रांची में मार्च तक एक लाख स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जायेगा। एजेंसी जीनस सेक्योर की ओर से इस पर काम किया जा रहा है। जिन इलाकों में सर्वे पूरा हो गया है,वहां स्मार्ट मीटर लगाने में तेजी लायी जाये। यहा मार्च तक एक लाख स्मार्ट मीटर अपर बाजार, कोकर, हरमू आदि इलाकों में लगाने का आदेश दिया गया है। साथ ही हर दिन लगभग 450 स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन किया जा रहा है। बताते चलें कि फरवरी के शुरूआती दिनों से अपर बाजार समेत अन्य इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाये गये, जिसमें रांची सेंट्रल, कोकर और रांची न्यू कैपिटल क्षेत्र शामिल हैं।

**अपर बाजार में 14 हजार मीटर रिप्लेस**

जेबीवीएनएल की मानें तो सिर्फ अपर बाजार में लगभग 14 हजार स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत अपर बाजार इलाके में लगभग एक हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये, जिसके बाद निगम ने इन इलाकों के सैंपल को सही पाया। इसके बाद अन्य मीटर लगाये गये. हालांकि निगम मुख्यालय ने इस साल तक रांची जिला में स्मार्ट मीटर कार्य पूरा करने का आदेश एजेंसी को दिया है। इसके तहत रांची जिला में लगभग साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर रिप्लेस किये जाने है। वहीं, नये मीटर कनेक्शन वालों को भी स्मार्ट मीटर दिया जाना है।

# 14 करोड़ की कांची पुल ढहने के मामले में भी वीरेंद्र ने की थी लीपापोती!

## वीरेंद्र राम के कार्यकाल में 10 पुल-पुलिया हुई थी क्षतिग्रस्त, एसीबी की जांच के बाद भी बच गये थे

**कुबेर सिंह**



**रांची।** 100 करोड़ के चल- अचल संपत्ति के मालिक ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की कारस्तानी अब खुलकर सामने आ रही है। वीरेंद्र राम ने अपने कार्यकाल के दौरान तमाड़ में 14 करोड़ की लागत से बने कांची पुल ढहने के मामले में भी लीपापोती की थी। पुल निर्माण के बाद राज्य सरकार को इसका उद्घाटन करना था, लेकिन उद्घाटन से पहले ही पुल ढह गया। पुल मई, 2021 में धंसा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया था। उस वक्त हेमंत सोरेन ने साफ-साफ कहा था कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम के आदेश के बाद स्थिति यह थी कि कई माह एक पुल धंसने के कारणों की जांच शुरू नहीं हो सकी। सिर्फ एक सदस्य स्थल पर जाने की जहमत उठायी, लेकिन जांच पूरी नहीं हुई। जब सीएम का प्रेशर अधिक बढ़ने लगा तो ग्रामीण विभाग के एक इंजीनियर जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जांच हुई। जांच के बाद रिपोर्ट ग्रामीण विकास विभाग को सौंप दिया, लेकिन रिपोर्ट सीएम सचिवालय तक नहीं पहुंची। सूत्रों की मानें तो वीरेंद्र राम के कार्यकाल में राज्य के लगभग दस पुल- पुलिया धंस गए थे।

**टेंडर निपटारे के खेल में खिलाड़ियों के खिलाड़ी रहे वीरेंद्र राम**

ग्रामीण विकास विभाग के सूत्र बताते हैं कि टेंडर निपटाने में वह माहिर रहे। हर साल अरबों के पुल-पुलिया बनते हैं, ठेका किसको देना है, कैसे मैनेज करना है वीरेंद्र इसे बखूबी समझते थे। अधीक्षण अभियंता स्तर के इंजीनियर होने के बाद भी उन्हें मुख्य अभियंता बना कर रखा गया। डेढ़ साल पहले कांची नदी में बामलाडीह पुल धंस गया था। इसकी जांच बीरेंद्र राम के जिम्मे थी। उन्होंने मामले को दबा कर रखा. |जांच तो हुई, लेकिन रिपोर्ट सीएम स्तर तक नहीं पहुंची। कांची नदी के हराडीह-बूढ़ाडीह पुल धंसने की जांच पूरी हुई और कार्रवाई के लिए बीरेंद्र राम से इंजीनियरों के नाम मांगे गये, पर आज तक किसी का नाम नहीं दिया।

**दोषी अभियंता-ठेकेदार पर नहीं हुई कार्रवाई**

ग्रामीण कार्य विभाग ने पुल धंसने के कारणों की जांच के साथ-साथ दोषी अभियंताओं व ठेकेदार को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की अनुशंसा करने का निर्देश दिया था। क्वालिटी की जांच भी करनी थी। पुल निर्माण के समय कौन-कौन अभियंता थे इन्हें भी चिन्हित नहीं किया गया।

**घटिया सामग्री प्रयोग करने का लगा था आरोप**

रांची के तमाड़ प्रखंड के हेट-बूढ़ाडीह से हराडीह-नवाडीह प्राचीन महामयी मंदिर को जोड़ने वाला पुल 14 करोड़ की लागत से बना था। चार साल पहले ही इसका निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के जरिये कराया गया था लेकिन यास तूफान की वजह से कांची नदी में अचानक पानी आ जाने से यह पुल धंस गया। पुल का पीलर तो टूटा ही दो जगह स्लैब भी गिर गया। आसपास के ग्रामीणों ने पुल निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप लगाया. घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग को पुल धंसने का कारण बताया था।

**क्यों रडार में नहीं आया वीरेंद्र राम**

सुरेश वर्मा जेल चले गये और जांच की दिशा मुड़ गयी वीरेंद्र राम की तरफ। इस मा्मले में हुआ क्या एसीबी ने इस मामले में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर पीई दर्ज करने की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी थी। लेकिन इजाजत नहीं मिल पाने की वजह से वीरेंद्र राम के खिलाफ एसीबी पीई दर्ज नहीं कर पायी।

**एसीबी की जांच के बाद भी बच गये थे वीरेंद्र**

वीरेंद्र राम की काबिलियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरकार चाहे किसी की भी रही हो वीरेंद्र राम अपनी जगह बनाने में सफल रहा। झारखंड गठन के 22 सालों में साढ़े आठ साल वीरेंद्र राम ही मुख्य अभियंता बने रहे। जल संसाधन विभाग के इंजीनियर वीरेंद्र राम की दखल ग्रामीण कार्य विभाग में खूब रही।

### भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बाबूलाल मरांडी सख्त

**कहाः इंजीनियर बीरेंद्र राम को सीएम करें बर्खास्त**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने इंजीनियर बीरेंद्र राम पर एफआईआर करने और नौकरी से तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई नहीं की तो वे कहीं मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेंगे। उन्होंने ट्विट कर कहा कि खबरों के मुताबिक धनकुबेर इंजीनियर वीरेंद्र राम के यहां ईडी के छापे के दौरान उनकी पत्नी ने ईडी पदाधिकारियों को अपने डायनिंग टेबल में यह कहकर खाना खाने नहीं दिया कि टेबल गंदा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यह इंजीनियर 35,000 रुपये की शर्ट पहनता था और उसे धुलवाने की मोल लेने के बजाये उसी कीमत की दूसरी शर्ट खरीद लेता था। इडी इस सब की कीमत का भी हिसाब-किताब करवाये। उन्होंने कहा कि ऐसे महाभ्रष्ट कुछ सामंती लोगों के चलते हमारा दलित समाज बदनाम होता है। ताज्जुब है कि ऐसे डकैतों के फेंके चंद टुकड़े पर हमारे कुछ नेता और अफसर कदमताल करते हैं और बदनाम पूरी बिरादरी होती है। इधर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर कहा है कि झारखंड लूट के आरोपी यहां के कथित रूप से राजनेता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी-मूलवासी की बात करते हैं। लेकिन झारखंड को लुटवाने के लिए बाहरियों को लेकर आये। इंजीनियर बीरेंद्र राम, सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, पूजा सिंघल, सुमन कुमार और अमित अग्रवाल 1932 के खतियानी नहीं हैं, उन्हें संरक्षण देकर झारखंड को लूटाया गया है।

## आशियाना का सपना दिखाकर कर ठगे 44 लाख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना एरिया में आशियाना का सब्जबाग दिखाकर 44 लाख रूपए की ठगी कर ली गई है। बुधवार को सदर थाने में ठगी के आरोपी के खिलाफ खेलगांव निवासी जेम्स नयन टोप्पो ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जबकि आरोपी रौनविल श्रीवास्तव पूर्व में ही ठगी के आरोप में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है। वह ओरमांझी थाना एरिया के चुटू नीमटांड़ का रहनेवाला है।

दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि डॉन बॉस्को कोकर खोरहाटोली में संस्थान के पूर्व प्रिंसिपल फादर नॉवेल जार्ज से रौनविल श्रीवास्तव ने ट्रेनिज प्लेसमेंट के बहाने मेल जोल बढ़ाया। बाद में संस्थान के कर्मचारियों को गृह निर्माण के लिए आर्थिक सपोर्ट देने के बहाने धोखाधड़ी किया। आरोपी टैक्स के रूप में 44 लोगों से एक-एक लाख रूपए भी वसूले। पीड़ितों को गृह निर्माण के साथ लैपटॉप, मोबाइल, टू- व्हीलर एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर पैसे लिए। इस बाबत उसने शेखर सौरभ खलखो बड़ाम को संस्थान में पैस उगाही करने के लिए लगाया। रौनविल श्रीवास्तव ने ठगी का काम वर्ष 2019 में ही किया।

**जेल में बंद है आरोपी**

जब सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच की तो पाया कि आरोपी पूर्व से ही ठगी के आरोप में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

## आज का राशिफल 24-02-2023

**मेष** : शाम से लग्न में चंद्र राहु है। धन का आगमन होगा पर किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है। यात्रा में सावधानी रखें,नुकसान हो सकता है।

**वृष** : गलत जगह खर्च में बृद्धि होगा। विरोधी हार मानेंगे। राजकीय कार्यों में गति आएगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी। निवेशादि लाभ देंगे। संतान की तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** : घर का माहौल थोड़ा खराब होगा। भाई के लिए शाम का समय ठीक है। जल्द बाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें।

**कर्क** : घर परिवार में शुख शांति होगा। भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। पराक्रम से वृद्धि होगी। विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी। निवेशादि से लाभ होगा। कोई बड़ा लाभ का योग है।

**सिंह** : ससुराल से लाभ होगा। भाग्य के बल से कार्य होगा। कोशिश करने से कार्य बनेंगे। परिश्रम से सफलता मिलेगी,किसी वाद विवाद से बचने का प्रयास करें।

**कन्या** : ब्यापार से लाभ का योग है। कोई कार्य या बोलने से पहले सोच समझ लें। खर्च बढ़ सकता है। पराक्रम वृद्धि होगी। निवेश करने के लिए समय सही है। रोजगार प्राप्ति हो सकती है।

**तुला** : जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी।परिवार का सुख सहयोग मिलेगा।निवेशादि से लाभ होगा। रोजगार प्राप्ति हो सकती है। बौद्धिक कार्य सफल होंगे। दूसरों की देखादेखी नहीं करें। पार्टनर से मतभेद होगा।

**वृश्चिक** : संतान के कार्य बनने से मन खुश होगा। अचानक कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे। कोई छोटी यात्रा शुभ होगी। निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा।

**धनु** : शिक्षा में कुछ अड़चन का योग है। कार्य सावधानी से करें। ज्यादा आत्मविश्वास घातक है। व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है।निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें।

**मकर** : किसी से बहस से मन खिन्न होगा। विरोध हो सकता है। रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा। कोई छोटी यात्रा शुभ रहेगी। निवेशादि से लाभ होगा। कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है।

**कुंभ** : राजकीय कार्यो की रुकावटें दूर होंगी। निवेशादि से लाभ होगा। शेयर बाजार से लाभ का योग है। नोकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी।रूके हुए काम बन सकते है। किसी गरीब को भरपेट भोजन दे।

**मीन** : नेत्र रोग से बचे। कुछ क्रोध से भी हानि का योग है। किसी मंदिर में दर्शन पूजन का योग है। अध्यात्म के प्रति खर्च होगा। बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे। निवेशादि लाभ देगें कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा।वाहन का प्रयोग सावधानी से करें।

# अनुशासन से जीवन में आती है स्थिरता, लक्ष्यों की प्राप्ति में होती है सुगमता : डॉ टीके शांडिल्य

## डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल स्टडीज में फ्रेशर कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को साथी बनाएं तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त बातें डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कही।



विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंट स्टडीज विभाग द्वारा आयोजित फ्रेशर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि जब हम किसी संस्थान में दाखिला लेते हैं, तो दो प्रकार की प्राथमिकताएं उनके समक्ष होती है। पहला अध्ययन और दूसरा उसके माध्यम से करियर विकल्पों का चयन। यहां इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए इन विद्यार्थियों को साधन के तौर पर एक और अनिवार्य तत्व की आवश्यकता होती है, वह है, अनुशासन।

उन्होंने कहा कि अनुशासन से जीवन में स्थिरता आती है और हम व्यवस्थित माध्यम से अपने योजनाओं को क्रियान्वित कर सकती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में आलस्य का त्याग सफलता प्राप्ति के एक अनिवार्य कारक के तौर पर अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी आनंद मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके विभाग के नाम की सार्थकता को दशार्ते हुए पर्यावरण संतुलन को आज की आवश्यकता बताते हुए इसके संरक्षण के लिए आगे आने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन इस पर्यावरण में परिवर्तन होता है। हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जेबी पांडेय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्हें अपने जीवन में उत्साह और आत्मबल को लाने की सलाह दी। कार्यक्रम में एनवायरनमेंटल स्टडीज के समन्वयक डॉ सजलेंदु घोष और जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ केएम खान ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर एनवायरनमेंटल स्टडीज के समन्वयक डॉ सजलेंदू घोष, डॉ केएम खान, डॉ देबू मुखर्जी और डॉ अमृता के अलावा अन्य शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# बैंक मैनेजर बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केवाईसी (नो योर कस्टमर) के नाम पर साइबर लोगों को ठग रहे हैं। उकेवाई को अपडेट कराने के लिए लोगों के पास कॉल, एसएमएस और ईमेल आ रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा लोगों को कॉल, एसएमएस और ईमेल के जरिए कहा जा रहा है कि वे केवाईसी करवा लें नहीं तो बैंक खाता बंद हो जाएगा। इस तरह की सूचना सीआइडी के पास आई। सीआइडी की साइबर ब्रांच ने इस मामले में जामताड़ा के रामबाबू मंडल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से पांच मोबाइल भी जब्त किया है। सीआइडी एसपी एस कार्तिक ने बताया कि बीते कुछ समय में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिसमें ग्राहकों को केवाईसी घर बैठे केवाईसी की सुविधा के नाम पर ठग लिया गया। ठग लोगों को बैंक खाता बंद होने का डर दिखाकर डराते हैं और उनकी पर्सनल जानकारियां पा लेते हैं। बैंक खाताधारकों को लगता है कि बैंक की तरफ से कॉल, एसएमएस या ईमेल आया है। वह इन ठगों पर भरोसा कर लेते हैं। ग्राहक साइबर ठगों द्वारा भेजे गए एसएमएस या ईमेल के साथ अटैच लिंक पर क्लिक कर देते हैं। ऐसा करने से साइबर ठग ग्राहक की सारी जानकारी चोरी कर लेते हैं।

### सीआइडी ने की अपील

सीआइडी ने आम लोगों से अपील की है कि साइबर ठग ग्राहकों को क्विक सपोर्ट मोबाइल एप्लीकेश डाउनलोड करने या फिर एप को डाउनलोड करने के लिए भी कहते हैं। इन्हें डाउनलोड करने के बाद आपके लैपटॉप मोबाइल या टैबलेट का एक्सेस साइबर ठगों के पास चला जाता है। यानी किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड मत करें। वह इनके जरिए आपके ओटीपी एसएमएस पढ़ सकता है। अगर कोई पेटीएम केवाईसी वेरिफिकेशन के नाम पर कॉल करता है या एसएमएस भेजता है, तो उस पर भरोसा न करें। कॉल या एसएमएल के जरिए कोई भी वॉलेट कंपनी या बैंक केवाईसी के लिए नहीं कहती।

# डीएवी आलोक में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पुनदाग स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय प्रसाद मुख्य अतिथि थे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में माननीय मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ आलोक कुमार, डॉ राम सिंह, एसके मिश्रा, श्रीमती स्वाति मिश्रा, सत्य प्रकाश, राजकुमार साहू, अभिषेक चौहान, डॉ राजीव कुमार, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद गणेश स्तुति की गयी। विद्यार्थियों ने सामूहिक पंजाबी डांस,असमिया डांस, नागपुरी डांस, एयरोबिक्स इत्यादि की प्रस्तुति दी। साथ ही, हिंदी नाटक व अंग्रेजी नाटक का भी मंचन किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों के स्वर्णिम विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए। इसके बाद प्राचार्य ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थी उच्च शिक्षा के साथ-साथ ऊंचाइयों की बुलंदियों को प्राप्त करते रहेंगे एवं भारत के विश्व गुरु होने का सपना साकार करने में निरंतर प्रयासरत रहेंगे। मौके पर शैक्षिक एवं शिक्षा संबंधी गतिविधियों में प्राप्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# केनरा बैंक ने किया गृह ऋण उत्सव का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केनरा बैंक ने कपिल देव चिल्ड्रेंस पार्क, कडरू में दो दिवसीय गृह ऋण उत्सव का आयोजन किया है। हितेश गोयल, महाप्रबंधक व रांची अंचल प्रमुख ने इसका उद्घाटन गुरुवार को किया। इस कार्यक्रम में प्रधान कार्यालय से आये रांची अंचल के पर्यवेक्षी महाप्रबंधक मनोज कुमार दास भी उपस्थित थे। गृह ऋण उत्सव में बड़ी संख्या में ग्राहक, बिल्डर्स एवं वाहन डीलर्स ने भाग लिया।





कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में 35 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये गये। इसके आयोजन का उद्देश्य बैंक के खुदरा ऋण के उत्पादों के बारे में ग्राहकों को जानकारी प्रदान करना है, ताकि अधिक से अधिक ग्राहक इससे लाभान्वित हो सकें। इसमें बिल्डर्स एवं वाहन डीलर्स ने भी अपने स्टॉल लगाये, जिसके माध्यम से ग्राहकों को सभी जानकारियां उपलब्ध करायी गयीं। हितेश गोयल, महाप्रबंधक ने उपस्थित ग्राहकों से बात कर उनकी आवश्यकता अनुरूप बेहतर सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बिल्डर्स व वाहन डीलर्स से भी विचार-विमर्श किया। आज गृह ऋण उत्सव का आयोजन रांची सहित धनबाद, हजारीबाग, बोकारो एवं जमशेदपुर में भी किया गया।

मौके पर बीडी कुजूर, उप महाप्रबंधक, संजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक, मनोज कुमार, सहायक महाप्रबंधक व कार्यालय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची, मंडल प्रबंधकगण प्रशांत कुमार सिंह, शिव शंकर, सनाउल हक, खुदरा आस्ति केंद्र, रांची के प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह एवं अंचल कार्यालय के अधिकारीगण व स्थानीय शाखा के शाखा प्रमुख उपस्थित थे।

### केनरा बैंक ने किया एमएसएमइ ग्राहक संपर्क का आयोजन

**रांची।** केनरा बैंक ने होटल बीएनआर चाणक्य रांची में बुधवार को एमएसएमइ ग्राहक संपर्क कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसमें 125 से अधिक मौजूदा और संभावित ग्राहकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में रांची अंचल के महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख हितेश गोयल और प्रधान कार्यालय के पर्यवेक्षी महाप्रबंधक मनोज कुमार दास आदि उपस्थित थे। इस आयोजन का उद्देश्य एमएसएमइ क्षेत्र को बढ़ावा देना और बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं और उत्पादों के बारे में ग्राहकों के बीच जागरूकता पैदा करना है। इस आयोजन ने ग्राहकों को बैंक अधिकारियों के साथ बातचीत करने और एमएसएमइ योजनाओं के लाभों को समझने का अवसर प्रदान किया। मनोज कुमार दास ने कहा, हम एमएसएमइ क्षेत्र का समर्थन करने और ग्राहकों को अपनी सर्वोत्तम सेवाएं और उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# रांची के बुंडू में स्कूल के शिक्षक ने छात्र को पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/बुंडू।** बुंडू के एक स्कूल में शिक्षक के द्वारा एक छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। मामला रांची जिला के बुंडू नगर पंचायत अंतर्गत टांगर टोली में स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय टांगर टोली का है जहां बच्चे की एक छोटी सी गलती के कारण शिक्षक ने बच्चे के पीठ पर डंडे बरसा दिये। आरोपी शिक्षक का नाम जगदीश चंद्र महतो है, वह स्कूल में सहायक शिक्षक एवं विद्यालय के प्रभारी भी है।



**बच्चों ने स्कूल जाने से किया मना :** शिक्षक के द्वारा बच्चे की पिटाई के बाद बच्चे भयभीत हो गए हैं। बच्चे अब स्कूल जाने से मना कर रहे है। जब अभिभावक को बच्चे की पिटाई की खबर मिली तो उसने भी शिक्षक से पिटाई का कारण पूछा गया तो शिक्षक के द्वारा अभिभावक को ही खरी- खोटी सुनाई गई। पीड़ित छात्र पांच दिनों से स्कूल नहीं जा रहा है।

**मारपीट से स्कूल में बच्चों की संख्या घटेगी :** विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा ने कहा कि उन्हें इस तरह की घटना की सूचना पूर्व में नहीं मिली है उन्होंने कहा कि अगर इस तरह से मारपीट की जाएगी तो आए दिन विद्यालय में बच्चों की संख्या घटेगी।

**शोकॉज का नोटिस कर की जायेगी कार्रवाई :** बुंडू बीईईओ रहमत अली से बात करने पर उन्होंने कहा कि एनसीटीई के मानक के अनुसार बच्चों की पिटाई करने पर रोक है शिक्षक द्वारा बच्चों की पिटाई कैसे की गई इसका कारण पूछा जाएगा। अगर दोषी पाये जाते हैं तो निश्चित रूप से उन पर कार्रवाई की जायेगी।

# मारवाड़ी कॉलेज में फोटो प्रदर्शनी आज

**रांची।** डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग मारवाड़ी कॉलेज की ओर से 24 को विद्यार्थियों द्वारा खींची गई तस्वीरों की एक एकदिवसीय फोटो प्रदर्शनी, स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम के बाहरी बरामदे में (मारवाड़ी कालेज परिसर) में लगायी जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सुबह 11:30 बजे करेंगे। कोर्स डायरेक्टर डॉ सुशील कुमार अंकन ने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है किया है कि आप सभी उक्त समय पर उपस्थित हो कर विद्यार्थियों को अपने आशीर्वाद दें और फोटोग्राफी करियर में आगे बढ़ने के लिए उनका हौसला अफजाई करें। प्रदर्शनी में लगाई गई तस्वीरों में से आप सभी अपनी अपनी पसंद की 5 तस्वीरों का चयन कर के उन तस्वीरों के नंबर एक फीडबैक फॉर्म (जो वहां उपलब्ध कराया जाएगा ) में भर कर जमा करने की कृपा करेंगे। आपके वोटिंग के आधार पर ही तस्वीरों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# सिर में फंसी गोली निकाल डॉक्टरों ने गर्भवती को बचाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स ने एक जटिल ऑपरेशन कर दो इंसान की जान बचाया। न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर सिर में फंसी गोली को निकाल गर्भवती पुलिस कर्मी की जान बचायी है। गर्भ में पल रहे बच्चा भी सुरक्षित है।



दरअसल रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में एक महिला पुलिसकर्मी इलाजरत थी। उसके सिर में बंदूक की गोली फंसी हुई थी। वह गर्भवती भी थी। सिर में गोली लगने के बाद उसे रिम्स के जेनरल सर्जरी विभाग में एडमिट किया गया था। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे न्यूरोसर्जरी विभाग में डॉ प्रोफेसर अनिल कुमार की यूनिट में भर्ती किया गया था। इसके अगले दिन तकरीबन 5 से 6 घंटे की सर्जरी के बाद सर के अंदर से बुलेट डॉक्टरों ने निकाली। डॉक्टरों के मुताबिक बुलेट सिर की हड्डी को क्षति पहुंचाते हुए ब्रेन के अंदर चली गई थी। जिस वजह से ब्रेन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। डॉक्टरों ने बताया कि यह एक चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन था। ऐसी स्थिति में गर्भ में पल रहे बच्चे तथा मां दोनों को खतरा होता है। ऑपरेशन के बाद महिला और गर्भ में पल रहा बच्चा दोनों बिल्कुल स्वस्थ हैं। उन्हें आज डिस्चार्ज कर दिया गया।

रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डॉ विराट हर्ष, डॉ सौरव बेसरा, डॉ दीपक, डॉ अशोक, डॉ विकास कुमार, डॉ हबीब, डॉ कार्तिक और डॉ दीक्षा ने इस ऑपरेशन को सफल बनाया।

जिस महिला का सफल ऑपरेशन किया गया, वह आईआरबी की जवान थी। उसका नाम परदेशिया तिर्की है। वह मांडर के कोरांबी सकरपदा गांव की रहने वाली है। उसे उसके पति मंगल उरांव ने ही गोली मारी थी। गोली लगने के बाद उसे इलाज के लिए आनन-फानन में रिम्स लाया गया था। जहां सफल ऑपरेशन कर उसकी और गर्भ में पल रहे बच्चे की जान बचा ली गयी। गोली मारने के आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### सीबीएसइ ने किया डीपीएस को मैथमेटिक्स प्रमोशन स्कूल टाइटल से सम्मानित

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का क्षण है, क्योंकि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा डीपीएस रांची को मैथमेटिक्स प्रमोशन स्कूल के टाइटल से सम्मानित किया गया है। आर्यभट्ट गणित चैलेंज– 2022 के प्रथम चरण में भाग लेने वाले छात्रों की अधिकतम संख्या और आर्यभत्त गणित चैलेंज 2019 के दूसरे चरण में सक्रिय भागीदारी के लिए डीपीएस राँची को पटना रीजन में शीर्ष 10 विद्यालयों में स्थान दिया गया है। प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

### भाजपा मुख्यालय में मनी बाबा गाडगे की जयंती

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में महान समाज सुधारक संत बाबा गाडगे की जयंती मनी। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र त्रिपाठी ने पुष्प अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज हम स्वच्छ्ता के सबसे बड़े पैरोकार संत गाड्ने की 147वीं जयंती मना रहे है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भी स्वच्छ्ता को लेकर सभी लोगो मे जागरुकता लाया है।

### जनजातीय महिलाओं ने की भगवान शिव की उपासना

**रांची।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कांके पिठौरिया में आयोजित बारह ज्योति लिंग मेला के छठे दिन विश्व निर्माण के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी जन जातीय समाज कि महिलाओं ने भगवान शिव के 12 स्वरूपों का विधिवत पूजा अर्चना किया। साथ ही साथ सभी महिलाओं ने प्रकृति के पांच तत्वों की पूजा अर्चना कर जल जंगल जमीन की सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया।

### डॉ प्रसाद का निधन अपूरणीय क्षति : गोपाल शर्मा

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रचारक गोपाल जी शर्मा ने गुरुवार को राजधानी के मोरहाबादी स्थित सुप्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ एससी प्रसाद के आवास पर जाकर उनके चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनके पुत्र अधिवक्ता डॉ प्रणव कुमार बब्बू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को सांत्वना देने के बाद कहा कि राइस मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ प्रसाद ने चावल के क्षेत्र में गहन अनुसंधान कर वैसी 14 प्रजातियों का विकास किया, जो अपेक्षाकृत कहीं कम सिंचाई में बेहतर उपज देने के मामले में किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हुई।

# श्री श्याम मंडल रांची ने खाटू धाम में अर्पित किये श्याम निशान

## श्री श्याम प्रभु के दिव्य दर्शन कर मनोवांछित फल की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंडल रांची के 60 सदस्यों के दल ने गुरुवार को राजस्थान स्थित खाटू धाम में श्री श्याम प्रभु को अत्यंत श्रद्धा सहित श्याम निशान (ध्वजा) अर्पित किये। खाटू धाम से 17 किलोमीटर पहले रिंगस धाम में स्तिथ गोशाला में सभी निशानों (ध्वजा) का श्रद्धापूर्वक पूजन एवं आरती के बाद सभी श्याम भक्त श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन निशानों को कंधे पर उठाकर खाटू धाम के लिए चल पड़े।



भक्तों का दल करणी माता के यहां विश्राम कर खाटू स्थित श्री श्याम प्रभु के मुख्य मंदिर पहुंचा। श्री श्याम दरबार पहुंच कर अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में जयकारों के बीच श्री श्याम प्रभु व बजरंगबली को निशान अर्पित कर सभी ने श्याम प्रभु के मनोहरी स्वरूप के दिव्य दर्शन कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की।

श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि खाटू धाम में निज निवास पर अखंड ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन के बाद धाम में विश्राम कर शुक्रवार (24 फरवरी) को श्री सालासर धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। इस श्री श्याम निशान पद यात्रा को सफल बनाने में विवेक ढांढनीयां, विकाश पाड़िया, अमित जालान, विक्रम परसरामपुरिया, काली शर्मा, कौशल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, धीरज बंका व जीतेश अग्रवाल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### श्री श्याम की अखंड ज्योति का पाठ किया

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची के तत्वाधान में खाटू धाम की यात्रा पर गये मंडल के सदस्यों ने गुरुवार को खाटू स्थित मंडल के विश्राम भवन में बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति पाठ किया। राजस्थान के प्रसिद्ध पाठवाचक तेजू जी ने व्यासपीठ से सभी लोगों से अखंड ज्योत पाठ करवाया । इस अवसर पर बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके पाठ प्रारंभ किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में केसरिया होली उत्सव मनाया गया।



# झारखंड में पहली बार एचइसी पारस में 3-डी विजन से लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल के मिनिमली इनवेसिव सर्जरी विभाग झारखंड में पहली बार 3-डी विजन कैमरा के माध्यम से 64 वर्षीय महेश झा और 35 वर्षीय कविता सहदेव का एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी कर सफल ऑपरेशन किया गया। देश के गिने चुने शहरों में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। रांची जैसे शहर के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। 3-डी विजन के माध्यम से एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पारस एचईसीअस्पताल रांची के एमआईएस एंड सर्जरी विभाग के डाइरेक्टर डॉ मेजर रमेश दास और उनकी टीम के देख रेख में किया गया।

बीते सप्ताह हर्निया से पीड़ित सहरसा निवासी और 35 वर्षीय रांची निवासी कविता सहदेव, जिन्हें पेट में असहनीय पीड़ा हो रही थी। पारस हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग में परामर्श लिया, जिसमें डॉ मेजर रमेश दास और डॉ ओम प्रकाश ने बीमारी की गंभीरता और मरीज की पीड़ा को देखते हुए 3-डी विजन लेप्रोस्कोपिक पद्धति और उसकी बारीकियों के बारे में बताया सारी पद्दति को समझाने के बाद मरीज के परिजन और मरीज ने 3-डी विजन से ऑपरेशन करने के लिए ही हामी भरी और दोनों ही मरीजों का 3ऊविजन से सफल ऑपरेशन हुआ। मरीजों से बात हुई। वे अब पूरी तरह से स्वास्थ हैं और ठीक महसूस कर रहे हैं और अपने दिनचर्या में आ रहे हैं। उनका कहना है कि पारस के डॉक्टर्स से सलाह और हॉस्पिटल की सुविधाए मिली उससे वे काफी संतुस्ट और प्रभावित हैं। उन्होंने स्टाफ और नर्सेज को उनके सेवा भाव के लिए धन्यवाद भी किया। मौके पर फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने कहा पारस हेल्थकेयर, डिलीवरी सिस्टम के क्लिनिकल प्रोग्राम में हमेशा आगे रहते हैं।

स्पीड न्यूज

## मांडरः कोयला लदी बाइक गड्ढे में गिरी, चालक की मौत

**मांडर।** थाना अन्तर्गत बुढ़मू मुख्य पथ पर स्थित चटवल मोड़ के निकट गुरुवार सुबह 8 बजे एक कोयला लदे बाइक के सड़क किनारे गड्ढे में गिर जाने से उसके नीचे दबकर बाइक सवार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुढ़मू थाना क्षेत्र के चकमे बरवाटोली निवासी बाइस वर्षीय छोटू कुमार उर्फ छोटू प्रजापति बाइक में कोयला लादकर बुढ़मू से मांडर की ओर आ रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट उसकी बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे खेत के गड्ढे में पलट गयी जिसके नीचे दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

## रातूः वारंट निष्पादन में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रातू।** पुलिस ने रातू थाना कांड संख्या 194/21 के नामजद अभियुक्त प्रमोद लकड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह लालपुर न्यू नगड़ाटोली का रहने वाला है। उस पर रंगदारी और धोखधड़ी करने का आरोप है। वहीं महाराष्ट्र पुलिस ने सेवरी थाना कांड संख्या 503/22 के दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर रांची कोर्ट की सहमति से मुंबई ले गयी। इसमें वीरेंद्र लोहरा और उमेश शाह शामिल हैं। दोनों सिमलिया नयांटोली के रहने वाले हैं। इन पर मुंबई के बिजली विभाग से 35 हजार रुपये का फ्रॉड किये जाने का आरोप है।

## नावाटोली में 8 एकड़ में पोस्ता की खेती नष्ट

**राहे।** प्रखंड के नावाटोली गांव के जंगल में लगे पोस्ते की खेती को एसएसबी 26 वी बटालियन ओर पुलिस के संयुक्त अभियान में नष्ट किया गया। इंस्पेक्टर मंटू कुमार के नेतृत्व में अनगड़ा पुलिस और एसएसबी के जवानों ने पोस्ते की फसल को नष्ट किया। मौके पर हेड कांस्टेबल सुरेंद्र चौधरीए नीलमनी कुमार अनगड़ा पुलिस के एएसआई अमर सिंह व जवान मौजूद थे।

## चार दिनों से युवक लापता, सनहा दर्ज



**सिल्ली।** सिल्ली मुस्लिम टोला निवासी खातून बीबी का 22 वर्षीय पुत्र मो सलीम पिछले चार दिनों से लापता है। इसको लेकर युवक के मां खातून बीबी ने सिल्ली थाने में युवक के गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया है। युवक के भाई मो कलीम ने बताया कि उनका भाई मो सलीम पिछले 19 फरवरी को दिन के करीब 11 बजे अपनी बहन रुखसाना परवीन को यह कह कर घर से निकला है कि वह कपड़ा खरीदने रांची जा रहा है। शाम तक वापस आ जायेगा। लेकिन जब वह घर नहीं लौटा।

## ईईएफ मैदान में सरहुल मिलन समारोह का निर्णय

**नामकुम।** सरहुल मिलन समारोह धुमधाम से आयोजित करने को लेकर गुरूवार को ईईएफ मैदान टाटीसिलवे में एक बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान सरहुल त्योहार धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही पूजा के सफल आयोजन को लेकर आगामी 27 फरवरी को बैइक कर कमेटी का विस्तार करने की बात कही गयी। मौके पर अनगड़ा ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष उमेश बडाईक, देवराज पाहन, कृष्णा लोहरा, अनिल लिण्डा, कुलदीप कच्छप मौजूद थे।

# नामकुमः बैंक से दो लाख लेकर निकल रही महिला से बैग छीनकर भागे अपराधी

### सड़क पर गिर कर घायल हुई महिला



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के नामकुम स्टेट बैंक आफ इंडिया से दो लाख रुपये निकाल कर निकली महिला से बेखौफ अपराधियों नें रुपये से भरे बैग की छिनतई कर ली। बडाम की रहनेवाली पीड़िता विश्वासी टोपनो ने बताया कि जैसे ही वह रुपये से भरा बैग और अपनी तीन वर्स की नातिन निम्मी को लेकर सड़क पर पहुंची, उसी दौरान नामकुम बाजार की ओर से ब्लू रंग की पल्सर बाइक से आए अपराधी उनके कंधे पर टंगा बैग छीनने लगे। इस दौरान विश्वासी सड़क पर गिर गयीं। उनकी गोद से नातिन निम्मी भी सड़क पर गिर गयी और अपराधी बैग खींचकर विपरित दिशा में भाग निकले। सड़क के दूसरी ओर खड़े विश्वासी के बेटे आईजैक और आसपास के लोगों ने समझा कि विश्वासी का एक्सीडेंट हो गयी है। जिससे वे सभी मिलकर उसे उठाने लगे, तब विश्वासी ने बताया कि अपराधी उसका बैग छिनकर भाग निकले हैं। तब तक काफी देर हो चुकी थी आपराधी आखों से ओझल हो चुके थे।

### पुलिस ने की सीसीटीवी फुटेज की जांच

घटना की जानकारी मिलते ही नामकुम थानेदार सुनील कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे और विश्वासी सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस टीम ने बैंक सहित आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की। थानेदार सुनील तिवारी ने बताया कि बाइक चला रहा अपराधी ब्लू रंग की टीषर्ट और पीछे बैठा युवक सफेद हाफ शर्ट पहने हुए था, दोनो हेलमेट पहने हुए थे। उनकी पहचान की जा रही है। उन्हे जल्द पकड लिया जाएगा।

### लेबर पेमेंट के लिए निकाली थी पैसे

पीडिता विष्वासी टोपनों के पति नथानिएल टोपनो सीआरपीएफ से सेवानिवृत हुए है। वे बडाम में अपना घर बनवा रहे है। विष्वासी ने बताया कि सामान और लेबर पेमेंट के लिए उसने बाजार के दिन रूप्ये निकाले थे। जिसे अपराधी दीनकर भाग निकले।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखंड, भारत
cmpdi
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## निश्चल मेमोरियल स्कूल के कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** निश्चल मेमोरियल स्कूल पिठोरिया में गुरुवार को वर्ग दशम के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबेएराष्ट्रपति द्वारा सम्मानित फलक फातिमा, फिल्मकार ओम प्रकाश मिश्रा, स्कूल के प्राचार्य उमेश कुमार केशरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मैट्रिक परीक्षा छात्रों के जीवन की पहली सीढ़ी है। वहीं फलक फातिमा ने छात्रों से समय के महत्व को समझने की बात कही।

मौके पर वर्ग दशम के छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के अध्यक्ष जगरनाथ मिश्रा, रजनी कुमारीए नेहा कुमारी, राजेश केशरी, सरिता टोप्पो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## पुरनाडीह में रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में मांगों पर चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक पुरनाडीह डायरटांड में की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभु गंझू व संचालन रामलखन गंझ ने किया। बैठक में मोर्चा द्वारा पुरनाडीह प्रबंधन को रोजगार सहित ग्यारह सूत्री मांगों पर चर्चा की। सीसीएल प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने के लिए सिमित समय दिया था लेकिन अभी तककुछ नहीं हुआ है। कहा कि जिन रैयत विस्थापित ने खदान खोलने के लिए जमीन दी और कोल डॅप के माध्यम से विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने की बात थी। ग्रामीण विस्थापित प्रबंधन के इसी रवैये के विरोध में 24 फरवरी को पुरनाडीह कोल डंप में सैकड़ों महिला पुरुष झोडी बेलचा के साथ जाएंगे और ट्रकों में हैंडलोडिंग कार्य करेंगे।महिलाओं ने कहा कि हम कोई भीख नही मांग रहेए ट्रकों में कोयला लोडकर रोजगार की बात कह रहे हैं।

## ओरमांझी में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं, पुलिस करे कार्रवाईः अर्जुन मुंडा

### घायल भाजपा नेता से मिलने पहुंचे अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** केंद्रीय जनजातीय मंत्री सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को घायल भाजपा नेता चतुर साहू से मिलने क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल इरबा पहुंचे। उन्होने चतुर साहू से घटना की जनाकरी ली और हॉस्पिटल के चिकित्सकों से उसके स्वास्थ्य के बारे में पुछा। उन्होने घटना के प्रति दुख जताया और कहा ओरमांझी क्षेत्र में इस प्रकार की अपराधिक घटनाएं लगातर हो रही है। इसपर प्रषासन को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होने कहा पुलिस को तत्पर्ता से कार्य करने की जरूरत है। ताकि घटना को अंजाम देने वालों की पहचान कर अपाराधियों पर जल्द गिरफ्तारी हो सके। उन्होने चतुर साहू से बाते करते हुए कहा वे खुद घटना के प्रति गंभीर है। वहीं चतुर साहू को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। उपचार करने वाले चिकित्सक डॉ आसिफ अंसारी ने कहा स्वास्थ्य बेहतर है। मौके पर भीम मुंडा, रोहित साहू, महाबीर यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

आबीसी मोर्चा के जिला मंत्री चतुर साहू को गोली मारने व अपराधी की गिरफ्तारी नही होने से नाराज भाजपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। गुरुवार को पार्टी के झंडा लिए कार्यकर्ता शास्त्री चौक ओरमांझी के पास प्रदर्शन किया और पुतला भी जलाया। कार्यक्रम में काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

| | | |
|---|---|---|
| **OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.** | | |
| **e-Procurement Tender Notice** | | |
| Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-33/2022-23 Letter no - 193 Date :- 22.02.2023 | | |
| 1. | Name of the work | Renovation of Chaikalan M.I. Scheme, Block- Chouparan, Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,49,27,100.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 10.03.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 16.03.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 18.03.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485 eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 17.03.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle,Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division,Ranchi. |

Note:- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 291021 Minor Irrigation(22-23)#D

## जयंती समारोहः विष्णु चरण महतो के विचारधारा पर अमल करने की जरूरतः राजा राम महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी गोला पथ पर सिंगपुर चौक के समीप गुरुवार को स्व विष्णु चरण महतो जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से कुरमाली भाषा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम महतो, विशिस्ट अतिथि गूँज परिवार के संजोजक जयपाल सिंह जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ,पूर्व जिप गौतम कृष्ण साहू प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक उपप्रमुख आरती देवी शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ राजा राम महतो ने कहा कि स्व विष्णु चरण महतो का हमेशा लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित तथा नशा के खिलाफ जागरूक करने में उल्लेखनीय योगदान रहा है। हम सभी को उनके विचारधारा पर अमल करने की आवश्यकता है । स्व विष्णु चरण महतो प्रारंभिक शिक्षा गॉव के सिंगपुर स्कूल में प्राप्त की थी। मैट्रिक परीक्षा चक्रधरपुर से दिया था।

## नेशनल स्टूडेंट्स इनोवेशन चैलेंज प्रतियोगिता के विद्यार्थियों को बधाई



**इटकी।** ईविद्यालोका व एलटीआई माइंडट्री के तत्वावधान में बंगलुरू स्थित संस्था के परिसर में गत दिनों आयोजित नेशनल स्टूडेंट्स इनोवेशन चैलेंज प्रतियोगिता के छठे संस्करण का खिताब द गोल्डेन ड्रॉप टीम को दिया गया। टीम में राउमवि, चचगुरा के अजीत उरांव व बॉबी कुमार शामिल हैं। इन विद्यार्थियों ने शिक्षक कविता अवधानी व एस राजम के निर्देशन में यूनाइटेड नेशन सतत विकास लक्ष्य के तहत साफ पानी व स्वच्छता चुनौती विषय पर कार्य किया। प्रतियोगिता में 11 राज्यों के चार सौ टीम के आठ सौ विद्यार्थी शामिल थे। सफलता पर गुरुवार को विद्यालय में एक कार्यक्रम कर विद्यार्थियों को बधाई दी गयी।

| | | |
|---|---|---|
| **OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.** | | |
| **e-Procurement Tender Notice** | | |
| Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-32/2022-23 Letter no - 192 Date :- 22.02.2023 | | |
| 1. | Name of the work | Renovation of Nawasalaiya Ahar, Block- Barkatha, Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 86,46,700.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 10.03.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 16.03.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 18.03.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485 eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 17.03.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

Note:- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 291018 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

## नामकुमः सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**नामकुम।** पुलिस ने चायबगान उत्क्रमित मध्य विद्यालय और प्रोजेक्ट हाई स्कूल नामकुम में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने स्कूलों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की बेसिक जानकारी दी। इस दौरान पुलिस द्वारा बताया गया कि किस प्रकार हम विदेशों की तरह सड़क सुरक्षा की जानकारी लेकर दुर्घटना से बच सकते हैं।

## दिव्यांगों के प्रयास से गरीब लड़की की हुई शादी



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** दिव्यांग रोजगार मंच के अध्यक्ष तबरेज अंसारी एवं सचिव लीला कुमारी कोषाध्यक्ष रामदयाल सिह के प्रयासों से गेतलसूद की एक गरीब और अनाथ लड़की कुसूम कुमारी पिता लीलू महतो का गांव से चंदा इक्टा कर और जनप्रतिनिधियों समाजसेवी एवं प्रखंड के अधिकारियों से आर्थिक सहयोग लेकर बुधवार को गेतलसूद शिव मंदिर मे शादी कराई गई । शादी के लिए आर्थिक सहयोग करने वालों में ग्रामीणों के अलावा मुख्य रूप से प्रमुख दीपा उरांव पूर्व प्रमुख अनीता गाड़ी भाजपा कार्यसमिति सदस्य शैलेंद्र प्रसाद बीडीओ उत्तम प्रसाद अंचल पदाधिकारी पुष्पक रजक थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार मुखिया शांति मुंडा सागर साहू अभिषेक कुमार शिवदास गोस्वामी एतवा उरांव भोला महतो मनीलाल महतो फुल कुमारी देवी संगीता देवी लीला कुमारी सुषमा देवी विमला देवी राधिका देवी करण कुमार महतो इत्यादि शामिल हैं।

**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 41/2022–23**

DMFT मद अन्तर्गत गुमला जिला के सरकारी विधालयों, खेल छात्रावास, एवं कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी आवासीय विधालयों, सभी करस्तुरबा गाँधी बालिका आवसीय विधालय, जिला विकास भवन, गुमला, नया समाहरणालय भवन, भाग–2, सम्प्रेशण गृह सिलम, गुमला में तड़ित चालक का अधिष्ठापन किया जाना है, तड़ित चालक हेतु प्रशासनिक स्वीकृत राशि 51,300.00 (एकावन हजार तीन सौ) है के गुमला प्रखंड के निम्नांकित स्थानों में अधिष्ठापित करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 03/03/2023. को (अपराह्न 2.00 बजे तक)
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04/03/2023 को अपराह्न 3.00 बजे।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।

निविदाता निविदा दो सीलबंद लिफाफे में अलग–अलग तकनीकी निविदा एवं वितिय निविदा समर्पित करेंगे। जिसे गठित कमिटि के समक्ष खोला जायेगा। तकनीकी निविदा में चयनित निविदादाताओं का वितिय निविदा खोला जायेगा।

**(क) तकनीकी निविदा**

1. विगत तीन वर्ष आयकर भुगतान की अद्यतन विवरणी। Audited Balance Sheet के साथ।
2. GST प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं अद्यतन स्वच्छता प्रमाण पत्र।
3. प्रतिभूति की राशि के रूप में 20000.00 रू० का बैंक ड्राफ्ट जो जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित होगा गुमला में भुगतेय संलग्न किया जाय।
4. निविदादाता का पिछले 10 वर्षो का सरकारी भवनों में तड़ित चालक अधिष्ठापन कार्य अनुभव प्रमाण पत्र होना आवश्यक होगा। साथ सरकारी कार्यालय के द्वारा निर्गत कार्यादेश एवं पूर्णता प्रमाण समर्पित करेंगे।
5. निविदादाता MSME Certificate जमा करना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता को ISO Certificate जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को इस आशय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि उन्हें किसी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय के द्वारा काली सुची में नहीं डाला गया है।
8. निविदादाता CPRI Test प्रतिवेदन का जमा करना अनिवार्य होगा।
9. निविदादाता के द्वारा Gi-Pipe का Make एवं Technical प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. निविदादाता को तड़ित चालक अधिष्ठापन का अधिकृत विक्रेता/ अधिकृत डीलर का प्राधिकार प्रमाण पत्र (Authorization) जमा करना अनिवार्य होगा।
11. निविदादाता को तड़ित चालक अधिष्ठापन का Work Plan एवं PPT के माध्यम से तड़ित चालक अधिष्ठापन की विस्तृत विवरणी समिति के समक्ष के दिखाना अनिवार्य होगा। जिसका अंतिम निर्णय गठित समिति के द्वारा लिया जायेगा।

**(क) वितिय निविदा**

1. तड़ित चालक का दर सभी कर सहित।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला

PR 291076 Rural Development(22-23).D

## सांसद सुदर्शन भगत यज्ञ में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत गुरुवार को प्रखंड के बढ़ैया में हो रहे यज्ञ में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा यज्ञ समिति एवं ग्रामीणों के साथ बैठक की इसके पश्चात प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर में आयोजित 108 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त कर समिति सदस्यों का साथ विमर्श किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत सांसद प्रतिनिधि सतीश शाह, कैलाश गुप्ता अमरनाथ कुमार, पुरुषोत्तम दुबे बिजुपाड़ा मंडल अध्यक्ष शतानंद सिंह महामंत्री हेमंत शाही, शफीक आलम चान्हो के महामंत्री विशेश्वर महतो, सुनील उरांव, राजू उरांव बेड़ों के लाल सत्य प्रकाश नाथ शाहदेव, कुलेश्वरी शर्मा मनीष शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## परीक्षा का बीडीओ ने लिया जायजा

**तमाड़।** प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो ने सरस्वती विधा मंदिर तमाड़ में चल रहे परीक्षा का जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में परीक्षा का कितना महत्व है। परीक्षा ही जीवन के भविष्य तय करता है।

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-83400**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/45/22-23 Dated 23.02.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for Bhajania of Mohammadganj to Haidar Nagar (Mohammadganj to Dangwar road) via Kolhua ,Baradiha,Pansa, Adhouri,Ranideva ro ad at Palamu district in the state of Jharkhand. from C onsultant's empanelled in Category - I with the Road Construction Department, Government o f Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 17.372 Km, |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 27.02.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 09.03.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 10.03.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR.NO.291078 Road(22-23):D

## सनातन धर्म-संस्कृति को जानने के लिए धार्मिक आयोजन जरूरी

### भंडारे के साथ महावीर मंदिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्री श्री संकट मोचन महावीर मंदिर बूटी की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ अखंड हरि कीर्तन व हवन, विसर्जन के साथ गुरुवार को संपन्न हो गई। समापन्न से पूर्व तीसरे दिन आयोजन समिति द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बूटी बस्ती सहित आसपास के हजारों की संख्या में पहुंचे। वहीं मंदिर में स्थापित श्री श्री संकटमोच भगवान महावीर की प्रतिमा की दर्शन को मंदिर परिसर में भक्तो की भिड़ उमड़ी थी। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के युवा कार्यकर्ता विधि व्यवस्था के साथ भक्तों का सहयोग करने में लगे थें। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसदराम टहल चैधरी व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने सफल आयोजन व क्षेत्र की लोगों की सनातन धर्म के प्रति उत्साह देख सरहाना किए। रामटहल चौधरी ने कहा सनातन धर्म शक्ति को जानने के लिए धार्मिक आयोजन में महिलाओं व बच्चों के साथ सभी की उपस्थित जरूरी है। वहीं संजीव विजयवर्गीय ने कहा पिछले कुछ वर्ष से लोगों में अपने धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसमें मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व बार्षिक महोत्सव की भुमिका महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कार्यकर्म के दौरान आचार्य के कथा को पुरे परिवार को सुनने की जरूरत है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद गायत्री देवी, समाजसेवी रणधीर चौधरी, मनरखन महतो, कैलाश महतो, कर्मदेव बैठा, महेशचंद्र, दिलीप स्वर्णकार सहित अन्य मौजूद थे।



ओरमांझी में आयोजन के दौरान प्रार्थना करते भक्त गण।

# देश की ताकत

**जी** 20 की अध्यक्षता कर रहा भारत इस सम्मेलन के दौरान डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपनी सफलता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरे देशों को अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था तथा भुगतान ढांचा को बढ़ावा देने के लिए सशर्त मदद की पेशकश कर सकता है। ऐसा समझा जाता है कि श्रीलंका जैसे देशों में देखे गए आर्थिक पतन से बचने के गरीब देशों की सुप्रभु ऋणग्रस्तता को कम करने पर भारत जी 20 भागीदारों और बहुपक्षीय संस्थानों के साथ अग्रिम स्तर की चर्चा भी कर सकता है। अगले हफ्ते बेंगलूरु में जी 20 वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक में इस पर तथा अन्य एजेंडे पर चर्चा की जा सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का एजेंडा इस तरीके से तैयार किया गया है कि कुछ प्रमुख वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण पर विचारों का सार्थक-आदान प्रदान हो सके। इस बैठक में साझा वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करना, भविष्य के शहरों के लिए मजबूत, समावेशी और टिकाऊ वित्तपोषण, डिजिटल सार्वजनिक ढांचे का लाभ उठाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इन सत्रों में वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों, वैश्विक स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय कराधान जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। यूपीआई और आधार जैसे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने में भारत की सफलता को प्रद ?र्शित किया जाएगा। भारत अन्य देशों को भी अपनी विशेषज्ञता की पेशकश कर सकता है लेकिन यह बिना शर्त नहीं होगा। इस तरह की कोई भी मदद बड़े कूटनीतिक सहयोग का हिस्सा होगी।

# युद्ध की कीमत

**मा**नवता ने इस युद्ध की बड़ी कीमत चुकाई। केवल यूक्रेन में ही हजारों नागरिक,महिला, बच्चें व सैनिक नहीं मारे गये, रूस ने भी बड़ी संख्या में अपने सैनिक व जनरल गवांए हैं। वहीं कोरोना संकट के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने के जो कयास लगाये जा रहे थे, इस युद्ध ने उन पर पानी फेर दिया। दुनिया में गेहूं निर्यात के दो केंद्र रूस व यूक्रेन थे। युद्ध के चलते पूरी दुनिया में खाद्यान्न संकट की स्थिति पैदा हो गई। खासकर अफ्रीका व गरीब मुल्कों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। युद्ध के कारण कच्चे तेल के दामों में आये उतार-चढ़ाव ने दुनिया के तमाम देशों की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार दिया। पूरी दुनिया की खाद्य श्रृंखला इस युद्ध से प्रभावित हुई है। ऐसे में पुतिन के युद्ध थोपने को लेकर सवाल किये जा रहे हैं कि रूस ने एक साल चली लड़ाई से क्या हासिल किया है। कीव समेत कई इलाकों से उसे पीछे हटना पड़ा है। उसकी प्राथमिकता कालांतर डोनबास को मुक्त कराने की हो गई। हालांकि, खारकीव व खेरासन में रूस को शिकस्त मिली, लेकिन युद्ध के लक्ष्यों में कमी नहीं आई। हालांकि युद्ध में रूस ने भारी क्षति भी उठायी और उसकी पूर्ति के लिये द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार आंशिक अनिवार्य भर्ती के लिये बाध्य भी होना पड़ा। यही हकीकत है कि जिस युद्ध को रूस कुछ ही दिनों में खत्म करने की उम्मीद पाले बैठा था वह युद्ध आज भी अनिर्णायक स्थिति में है। वहीं अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देश यूक्रेन को आर्थिक व आधुनिक हथियारों से पूरी मदद कर रहे हैं। रुस ने क्रीमिया तक जमीनी रास्ते पर अधिकार कर लिया है, जिस पर वर्ष 2014 में उसने कब्जा किया था। आखिर पूरी दुनिया ने जिस प्रकार खाद्य संकट झेला उससे क्या रुस की छवि खराब नहीं हो गयी।

# विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या





**- पी सबनानी**

> हालांकि भारत सरकार यदि चाहे तो अमेरिका में छंटनी का शिकार हो रहे इंजीनियरों को भारत में ही नया रोजगार प्राप्त प्रदान करने सम्बंधी योजना पर भी विचार किया जा सकता है। इंजीनियरों का यह वर्ग उच्च शिक्षा प्राप्त एवं प्रशिक्षित वर्ग है। अमेरिका से भारत में वापस लौटने वाले इंजीनियरों को रिवर्स ब्रेन ड्रेन की संज्ञा भी दी जा सकती है और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह लाभकारी सिद्ध होगा।

कोरोनाकाल के बाद से कई देशों की अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति की समस्या विकराल रूप धारण करते हुए पिछले 40 से 50 वर्षों के अधिकतम स्तर पर पहुंच गई है। मुद्रा स्फीति की समस्या को हल करने के लिए इन देशों की केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की घोषणा करते जा रहे हैं। ब्याज दरों में वृद्धि इस उद्देश्य से की जा रही है ताकि इन देशों के नागरिक बैकों से ऋण लेने के लिए निरुत्साहित हो तथा वे अपनी बचतों को बैकों में जमा करने को प्रोत्साहित हो। इससे इन देशों के नागरिकों की खर्च करने की क्षमता कम होकर बाजार में उत्पादों की मांग कम हो जाए। बाजार में उत्पादों की मांग में कमी के चलते, इन उत्पादों की उपलब्धता, मांग की तुलना में, बाजार में बढ़ जाएगी जिससे इन उत्पादों की कीमतों में कमी होकर अंततः मुद्रा स्फीति पर अंकुश लग जाएगा। मगर इन उपायों से मुद्रा स्फीति पर तेजी से अंकुश लगता दिखाई नहीं दे रहा है। परंतु, इन देशों, विशेष रूप से अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे विकसित देशों में केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि के कारण कई उत्पाद महंगे जरूर हो रहे हैं, क्योंकि ब्याज लागत के लगातार बढ़ते जाने से इन कम्पनियों की औसत उत्पादन लागत में वृद्धि हो रही है। इससे इन कम्पनियों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है।

अब इन कम्पनियों ने अपनी लाभप्रदता को बनाए रखने के लिए, अमानवीय पूंजीवादी नीतियों को अपनाते हुए कर्मचारियों की छंटनी का आसान तरीका अपना लिया है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की कई कम्पनियों ने नवम्बर 2022 के बाद से लगभग 2 लाख कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। विशेष रूप से अमेरिका की बड़ी बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भी कर्मचारियों की छंटनी करने सम्बंधी घोषणाएं की हैं। जैसे, गूगल की मातृ संस्था अल्फाबेट ने 12,000 इंजीनियरों की छंटनी की घोषणा की है। माइक्रोसाफ्ट की 10,000 इंजीनियरों (कम्पनी में कार्यरत कुल इंजिनीयरों की संख्या का 5 प्रतिशत) की छंटनी करने की योजना है।

इसी प्रकार, एमेजोन द्वारा 18,000, फेसबुक की मातृ संस्था मेटा द्वारा 11,000 (कुल कर्मचारियों की संख्या का 13 प्रतिशत), ट्विटर द्वारा 7,500 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बनाई गई है। कई कम्पनियों द्वारा तो भारी मात्रा में इंजीनियरों एवं कर्मचारियों की छंटनी की भी जा चुकी है। इस प्रकार विकसित देशों द्वारा पूंजीवादी अर्थव्यवस्था से सबंधित उपायों को अपनाते हुए मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने हेतु ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि का उपाय भी भयावह अमानवीय परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है।

इनमें से कई कम्पनियों की छंटनी का सबसे अधिक असर अमेरिका में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय इंजीनियरों पर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। एक अनुमान के अनुसार, अमेरिका में होने वाली इंजीनीयरों की कुल छंटनी की संख्या में से 30 से 40 प्रतिशत भारतीय हैं। विशेष रूप से एचवनबी वीजा प्राप्त भारतीय इंजिनीयरों पर कुछ अधिक प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। इन इंजीनियरों को इनकी छंटनी की स्थिति में 60 दिनों के अंदर अमेरिका में ही अन्य रोजगार प्राप्त करना आवश्यक होगा अन्यथा अगले 10 दिनों में उन्हें अमेरिका छोड़कर किसी अन्य देश में जाना होगा।

इन इंजीनियरों के छोटे छोटे बच्चे अमेरिकी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उनकी शिक्षा किस प्रकार प्रभावित होने जा रही है, यह हम केवल सोच ही सकते हैं। अतः इन विशेष परिस्थितियों के बीच निर्मित हुई उक्त समस्या का हल भारत सरकार एवं अमेरिकी सरकार द्वारा मिलकर सोचा जाना चाहिए। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के इंजीनियरों के लिए यह पल एक तरह से इम्तिहान के पल जैसे साबित हो रहे हैं। यह वर्ग अभी तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण योगदान देता आया है। अमेरिकी सरकार का भी अब कर्तव्य बनता है कि आड़े वक्त में इन इंजीनियरों को नया रोजगार प्राप्त करने में मदद करे अथवा नया रोजगार प्राप्त करने सम्बंधी 60 दिवस की सीमा को खत्म कर दे। यदि अमेरिका इस सम्बंध में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है तो इतनी बड़ी संख्या में प्रशिक्षित इंजीनियरों को वह खो देगा एवं दीर्घअवधि में अमेरिका के लिए यह घाटे का सौदा साबित होगा।

हालांकि भारत सरकार यदि चाहे तो अमेरिका में छंटनी का शिकार हो रहे इंजीनियरों को भारत में ही नया रोजगार प्राप्त प्रदान करने सम्बंधी योजना पर भी विचार किया जा सकता है। इंजीनियरों का यह वर्ग उच्च शिक्षा प्राप्त एवं प्रशिक्षित वर्ग है। अमेरिका से भारत में वापस लौटने वाले इंजीनियरों को ह्लरिवर्स ब्रेन ड्रेनह्व की संज्ञा भी दी जा सकती है और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह लाभकारी सिद्ध होगा। भारत में आर्थिक विकास की दर लगातार तेज हो रही है अतः भारत में प्रशिक्षित इंजीनियरों की मांग भी बनी हुई है।

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि ब्याज दर के लगातार बढ़ाते जाने से कई विकसित देशों की अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति तो नियंत्रण में नहीं आ पा रही है परंतु अन्य कई प्रकार की अन्य आर्थिक समस्याएं जरूर उभरती नजर आ रही हैं। जैसे, कम्पनियों के व्यवसाय में कमी होना, कम्पनियों की लाभप्रदता में कमी होना, कर्मचारियों की छंटनी होना, करों के संग्रहण में कमी होना एवं बेरोजगारी का बढ़ना, आदि। इस कारण से अब यह सोचा जाना चाहिए कि इन परिस्थितियों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों का बढ़ाते जाना क्या सही उपाय है।इस तरह के उपाय पूर्व में विकसित अर्थव्यवस्था, जिन्होंने पूंजीवादी मॉडल के अनुसार अपने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है, द्वारा किए जाते रहे हैं। जबकि, अब यह उपाय भोथरे साबित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच, उत्पादों की मांग कम करने के उपाय के स्थान पर उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाकर क्या इन समस्याओं का हल नहीं निकाला जाना चाहिए। विशेष रूप से मुद्रा स्फीति की समस्या उत्पन्न ही इसलिए होती है कि सिस्टम में

## खास बात

### रेल से प्रभावित बाजार का हाल

**अवंतिका राज**

**बात** करते हैं झारखंड के एक छोटे से जिले 'लोहरदगा 'की, छोटा किंतु सभी मूलभूत सुविधाओं से लैस। सन 2004 से पहले यहां रेल की गति धीमी थी किंतु जनजीवन और बाजार लयबद्ध था। 2004 में जब लोहरदगा और रांची के बीच बड़ी लाइन जुड़ गई तब रेल तो पटरी पर आ गए लेकिन लोहरदगा के स्थानीय बाजार बे पटरी से हो गए। लोहरदगा से रांची की यह रेलगाड़ी अपनी पटरी पर रोजाना चार चक्कर लगाती है। इसने यात्रा को तो काफी सुगम व मजेदार बना दिया। देने को तो इस ट्रेन में लोगों को बहुत ही सुविधाएं दी ,रोजगार के अवसर प्रदान किए ,स्थानीय लोगों को बाहर की दुनिया देखने का मौका दिया। लोगों के बाहर जाकर रहने ,पढ़ने के लिए द्वार खोल दिए। रेल ही है जिसके विकास से लोहरदगा का 'स्थानीय बाजार'। उतना विकास नहीं कर सका क्योंकि मात्र 20रुपये और एक से डेढ़ घंटे में रांची पहुंचना एक चुनौती बना। कोई भी पीछे नहीं रहना चाहता, लोगों की मनः स्थिति ऐसी है कि अगर रांची से खरीदारी आसानी से हो रही है तो फिर छोटी जगह से क्यों लेना? लोग सुई से लेकर कार तक रांची से लेना पसंद कर रहे हैं तो फिर लोकल बाजार में गिरावट तो सामान्य बात है। बात व्यवसाय की हो या शिक्षण संस्थान की छोटे जगहों पर होने के कारण उन्हें नुकसान सहना पड़ता है। अब समय है 'वोकल फोर लोकल' का, स्थानीय लोग (खरीदार) और स्थानीय व्यापारियों को मिलकर सामंजस्य स्थापित करने की जरूरत है। एक दूसरे की जरूरत को समझते हुए कदम से कदम मिलाकर चलने से समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। स्थानीय बाजार किसी भी शहर की ताकत होती है शहर की आर्थिक स्थिति लगभग उसी से जुड़ी होती है। अपने शहर को स्मार्ट व मजबूत बनाने के लिए हमें लोकल बाजार को मजबूत करना अति आवश्यक है। तभी हम अपने शहर को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी स्तर से ऊपर उठा सकते हैं।

# चेतना

## विचार-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**कुछ** भी करना है तो उसके लिए मानवीय ऊर्जा, समय व साधनों की कुछ मात्रा सर्मिपत करनी पड़ती है। इसलिए हमें चेतना में निवेश करना चाहिए। अब तक हम सिर्फ जीवित रहने के लिए प्रयास करते रहे हैं। लेकिन जब तकनीकें यथार्थ बन जाएंगीं, तब अपना अस्तित्व बनाए रखना कोई मुद्दा ही नहीं रहेगा।

जब अस्तित्व कोई मुद्दा ही नहीं होगा तो हम जरूर ही चेतना में निवेश करना शुरू करेंगे। लेकिन जितना जल्दी हम यह शुरू करेंगे, उतना ही उन नई संभावनाओं की ओर आगे बढऩे पर समस्याएं कम होंगीं, जो तकनीकों द्वारा प्रदान की जाएंगी। क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तकनीक हमेशा दुधारी तलवार होती है-यह दोनों तरफ से काट सकती है।

आप किस तरफ इसका इस्तेमाल करेंगे यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन हैं? क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तो फिर हमें क्या करना चाहिए, जिससे मानव समाज में चेतना बड़े स्तर पर प्रकट हो? प्रत्येक पीढ़ी में अत्यंत जागरूक मनुष्य होते रहे हैं। लेकिन कुछ पीढ़ियों और कुछ समाज में उनकी बातें सुनी गई हैं, जबकि अन्य कुछ समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया, तो अब समय आ गया है।

भाषा व्यवहार विचार और संवेदनाओं के संप्रेषण का प्रथम स्वर मातृभाषा का ही है। अतः मातृभाषा हमारे मानसिक व बौद्धिक विकास की दृष्टि से अधिक उपयोगी है।घर, कार्यालय,प्रतिष्ठान और सर्वत्र गर्व से अपनी भाषा का प्रयोग करें !

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

योजनाओं का लाभ लेने के लिए गांव-गांव शिविर लगाया जा रहा है। रोजगार सृजन, पशुधन, आदि योजनाओं से लोगों को जोड़ा गया है। आज राज्य के 35 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है।

**–हेमंत सोरेन, सीएम**





**अवसंरचना** विकास, विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा, उत्साही उद्यमियों को वित्तीय समर्थन और युवाओं के कौशल विकास जैसे मोदी सरकार के सतत प्रयासों से देश में बढ़ रहे हैं रोजगार के अवसर ...

**–अन्नपूर्णा देवी**

## कार्टून वर्ल्ड

**पुतिन की नींद**



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### साझे प्रयास हों

**जहरीली** शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकने में पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी शर्मनाक है। यह ठीक है कि शराब का कारोबार करने वाले तस्करों को पकड़ने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा छापामारी की जानी चाहिए, लेकिन आमजन को भी स्वयं जागरूक होने की जरूरत है। समाज और सरकार साझे प्रयास से ही इस कारोबार पर नकेल कस सकता है। **– रवि किशन, रांची**

### सामंजस्य से प्रगति

**लैंगिक** असमानता महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देती है। महिलाओं के साथ सम्मान के साथ सही व्यवहार किया जाना चाहिए। पुरुष वर्ग को इसके लिए अपनी संकीर्ण सोच से बाहर निकलने की जरूरत है। वास्तव में स्त्री और पुरुष दोनों समाज के सिक्के के दो पहलू हैं। इनके आपसी सामंजस्य से ही समाज प्रगति करता है। देश को प्रगति करना है।

**– नेहा जमाल, कोडरमा**

# भक्त और भगवान के बीच वीआइपी ग्रीन कॉरिडोर

**-कौशल मूंदड़ा-**

## सामयिक

बेटा, अफसर या नेता बनो, और कुछ नहीं तो नाती-रिश्तेदार सभी को भगवान के आगे लगी भक्तों की भीड़ को चीरकर निकलने का ह्यग्रीन कॉरिडोर तो मिल ही जाएगा!

थोड़े दिन बाद आम भक्त अपने बच्चों को इस तरह की प्रेरणा देते सुनाई देंगे। खास भक्तों को अचानक मिल जाने वाला ह्यभक्ति का ग्रीन कॉरिडोरह्व प्रेरणा का मुख्य बिन्दु होगा।

अफसर और नेता बनने के बाद आप कहीं भी हों, फोन पर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था करवाने का पावर तो आपके पास उपलब्ध होता ही है।

कोई अतिशयोक्ति नहीं, कोई नई बात नहीं, कोई अचरज भी नहीं! यह दृश्य आपको हर धार्मिक उत्सव में देखने को मिल जाएगा और हर समाज-वर्ग-पंथ में यह आमतौर पर दृष्टिगोचर होता ही है। आप कतार में खड़े हों और आपको चीरते हुए कुछ खास लोगों का दल, जिसमे बच्चे भी शामिल होते हैं, वे आपके पास से गुजरकर सीधे भगवान के सम्मुख पहुंच जाते हैं, उन्हें भगवान के सम्मुख ले जाने में भी विभिन्न लोगों की भूमिका रहती है, जिनमें सुरक्षाकर्मियों के साथ उस स्थल का प्रबंधन भी शामिल रहता है।

आस्था स्थलों पर वीआईपी कल्चर को लेकर कई बार सवाल उठे हैं और दिखाने के लिए ही सही, कहीं कुछ सुधार भी आया है। लेकिन, क्या यह कोई नहीं जानता कि विशेष रसीद कटवाने पर आप अलग रास्ते से आगे पहुंचने के लिए ह्यग्रीन कॉरिडोरह्व पा जाते हैं। यह तो एक रास्ता है कि आप विशेष रसीद कटवाएं, दूसरा रास्ता बिना विशेष रसीद वाला भी है और वह है कि आप किसी अफसर या नेता के नाती-रिश्तेदार हों। इस वाले रिश्ते में आपकी गाड़ी को भी ग्रीन कॉरिडोर मिल जाता है।

हाल ही में मेवाड़पति एकलिंग नाथ भगवान के दरबार में दर्शन के दौरान यह ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था खासी नजर आई। आम वाहनों को कुछ किलोमीटर दूर यह कहकर रोका गया कि आगे जगह नहीं है लेकिन उन आम वाहनों में सवार भक्तों को यह देखकर अचरज होता रहा कि किसी अफसर और नेताजी के नाम पर आने वाली गाड़ी ठेठ तक पहुंची और उनके लिए आगे ह्यविशेष पार्किंगह्व की व्यवस्था भी नजर आई। इनमें ह्यआरजे-27ह्व के अलावा भी कई गाड़ियां थीं जिन्हें ह्यग्रीन कॉरिडोरह्व की व्यवस्था दी गई। ड्यूटी पर तैनात कार्मिक इस विशेष ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था मुस्तैदी से निभाते नजर आए। जो व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार हैं वे तो कहीं भी मूवमेंट करने को स्वतंत्र ही होंगे, इसके बावजूद ड्यूटी पर तैनात कार्मिक और अफसर ठीक से दर्शन कर पाते होंगे या नहीं, यह कहना मुश्किल है। लेकिन, ह्यग्रीन कॉरिडोरह्व की व्यवस्था करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल हो जाता है।

अफसरों की मजबूरी होती है कि उनके पास कतार में खड़े रहने का समय नहीं होता और संभवतः अपनी पोजिशन के कारण परिवार सहित परिचितों को ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध कराने में वे संतोष का अनुभव करते होंगे लेकिन इस सारी जद्दोजहद में वे यह भूल रहे हैं कि कहीं वे छोटे बच्चों के मन में इस भावना को मजबूत तो नहीं कर रहे कि उनके बच्चे भीड़ से अलग हैं।समानता के अधिकार को सर्वोपरि रखने वाले अपने संविधान में यदि इस तरह की भावना पनपती रही तो बीते जमाने की जमींदार और मजदूर के रिश्तों की कहानियों के बाद भविष्य का इतिहास वीआईपी और आम आदमी के रिश्तों के नए परिप्रेक्ष्य पर भी लिखा जाए तो कोई अचरज नहीं होना चाहिए।

यदि समयाभाव के कारण इस व्यवस्था को जारी रखना मजबूरी भी मानी जा रही हो तो इसे बेहतर तरीके से लागू करने पर विचार किया जाना चाहिए।

# कांग्रेस की रणनीति में बदलाव से ही देश का भला

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

## सामयिक

**कांग्रेस** का वृहद अधिवेशन रायपुर में होने जा रहा है। इसमें कांग्रेस कमेटी के 1800 सदस्य और लगभग 15 हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अधिवेशन में 2024 के आम चुनाव की रणनीति तय होगी। इस रणनीति का पहला बिंदु यही है कि कांग्रेस और बाकी सभी विरोधी दल एक होकर भाजपा का विरोध करें, जैसा कि 1967 के आम चुनाव में डॉ. राममनोहर लोहिया की पहल पर हुआ था। उस समय सभी कांग्रेस-विरोधी दल एक हो गए थे। न तो नेताओं की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं आड़े आईं और न ही विचारधारा की बाधाएं खड़ी हुईं।

इस एकता को कुछ राज्यों में सफलता जरूर मिल गई लेकिन वे सरकारें कितने दिन टिकीं। यह अनुभव 1977 में भी हुआ, जब आपातकाल के बाद मोरारजी देसाई और चरणसिंह की सरकारें बनीं। इससे भी कटु हादसा हुआ, विश्वनाथ प्रतापसिंह और चंद्रशेखर की सरकारों के दिनों में।

विरोधी दलों की इस अस्वाभाविक एकता के दुष्परिणाम इतने कष्टदायी रहे हैं कि भारत की जनता क्या इस कृत्रिम एकता से 2024 में प्रभावित होकर मोदी को अपदस्थ करना चाहेगी? इसके अलावा पिछले गठबंधनों के समय आपातकाल और बोफोर्स ने जैसी भूमिका अदा की थी, वैसा कोई मुद्दा अभी तक विपक्ष के हाथ नहीं लगा है। जहां तक अडाणी के मामले का प्रश्न है, विपक्ष उसे अभी तक बोफोर्स का रूप नहीं दे पाया है।

इसके अलावा आज विपक्ष के पास न तो लोहिया, न जयप्रकाश या चंद्रशेखर या वी.पी. सिंह जैसा कोई नेता है। नीतीश में वह संभावना थोड़ी-बहुत जरूर है लेकिन कांग्रेस अपने सामने किसी को भी क्यों टिकने देगी? उसके लिए तो राहुल गांधी ही सबसे बड़ा नेता है। लेकिन देश का कोई भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय या प्रांतीय पार्टी राहुल को नेता मानने के लिए तैयार नहीं है। राहुल ने भारत-जोड़ो यात्रा के द्वारा थोड़ा-बहुत आत्म-शिक्षण जरूर किया है लेकिन कांग्रेस के कार्यकताओं के मन में भी राहुल को लेकर दुविधा है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि कांग्रेस के बिना विपक्ष की एकता संभव ही नहीं है, क्योंकि आज भी देश के हर शहर और हर गांव में कांग्रेसी कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

मोदी सरकार चाहे देश में कोई क्रांतिकारी और बुनियादी परिवर्तन अभी तक नहीं कर सकी है लेकिन उसने अभी भी देश की जनता के मन पर अपना सिक्का जमा रखा है। कांग्रेस जैसी महान पार्टी का दुर्भाग्य यह है कि उसके पास न तो आज कोई सक्षम नेता है और न ही कोई आकर्षक नीति है। उसके पास ह्यगरीबी हटाओह्व जैसा कोई फर्जी नारा तक नहीं है।

कांग्रेस में अनुभवी नेताओं की कमी नहीं है लेकिन यदि कांग्रेस के असली मालिक खुद को थोड़ा पीछे हटा लें, अपने आप को मार्गदर्शक की भूमिका में डाल लें, पार्टी में आतंरिक लोकतंत्र ले आएं और अनुभवी नेताओं को पार्टी की कमान सौंप दें और वे वैकल्पिक रणनीति तैयार कर लें तो इस बार कांग्रेस खत्म होने से बच सकती है।

(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने किया कोषांग का निरीक्षण



**रामगढ़।** उपचुनाव को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में बनाए गए सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने सामग्री कोषांग में बनाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर उपचुनाव के मद्देनजर पदाधिकारियों को आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किये जा रहे पैकेटों की जानकारी वरीय पदाधिकारी सामग्री कोषांग सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मनोज कुमार रंजन से ली । उन्होंने विभिन्न पैकेटों में आवश्यक सामग्रियों की जांच भी की। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों को मतदान हेतु सामग्री के पैकेट तैयार करने के दौरान सभी आवश्यक सामग्रियों का पैकेट में होना सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।

### सौंदा डी में महायज्ञ 28 फरवरी से



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी में 2 8 फरवरी से होने वाले दो दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारियों को ले आजाद नगर रामनवमी मैदान में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। बैठक में महायज्ञ की तैयारी, कोष संग्रह, साफ-सफाई सहित अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। यज्ञ समिति ने बताया कि 27 फरवरी से ही पूजा-अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। आचार्य रामाधार जी महाराज की देख रेख में 27 को बेदी पूजन, नवग्रह, जलाधिवास सहित कई धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ होगा। वहीं 28 को सुबह 7 बजे से कलश यात्रा निकलेगी। साथ ही पंचांग पूजन, हवन, प्रतिमा का नगर भ्रमण के और रात्रि से सुबह तक 12 घण्टे का अखण्ड-पाठ भी शुरू होगा। जबकि 1 मार्च को भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा। बैठक में संजय, नरेंद्र, कौशल सिंह, ष्णा, अजीत, दीपक, नीलू महली, सुनील साव, घूरा चौधरी, बैजू साव, विजय, रवि चौधरी, रौशन, विकाश, नंदन, आशिष, अमन, आकाश, अनिल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मालाकार कल्याण समिति बैठक



**बासल (रामगढ़)।** माली मालाकार कल्याण समिति झारखंड प्रदेश की बैठक हुई। इसमें समिति के निबंधन संख्या 390 वर्ष 2006/7 के तत्वावधान में 1 वर्ष के लिए देशस्तरीय एडोव कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें संरक्षक रवींद्र प्रसाद सैनी व चंद्रशेखर भगत, प्रदेश अध्यक्ष राजेश भगत, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश मालाकार, उपाध्याय अरुण भगत, रवि मालाकार, अशोक मालाकार, विनोद मालाकार व संतोष सैनी, महासचिव संजय कुमार मालाकार, शिव कुमार मालाकार, सचिव सुरेंद्र मालाकार, राजेश मालाकार, संजय मालाकार व विनय कुमार भगत, कोषाध्यक्ष अमोद कुमार मालाकार, उपकोषाध्यक्ष शशि कुमार मालाकार, संगठन सचिव पिंटू मालाकार, कार्यालय प्रभारी आशीष कुमार सुमन, अंकेक्षक दिनेश कुमार मालाकार चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में उदय मालाकार, कामाख्या भगत, प्रवेश मालाकार, बबलू मालाकार, राकेश मालाकार, पवन मालाकार, विनोद, आलोक मालाकार, रामपाल मालाकार, रविंद्र भगत, धनंजय कुमार मालाकार, विनय मालाकार, सुनील मालाकार आदि शामिल हैं।

### भाजपा नेता की मां का निधन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गायत्री मंदिर पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सह भाजपा भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह की मां बीरजमनी देवी का मंगलवार की देर शाम निधन हो गया। बुधवार को गिद्दी दामोदर तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र निलेश सिंह ने दिया। स्व.बीरजमनी देवी अपने पीछे तीन पुत्र, नाती-पोता समेत भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर उमड़ पड़ी वहीं शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईष्वर से प्रार्थना की। शोक प्रकट करने वालो में भाजपा नेता योगेश दांगी, सुमन सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, जगतार सिंह, महेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, अनूप ठाकुर, भोला कुशवाहा, अमरेश पांडेय, पंकज सिंह, अंजन सिंह, राजन पांडेय, शशि कुमार, फुलेन्द्र सिंह, पुनिल सिंह, जनार्दन सिंह, उमेश सिंह, समाजसेवी राकेश सिंह, मनोज सिंह, बिजली राय, दिवाकर सिंह, रामनारायण शर्मा, संतोष सिंह, विनोद सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं।

### यज्ञ के समापन पर हुआ भंडारा



**कुजू।** कुजू चटनिया बस्ती में चल रहे पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के समापन के अवसर पर गुरूवार को महाभण्डारा का आयोजन किया गया। भंडारा से पूर्व आचार्य पालेश्वर पांडेय द्वारा यजमान कामेश्वर साव, गणेश केसरी, भोला साव, लोकी साव, संजय साहू, चंदर केशरी, कलेश्वर भुइयाँ सपत्नीक को नवकन्या का पूजन कराया गया। इसके पश्चात केबीगेट कुजू निवासी जॉनी सिन्हा और सोनू सिन्हा के संयुक्त सौजन्य से पूड़ी, सब्जी और बुंदिया स्वरूप महाभंडारा में प्रसाद का वितरण किया गया।मौके पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव शिबू महतो, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो, मंदिर निमार्ता सह कोषाध्यक्ष कामेश्वर साव, रघुनन्दन केशरी, मनोज साव, अमन यादव, पंकज केसरी, रवि केसरी, कोलेश्वर महतो, अनिल अगरिया, कन्हैया भुइयां, मासूम भुइयां, संजय भुइयां, लोकनाथ भुइयां, बैजू भुइयां, लोकन भुइयां, अमित केशरी, राजेश केशरी, प्रेम पटेल, रामकुमार केसरी, सूरज कुमार, मिंटू केसरी, लखन प्रसाद, धीरज मेहता, सुखदेव सोनी, संजीत कुमार उर्फ परदेशी, राजू भुइयां, जगदीश महतो, महेंद्र साहू, प्रमोद मेहता, एके सिंह, जागो महतो, लाला भुइयाँ, सूरज कुमार, बासुदेव राम, अजय भुइयां समेत काफी संख्या सदस्य शामिल रहे।

# धूल फांक रहा शिक्षा सचिव का आदेश, डिप्टेशन के लिए चल रहा खेला

## बड़े साहब को बड़ा नजराना, मध्यस्थता करने वालों को चार से आठ आना

**संदीप**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में शिक्षा सचिव का आदेश धूल फांक रहा है और मानमाफिक तरीके से डिप्टेशन के लिए कैश का खेला चल रहा है। यह गोरखधंधा डीएसई ऑफिस में पिछले कई माह से हो रहा है। अफसर के साथ कुछ शिक्षक और कर्मी ही मिलकर सब घालमेल कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक बड़े पदाधिकारी को बड़ा नजराना मिल रहा है और मध्यस्थता निभाने वालों के पॉकेट में चार से आठ आना जा रहे हैं।

अगर आप यह समझ रहे हैं कि शिक्षा सचिव के आदेश के बाद डीएसई ऑफिस में प्रतिनियोजन का धंधा मंदा पड़ गया है, तो आपकी गलतफहमी है। खुलेआम शिक्षा सचिव के आदेश को धत्ता बताकर यह गोरखधंधा जारी है। डीएसई स्तर से दो-चार नहीं, दो दर्जन से अधिक प्रारंभिक शिक्षकों का प्रतिनियोजन सुविधानुसार मनचाहे विद्यालयों में अब तक किया जा चुका है।

**अफसर के साथ कर्मी व शिक्षक कर रहे घालमेल, हजारीबाग डीएसई ऑफिस में जारी है मनमानी का खेल**

**तना मोरल मत गिराइए, कम-से-कम 10 हजार तो दिलाइए :** शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्र बताते है कि 10 हजार रुपए से कम तो बात करना ही जैसे गुनाह है। सीधा यह कह कर लौटा दिया जाता है कि इतना मोरल मत गिराइए, कम-से-कम 10 हजार तो दिलाइए। फिर चलता है बड़े साहब और छोटे मातहतों व बिचौलियों के बीच बंदरबांट का खेल। बड़ी राशि तो बड़े साहब के खाते में चला जाता है और अठन्नी-चवन्नी छोटे मातहतों और बिचौलियों के आगे परोस दिए जाते हैं। इतनी रकम में तीन महीने का प्रतिनियोजन किया जाता है। प्रतिनियोजन के रीन्यूअल के लिए भी अलग से फीस लगते हैं। हालांकि उसके बाद यह फीस बड़े साहब के खाते में ही जाता है। इस रकम का बंटवारा बिचौलियों और मातहतों में नहीं होता है।

**"डीएसई ने किस परिस्थिति में प्रतिनियोजन किया है। यह देखना होगा। अगर गैर जरूरी तौर पर प्रतिनियोजन किया गया है तो कार्रवाई होगी-के रवि कुमार, स्कूली शिक्षा सचिव, झारखंड।**

**"शिक्षकों का प्रतिनियोजन किस परिस्थिति में किया, यह तो फाइल देखकर ही बताया जा सकता है। परंतु यह तय है कि किसी विशेष परिस्थिति या वरीय अधिकारियों के अनुंशंसा के आधार पर ही किया गया होगा। वैसे जरूरी प्रतिनियोजन के लिए विभाग के स्तर से भी रोक नहीं है- संतोष गुप्ता, डीएसई, रांची।**

### डीएसई से सवाल

1. पहला सवाल तो यह है कि जब शिक्षा सचिव का आदेश है, तो उसे ताक पर रखकर प्रतिनियोजन कैसे किया गया ?

2. आखिर ऐसी कौन सी परिस्थिति आ गई, जो शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेजने की आवश्यकता पड़ गई ?

3. सवाल यह है कि क्या जिस स्कूल से शिक्षक हटाए गए, उस स्कूल का आकलन किया गया कि वहां शिक्षक की आवश्यकता है अथवा नहीं ?

4. प्रश्न यह है कि इन सब बातों का जिक्र शिक्षकों के प्रतिनियोजन पत्र में किया गया? अगर शिक्षा सचिव के आदेश का पालन नहीं किया गया, तो जिले या प्रमंडल के किन वरीय अधिकारियों से प्रतिनियोजन के लिए मार्गदर्शन मांगा गया।

इधर इन सारे सवालों पर जब डीएसई संतोष गुप्ता से बात करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। वाट्सएप पर भी उन्होंने सवालों की बाबत किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया। बहरहाल मामला जो भी हो, डिप्टेशन के बाद से अपनी मनपसंद जगह पाकर शिक्षक निहाल बताए जाते हैं।

### प्रतिनियोजित शिक्षक व शिक्षिकाएं

**केस स्टडी 1.** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदवे केरेडारी की शिक्षिका पूनम कुमारी का प्रतिनियोजन डीएसई कार्यालय के ज्ञापांक 163/दिनांक 17/01/2023 के द्वारा मध्य विद्यालय कराली केरेडारी में किया गया।

**केस स्टडी 2.** मध्य विद्यालय गाल्होबार के शिक्षक प्रवीण कुमार का प्रतिनियोजन डीएसई कार्यालय के ज्ञापांक 313/दिनांक 06/02/2023 के द्वारा मध्य विद्यालय सिंदूर सदर में किया गया।

**केस स्टडी 3.** कन्या मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ की शिक्षिका पोशाली बनर्जी का प्रतिनियोजन डीएसई कार्यालय के ज्ञापांक 180/दिनांक 19/01/2023 के द्वारा प्राथमिक विद्यालय केंदुआ कटकमदाग में किया गया।

**किसी की बढ़ जाती है दूरी, किसी की वास्तव में मजबूरी**

हालांकि इनमें कई शिक्षकों को घर से नजदीक के स्कूलों में आने की मजबूरी भी है। उसके पीछे बीमारी अथवा अन्य कई तरह की परेशानियां भी हैं। जानकारों का कहना है कि शिक्षकों की समस्याओं का निदान होना चाहिए, लेकिन प्रावधान के तहत, येन-केण-प्रकारेण नहीं ताकि किसी प्रकार के सवाल खड़े नहीं हों अथवा ऊंगलियां न उठ पाएं।

## रामगढ़ उपचुनाव में गरजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कहा

# आदिवासियों को ठगने वाली पार्टियों को सबक सिखायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/रामगढ़।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। श्री मुंडा गुरूवार को रामगढ़ विधानसभा के बरलंगा में आम जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी वोटरों को ठगने वाले दलों को अब सबक सिखाना जरूरी है। यहां 27 फरवरी को वोटिंग होनी है। केंद्रीय मंत्री ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में रामगढ़ विधानसभा के गोला, बरलंगा एवं कैंट मंडल में बोल रहे थे। उन्होंने बरलंगा मंडल के जोगिया बाबा में राजग को जीताने की अपील की। इसके अलावा गोला मंडल के कुसुमडीह के होटल में पार्टी विधायक दल ने नेता बाबूलाल मरांडी ने कार्यकताओं के साथ जीत की रणनीति बनायी।

श्री मुंडा ने अपनी चुनावी सभा में महागठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में अगर कोई सबसे ज्यादा पीड़ित यहां के मूलवासी, आदिवासी गरीब जनता है। झारखंड की वर्तमान सरकार ने झारखंड के खनिजों का दोहन तो किया ही। साथ में, उन्होंने यहां कि आदिवासी जनता को ठग कर वोट लिया। आज उन्हीं की जमीन अपने सगे संबंधियों के नाम करने में लगें है।





**भ्रष्टाचार के खिलाफ है रामगढ़ का उपचुनाव : बाबूलाल मरांडी**

इधर, बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रामगढ़ का उपचुनाव इस बात का संकेत है कि अब यहां भ्रष्टाचारियों की नहीं चलेगी। भाजपा ने झारखंड को विकास के जिस पायदान पर पहुंचाया था। झामुमोनीत सरकार ने इसे भ्रष्टाचार का मैदान बना दिया। झारखंड का ये उपचुनाव लुटेरा भ्रष्टाचारी सरकार में शामिल ठगों और विकास की पहचान बन चुकी एनडीए गठबंधन में बीच है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विकास हुआ है तो वो है मुख्यमंत्री के संबंधियों की संपत्ति और जमीनों में। अन्यथा झारखंड के हर व्यक्ति की आय घटी है। झारखंड अलग हुआ था यहां के मूलवासी और गरीब आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार करने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस और झामुमो जब भी सत्ता में आए हैं। इन्होंने सिर्फ यहां की खनिज संपदा का दोहन किया है। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में माता और बहनों का बलात्कार के बाद नृशंस हत्या की जा रही है। इससे भी ज्यादा दुख तब होता है जब अपराधियों को पकड़ने और सजा दिलवाने की जगह तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है। रूपा तिर्की को आज तक इंसाफ नहीं मिला। हत्यारों में मुख्यमंत्री को अपना वोटबैंक नजर आता है।

**कांग्रेस को समाप्त करना चाहती है झामुमो : रघुवर**



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा है कि एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी के पक्ष में लहर है। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की काठ की हांडी अब बार-बार चढ़ नहीं सकती है। अगर उनमें हिम्मत है तो 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की अधिसूचना गजट में प्रकाशित करें। वह सरकार में है और इसके बाद भी बार-बार केंद्र सरकार पर दोष लगाते हैं। लेकिन अब झारखंड की जनता उनके छलावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी भाषा के नाम पर तो कभी खतियान के नाम पर समाज को तोड़ने की राजनीति अब नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार के हितेषी हेमंत सोरेन बने हुए हैं। हकीकत यह है कि झारखंड में कांग्रेस को झारखंड मुक्ति मोर्चा खुद ही समाप्त करना चाहती है। श्री दास रामगढ़ के पटेल छात्रावास में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए थे।

## एक नजर में

### बरही : कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक



**बरही।** करसो में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि सह जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, विस विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखण्ड प्रतिनिधि सुनील साहू, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, करसो मुखिया उषा राम, युवा नेता कृष्णा यादव, प्रतिनिधि मुकेश कुमार, उदय केशरी, यमुना यादव आदि शामिल हुए। कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने जल उठाकर पूरे गांव का भ्रमण किया। करसो कलश यात्रा को सफल बनाने में महेंद्र प्रताप सिंह, प्रभु नारायण सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेंद्र गोप, महेंद्र गोप, पप्पू सिंह, वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र गोप, नरेश राणा, अवधेश राणा, अनिल ठाकुर, सरजू गोप सहित कमिटी के अन्य लोग लगे हुए थे।

### दामोदर महिला मंडल का महाधिवेशन संपन्न



**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत रोमी मैदान में दामोदर महिला मंडल संघ का 32वाँ महाधिवेशन का आयोजन हुआ। महाधिवेशन दामोदर महिला मंडल की अध्यक्षा नीलम देवी व संचालन रेनू देवी ने किया। कार्यक्रम में पदमा दामोदर महिला मंडल की प्रखंड अध्यक्षा नीलम देवी ने संगठन की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि दामोदर महिला मंडल की पदमा प्रखंड की आठ पंचायतों में 564 समूहों की निर्माण की गई है व 34 ग्राम संगठन बनाए गए हैं महिला मंडल से 40 गांव जुड़े हुए है एवं सदस्यों की संख्या 6768 है और आज तक कुल बचत 10.82 करोड़ की है जिसमे कुल लोन 6.93 करोड लिया गया है जिसमे कुल सूद जमा 2.50 लाख की है। कार्यक्रम में रोमी पंचायत मुखिया गुड़िया मेहता,सरैया मुखिया शांति देवी,पिंडरकों मुखिया सुनीता देवी,बिहारी मुखिया चंचला कुमारी, कुट्टीपुसी मुखिया सविता देवी, दामोदर महिला मंडल की सचिव सुषमा देवी सदस्य रेनू देवी आशा देवी, तारा देवी,सुमित्रा देवी,गायत्री देवी, पुस्पा सिंह,पुतुल देवी सहित सैकड़ों महिला दीदियां उपस्थित थी।

### बरही में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



**बरही।** धनबाद रोड स्थित सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार के आवास पर पुराने भाजपाइयों ने बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।संचालन पश्चिमी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव ने किया। बैठक के माध्यम से लोगों ने आपसी मंथन करते हुए चर्चा किया कि पार्टी में संगठन को संगठनात्मक रूप से कैसे मजबूत और सुदृढ किया जाए। साथ ही विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने रणनीति तय किया कि स्थानीय उम्मीदवारों को पार्टी अपना उम्मीदवार बनाएं। मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार अन्य भाजपाई शामिल थे।

### बरही में बाबा संत गाडगे की जयंती मनायी गयी

**बरही।** अब्दुल कलाम पार्क में अखिल भारतीय धोबी महासंघ प्रखण्ड इकाई बरही के पदाधिकारी व सदस्यों ने बाबा संत गाडगे महाराज का 147वां जयंती मनाया। सबसे पहले उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका जन्मदिवस मनाया गया। धोबी महासंघ के प्रखण्ड अध्यक्ष राम प्रसाद राम ने कहा कि संत गाडगे की कुर्बानियों को धोबी समाज कभी भुला नही सकता। उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर संत गाडगे बाबा के विचारों पर चलना चाहिए। मौके पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रखण्ड अध्यक्ष राम प्रसाद राम, प्रखण्ड सचिव नागेशवर कुमार रजक, जगदीश रजक, मंटू रजक, सुरेश रजक, लिलो रजक, राजेंद्र रजक, तिलक रजक, गणेश रजक, श्रवण रजक, सोनू रजक, चन्दन रजक, जितेन्द्र रजक, भरत रजक, पंकज रजक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## श्री श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ 11 मार्च से

**समिति गठित , बसंत नारायण राणा अध्यक्ष, सुनील बने सचिव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दारू।** दारू थाना के बगल में नवनिर्मित शिव मंदिर की परिसर में एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने किया । इस बैठक में श्री श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा के लिए एक भव्य यज्ञ के आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

यज्ञ के सफल संचालन के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें संगरक्षक थाना प्रभारी अमित कुमार, सह संरक्षक दिलीप प्रसाद,अध्यक्ष वसंत नारायण उपाध्यक्ष राजन सिन्हा सचिव सुनील कुमार उर्फ भोला उपसचिव विकास यादव कोषाध्यक्ष बलदेव बाबू सह कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा को बनाया गया। यज्ञ समिति के कार्यकारिणी में सभी पंचायत के मुखिया सहित के 21 लोगों को रखा गया है।इस बैठक में मौजूद लोगों के द्वारा यह निर्णय लिया की 11 मार्च शनिवार से कलश यात्रा के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा।वही 11 मार्च से शनिवार से 13 मार्च सोमवार तक चलेगा। 11 मार्च शनिवार को कलश यात्रा 12 मार्च को वेदी पुजन, अग्नि स्थापन नगर भ्रमण, 13 मार्च सोमवार को मंगल स्नान, प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूणार्हुति भंडारा के साथ समापन होगा। मौके पर अनिता देवी, प्रभात सिंह,मनोज कुमार, राजेश कुमार,प्रमोद कुमार, अजित कुमार,भोला प्रसाद,बिजय मोहन, रंजित कुमार,महाबीर यादव, विक्की कुमार, कैलाश कुमार, अविषेक, मोहम्मद फारुखउद्दीन,भैरव कुमार, मनोज मंडल, दिनेश सोनी, सहित कई लोग मौजूद थे।

### चन्द्रशेखर महादेव गंगा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा शुरू, अजमेरा ने लिया आशीर्वाद



**हजारीबाग।** नगर के नूरा मोहल्ला स्थित श्री श्री चन्द्रशेखर महादेव गंगा धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का आरम्भ भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर झील में पहुंचे कलश यात्रियों के बीच हजारीबाग के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा पहुंचे और हाथों में धर्म ध्वजा थाम कर कलश यात्रा माता- बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ आयोजन समिति द्वारा हर्ष अजमेरा को भगवा पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। 23 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ यह धार्मिक आयोजन के तहत 24 फरवरी को अन्नादिवास एवं हवनात्मक कार्यक्रम, 25 फरवरी को घृतादीवास, शक्रादिवास, फल फूल आदिवास एवं यज्ञ का कार्यक्रम, 26 फरवरी को सहस्त्र धारा अभिषेक श्यादीवास एवं हवनात्मक कर्म एवं नगर भ्रमण कार्यक्रम, 27 फवरी को प्राण प्रतिष्ठा गंगा माता उद्यापन एवं पूर्णाहुति गंगा महा आरती एवं महा भंडारा के साथ होगा। वहीं अंतिम दिन 28 फरवरी को झांकी एवं महा जागरण का आयोजन किया गया है । युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने बताया की ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से सनातन धर्म के जड़ को मजबूती मिलेगी और हमारी नई पीढ़ी को सनातन को मजबूत रखने का बोध प्राप्त होगा ।

# शादी में हो रही है नियमों की अनदेखी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर में होटल व मैरिज हॉल तो बना दिए गए हैं लेकिन नियमो का कितना पालन हो रहा ये एक विचारणीय विषय है। इन होटल व मैरिज हॉल में कूड़ा निस्तारण, वायु व जल संरक्षण के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।

इसके लिए नगर निगम से एनओसी लेनी पड़ती है। लेकिन शायद ही शहर के किसी होटल या मैरिज हॉल के संचालक ने नगर निगम से एनओसी ली होगी। साथ ही शहर के कई मैरिज हॉल के संचालक ने नवीनीकरण भी नहीं कराया है। शहर में करीब दो दर्जन होटल और बरात घर हैं। जहां एक रात में लाखों रुपए का कारोबार तो किया जाता है, लेकिन शासकीय नियमों का पालन नहीं किया जाता है। इनमें से कुछ तो पंजीकृत भी नहीं हैं। जहां न पर्याप्त जगह है और न पर्याप्त व्यवस्थाएं फिर भी भरकम किराया वसूल रहे हैं। ज्यादातर होटलों में अग्निशामक यंत्र नहीं है। कभी आग लगने पर क्या स्थिति होगी ये तो समय ही बताएगा। हैरानी की बात ये है कि इनके खिलाफ न तो जिला प्रशासन कड़े कदम उठाता है और न निगम सघन अभियान चला रही है। इस मामले में कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के निचले स्तर के कर्मचारियों की बरातघर संचालकों से सांठगांठ है और वे उनसे कमीशन लेते हैं। होटल के साथ संचालित होने वाले घरों में अधिकांश की स्थिति ऐसी है कि वो मुख्य मार्गों के किनारे संचालित हो रहे हैं और जिनमें वाहनों के पार्किंग करने की कोई सुविधा नहीं है। स्थिति ये है कि बरात के समय यहां बहुत अधिक भीड़ जमा हो जाती है। मेन रोड का आवागमन अवरुद्ध होता है। बरात के कारण घंटों सड़क पर नाच गाना भी चलता है। इसलिए परेशानी बढ़ जाती है। बरात घरों के मुख्य मार्गों के किनारे होने पर आवाजाही की भीड़ के बीच बाराती आतिशबाजी करते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती

**कूड़ा निस्तारण, वायु व जल संरक्षण के नहीं हैं इंतजाम , लाखो का होता है कारोबार लेकिन व्यवस्थाएं शून्य**


## रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय

**विश्रामपुर, पलामू (झारखंड) 822132**

**सूचना- बी.एड. सत्र 2022-24 नामांकन**

जेसीईसीईबी रांची द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्छ रैंक प्राप्त, बी.एड. सत्र- 2022-24 में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 2.3.23 तक विश्वविद्यालय के नामांकन कक्ष में अपना आवेदन कर/ जमा करा सकते हैं।

**रिक्त सीटों का विवरण :-**

तेतरी चंद्रवंशी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पिंडरा, गढ़वा, झारखंड

| Category | UR | EWS | SC | ST | OBC-1 | OBC-2 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Vacant Seat | 08 | 10 | 03 | 22 | 02 | 02 | 47 |

सहदेव चंद्रवंशी बी.एड. कॉलेज, विश्रापुर, पलामू झारखंड

| Category | UR | EWS | SC | ST | OBC-1 | OBC-2 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Vacant Seat | 02 | 10 | 00 | 23 | 01 | 00 | 36 |

संपर्क सूत्र- 7870474005, 9771267411

विश्वविद्यालय के नामांकन कक्ष के संपर्क सूत्र- 9308002248

**कुलसचिव**
**रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय**
**विश्रामपुर, पलामू।**

## स्पीड न्यूज

### झारा सहयोगी शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की डीएसइ से मुलाकात



मेदिनीनगर (पलामू)। झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल सहायक अध्यापकों की समस्या को लेकर प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी के नेतृत्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला। संघ ने कहा कि सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि प्राधिकार में सरकारी शिक्षकों को शामिल किया जाना अनुचित है अलग-अलग प्रखंडों से जो सूची बना कर जिला को दिया गया है उसे रद्द कर नई सूची में सहायक अध्यापकों को शामिल करते हुए बनाया जाए प्रखंड से आनन-फानन में जो भी प्राधिकार कमेटी बन रही है उसमें एक भी सहायक अध्यापक को शामिल नहीं किया गया है जबकि नियमावली में साफ-साफ लिखा गया है कि जो प्राधिकार कमेटी बनेगी उसमें सहायक अध्यापक अर्थात पारा शिक्षक रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया तथा कहा कि इस तरह के निर्णय से भ्रष्टाचार की बू आती है। बातचीत में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने समय पर मानदेय भुगतान करने का भरोसा दिलाया है उन्होंने यह भी कहा की अगर नियमावली में सहायक शिक्षक को रखने की बात है तो सरकारी शिक्षक नहीं रहेंगे। मेरा प्रयास होगा की आप सब का भुगतान जनवरी और फरवरी का होली के पहले हो जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्याय दिलीप पांडे, जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह अमलेश चौरसिया, मनीष पांडे, सुधीर तिवारी, सुशील विश्वकर्मा, आमिर राजा, अमित पांडे, अमरेश प्रजापति, पवन कुमार, प्रभाकर पांडे, ललन चौधरी, संजय सिंह, सुनील पांडे आदि लोग शामिल थे।

### श्री मां बाल विकास विद्यालय में एक दिवसीय अभिप्रेरण कार्यक्रम संपन्न



हुसैनाबाद (पलामू)। मां शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय परिसर में एक दिवसीय अभिप्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक जीतेन्द्र प्रसाद ने की। संचालन रविंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन इतिहासकार व साहित्यकार अंगद किशोर, विद्यालय के निदेशक ने किया। विषय प्रवेश शैलेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से की गयी। कार्यक्रम में अंगद किशोर ने कहा कि जीवन मे सफलता के लिये समय प्रबंधन अति जरूरी है। जिसकी सोंच सकारात्मक होती है। वही जीवन मे आगे बढ़ता है। निदेशक जीतेन्द्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की चहुंमुखी विकास के लिये टीम भावना के साथ कार्य जारी है। मौके पर धीरेंद्र प्रसाद, एसजे रहमान, संतोष कुमार, विक्रम, आलोक, विकी, सरिता कुमारी, गुलाफ्शां, काजल सिंह, आरती, ज्योति, रिया आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में मैट्रिक की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### पड़वा प्रखंड कार्यालय में लगी आग



जला हुआ समान।

पंडवा(पलामू)। पंडवा प्रखंड कार्यालय में आग लगने से कई इलेक्ट्रॉनिक सामान जलने से लाखों रुपए के सामान जल गया। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। बताया जाता है कि कार्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में अचानक ग्यारह हजार वोल्ट करेंट प्रवाहित होने से प्रखंड में लगे समान जल गए। जले समान में दो प्रिंटर, मोटर, दो आरो, एक स्टेबलाइजर, बोर्ड, लैपटॉप चार्जर, अंचल में लगे चार सीसीटीवी कैमरा प्रखंड कार्यालय में लगे एसी सहित दर्जनों पंखा जल गया। पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि आग लगने से लगभग लाखों रुपए की क्षती हुई है।

### नौडीहा बाजार : चार अभियुक्तों को जेल



नौडीहा बाजार (पलामू)। थाना क्षेत्र के शाहपुर पंचायत के नन्दलाल साव को जमीनी विवाद को लेकर राजकुमार साव ने देसी कट्टा हथियार लहराया था। जबकि पीड़ित नन्दलाल साव ने तत्काल सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। पुलिस ने तुरंत अपना दल-बल के साथ घटना स्थल पहूंचने से पूर्व में अपराधी राजकुमार साव भागने में सफल रहा है। इसी क्रम मे वहीं पर देसी कट्टा पिस्तौल को नन्दलाल साव के द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्काल वादी नन्दलाल साव ने हथियार लहराने एवं जान मारने की धमकी देने के आरोप में राजकुमार साव उम्र 30 वर्ष पिता रामभजन साव और केदार साव पिता रामजतन साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दूसरी कांड संख्या 66/22 के तहत सुजीत कुमार और राजदेव भुईयां पर मामला दर्ज करते हुए दोनों अपराधी को जेल भेज दिया गया। छापेमारी में नौडीहा थाना प्रभारी अमन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शंकर टोप्पो, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश पासवान, टुनटुन राय सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### समाजसेवी के प्रयास से ट्रांसफार्मर बदला



हरिहरगंज पलामू। नगर पंचायत अंतर्गत खाप कटैया गांव स्थित नहर के समीप करीब छह माह से 25 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर जला हुआ था। इससे आसपास के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बिजली के बिना हो रहे समस्या से समाजसेवी राजीव रंजन को अवगत कराया। जिसके बाद समाजसेवी के पहल पर बुधवार को विभाग द्वारा गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे ग्रामीणों में हर्ष है। वहीं इसके लिए ग्रामीणों ने समाजसेवी राजीव रंजन का आभार जताया है। आभार जताने वालों में बिरेंद्र साव, सुधार साव, सत्यनारायण साव, गुड्डू सिंह, चंद्रदीप साव, धर्मेंद्र साव, सेवक साव, देवनारायण साव, शंभू सिंह, राजू पासवान, विक्की पासवान, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद आदि शामिल थे।

### मंत्री से राशन वितरण कराने की मांग

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद के भाजपा उर्दवार मंडल के अध्यक्ष रामराज प्रसाद मेहता ने झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव को गत चार माह से हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के लाभुकों में राशन वितरण नहीं होने की जानकारी दी है। प्रसाद ने कहा है कि हुसैनाबाद के 22 ग्राम पंचायतों में अगस्त, सितंबर, दिसंबर 2022 व जनवरी 2023 में एफसीआई गोदाम से डीलरों को राशन नहीं भेजा गया है। इस कारण राशन का वितरण नहीं किया गया है।

### मध्य विद्यालय के बच्चों ने प्रधानाध्यापक पर लगाया 40 रुपया वसूलने का आरोप

**हैदरनगर/हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर प्रखड के उमवि सरगाड़ा के ग्रामीणों ने विद्यालय में अध्यक्ष एवं संयोजिका का चयन प्रयवेक्षक की मिली भगत से होने की शिकायत हैदरनगर के प्रखड़ विकास पदाधिकारी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। जिसमे 50 से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि अध्यक्ष का चुनाव होना था किसी कारण वस चुनाव संपन्न नहीं हो पाया। बाद में प्रवेक्षक अपनी मनमानी ढंग से केवल ग्राम सदगाड़ा के निवासी को ही चुनकर गलत ढंग अपने मनमानी कर चुनाव किया गया हैं जो जांच का विषय है। इधर उक्त विद्यालय में गुरुवार प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति जांच करने पहुंचे उसके मीडिया जब उक्त पदाधिकारी से जानकारी लेने पहुंचे तो तो पदाधिकारी चलते बने लेकिन सबसे बड़ा सवाल हैं स्कूल के आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मीडिया में कई चौकाने वाला बयान दिया। छात्रा गुलबसा निशा एवं छात्र आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक श्यामलाल राम के द्वारा आठवीं क्लास में जैक में फार्म भरने हेतु प्रति विद्यार्थियों से 40 रुपए की अवैध उगाही किया हैं । इतना ही नही कोरोना काल में एमडीएम की राशि मे भी पैसा लिया गया। वही ग्रामीण भिखारी यादव ने कहा कि प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय में कई अनियमितता में संलिप्त रहते है व इससे पूर्व सितंबर माह के 19 क्विटल चावल विद्यालय में ना लाकर बाहर से बेच दिया गया जिसके लिए ग्रामीण पूर्व में सभी अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया था लेकिन जाँच का कुछ नही पता चला।

# फूलबसिया साइडिंग में जले हाईवा में मिला चालक का जला शव

### ग्रामीणों ने मुआवजा व नौकरी के लिए कोयला ढुलाई कार्य ठप कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फूलबसिया साइडिंग मे आरकेटीसी कंपनी के हाईवा चालक का संदिग्ध अवस्था मे जले हुए शव को बरामद किया गया। हाईवा वाहन तीन दिनों से ब्रेक डाउन था। देखने से प्रतीत हो रहा था की ड्राइवर की हत्या के बाद वाहन के अंदर आग लगाकर जलाया गया। ब्रेक डाउन के कारण बैट्री व गेयर बॉक्स निकाला गया था। जिससे शॉट सर्किट होने की कोई सम्भावना नहीं बताई जा रही थी। मृतक केरेडारी का निवासी था : नौवाखाप निवासी रुपलाल महतो (26) वर्ष पिता सिलनाथ महतो उर्फ टीपू महतो पंचायत पचड़ा केरेडारी थाना क्षेत्र निवासी आरकेटीसी कम्पनी के हाईवा जेएच 01डीटी 8380 का चालक था। हाईवा तीन दिन से ब्रेक डाउन अवस्था के फूलबसिया साइडिंग से सौ मीटर दुरी मे खड़ा था। वाहन सहित चालक का जला हुआ शव देखकर लोगों ने घटना के सम्बन्ध मे पुलिस को जानकारी दी। ग्रामीण मृतक के परिजनों को नौकरी व मुआवजा की कर रहे थे मांग : आशंका जताया जा रहा है की किसी व्यक्ति द्वारा हाइवा मे आग लगाकर हत्या की गई है। इधर घटना की सुचना मिलने के बाद बीससूत्री अध्यक्ष



जला हुआ हाईवा।

राजेन्द्र गंझु ने भी प्रशासन से निष्पक्ष जाँच करवाने की माँग की। साथ ही कहा की मृतक के परिजनों को आरकेटीसी कम्पनी बीस लाख मुआवजा राशि के साथ पत्नी को नौकरी दे। उक्त मांगो को दिलाने के लिए सरकार के पास बात रखने की बात कहा साथ ही कहा की जितने भी कंपनी या सीसीएल हो चालकों को सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था करें। वहीं पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव पहुँचकर परिवार को बीस लाख व प्रत्येक माह परिवार का भरण पोषण के लिए बीस हजार आरकेटीसी कंपनी से मांग की। मृतक के पत्नी मानमति देवी पुत्र दुलेश्वर( 7) कपिल कुमार( 5) व माँ सभी परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल था। **घटना का जायजा लेने पहुंचे एसपी :** घटना की सुचना मिलते ही लातेहार एसपी अंजनी अंजन, बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार सिंह, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटना के सम्बन्ध मे ग्रामीणों से पूछ ताछ किया गया। इसके बाद पुलिस ने सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने बताया कि घटना का निष्पक्ष तरीके से जांच की जायेगी। इधर मगध आम्रपाली अटेक यूनियन सेकरेट्री बिनोद बिहारी पासवान, समाजसेवी ईश्वर साव, कामेश्वर महतो बड़कागाँव निवासी, चालक मो. अख्तर अंसारी सहित यूनियन के दर्जनों हाईवा चालकों ने आरकेटीसी कम्पनी से मृतक के परिजनों को पंद्रह लाख मुआवजा राशि व पत्नी की नौकरी मांग कर रहे थे। जाँच कर दोषियों को अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग को लेकर जले हाईवा वाहन मे ही शव के साथ साइडिंग की कोयला ढूलाई कार्य को समाचार लिखे जाने तक ठप करा दिया था। आक्रोषित चालकों सहित अन्य ग्रामीणों ने जिन्दावाद मुदार्बाद का नारे भी लगा रहे थे। वहीं कई चालकों ने बताया की लगभग दस से पंद्रह दिन पूर्व एक चालक के साथ गाड़ी सट जाने के कारण बिवाद हुआ था।

# पांकी हिंसा मामलें में स्थानीय प्रशासन एकतरफा कार्रवाई ना करे : प्रवीण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने पाकी में हुई सांप्रदायिक हिंसा के लिए राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई कर रही है जिससे वहां के लोग भयभीत है। 15 फरवरी जिस दिन घटना घटी है उस दिन सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में कार्यरत कर्मियों सहित हरियाणा एवं अन्य राज्यो में गए कामगारों पर भी मुकदमा दर्ज कर उनके परिवार वालों को परेशान किया जा रहा है जो दुखद है। पाकी दौरे के क्रम में



प्रेस वार्ता में बोलते पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह।

स्थानीय लोगों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी लिया हूं फिर पलामू आई जी एवं एसपी को बताया हूं कि घटना में शामिल आरोपियों की जगह बेवजह सीधे-साधे ग्रामीणों को जेल भेजा जा रहा है जो गलत है। एसपी एवं आईजी ने आश्वस्त किया है कि वह इसकी जांच कराएंगे। पलामू जिले के लोग शांतिप्रिय है यहां कभी भी दंगा ना के बराबर होने का इतिहास है। परंतु विगत दिन पाकी की घटना मानवता के लिए शर्मसार करने वाली है । राज्य में तुष्टीकरण वोट बैंक की राजनीति के कारण अराजकता का माहौल है । विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है । आमजन अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकार एवं प्रशासन पूरी तरह फेल हो चुका है और आमलोगों का इनके प्रति विश्वास कम हो गया है। पूरे राज्य में अपराधी गुंडा माफिया सरकार के संरक्षण में हावी होते जा रहे हैं। पांकी की घटना निंदनीय है सभ्य समाज में अपराधिक हिंसा का कोई स्थान नहीं है। जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि 15 फरवरी को पाकी में हुई हिंसक घटना की खानापूर्ति ना कर निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कानून संपत कार्रवाई करें एवं निर्दोष लोगों जांचोपरांत बरी करें। प्रेस वार्ता में अखिलेश तिवारी, अविनाश वर्मा, प्रभात भुईयां, सुधीर सिंह, रिंकू सिंह, कुश ओझा, मुरारी पांडे, शिवकुमार मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी की बूथ कार्यसमिति की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

### संगठन के रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : डॉ ईश्वरसागर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत बूथ कार्यसमिति और पन्ना प्रमुख से संबंधित बैठक संपन्न हुई। मौके पर बैठक प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडे एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी समेत प्रखंड के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक का शुभारंभ बिश्रामपुर मंडल अध्यक्ष अमरीश तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर वंदे मातरम गीत गाकर किया। मौके पर रघुराज पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती व बूथ मजबूती को लेकर बेहतर



बूथ कार्यसमिति की बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी समेत प्रखंड के सभी पदाधिकारी।

कार्य करें। डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं पर संगठन को आगे ले जाने की बड़ी जिम्मेवारी होती है।

मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गढ़वा रघुराज पांडे, कार्यक्रम प्रभारी पलामू जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, आशीष पांडे, मनीष गुप्ता, संतोष राम, उपेंद्र तिवारी, रामानंद तिवारी, उखमजी यादव, जिला मंत्री मेराज आलम, शोएब साह, मोशताक समेत कई लोग शामिल थे।

# रघुवर सरकार में चुप क्यों रहीं मेयर : जेएमएम



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सत्तारुढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक बार फिर मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर पर पलटवार किया है। महापौर ने पानी और लीज नवीकरण मामले पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पत्र लिख कर उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाने की कोशिश की है। महापौर के हवाले से मीडिया में यह खबर आते ही झामुमो की जिला कार्यसमिति महापौर पर पलटवार कर दिया। जिला सचिव सानू सिद्दीकी, झामुमो नेता दीपक तिवारी, युवा नेता अभिषेक सिंह व छोटू त्रिपाठी की मौजूदगी में प्रेसवार्ता कर बताया कि पेयजल संकट और खासमहाल लीज नवीकरण का मामला आज का नहीं है। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर और राज्य की वर्तमान सरकार पूरी तरह गंभीर है लेकिन सवाल यह है कि महापौर को इन दोनों समस्याओं की याद चुनावी वर्ष में ही क्यों आ रही है।

जब राज्य में उनकी पार्टी भाजपा की सरकार थी तो उन्होंने इन दोनों मुद्दों को सरकार के स्तर पर उठाने की कोशिश क्यों नहीं की।

### मंत्री जी बयानबाजी की जगह दोनो मुद्दों पर करें बैठक : महापौर



मेदिनीनगर नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से पलामू प्रमंडल के बेहतर विकास के लिए सकारात्मक पहल करने का विश्वास जताया है। महापौर शंकर ने कहा है कि अभी जरूरत बयानबाजी की नहीं विकास में आगे बढ़कर पहल करने की है। महापौर ने कहा है कि मेरे सीने में ना सही तेरे सीने में ही सही आग लगी है तो आग जलनी चाहिए। महापौर ने कहा कि मंत्री जी आपसे बहुत उम्मीद है। आप लोगों के बयानबाजी की जगह दोनों मुद्दों पर बैठक करें।

### एनपीयू के कुलपति ने की राज्यपाल से मुलाकात, विवि की स्थिति की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉक्टर राम लखन सिंह ने झारखंड के नव पदस्थापित राज्यपाल सह झारखंड के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सी पी राधाकृष्णन से गुरूवार को रांची के राजभवन में मुलाकात की। प्रो सिंह द्वारा माननीय राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने राज्यपाल को नीलांबर पीतांबर विवि में नई शिक्षा नीति लागू करने, सिलेबस का परिमार्जन करने पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा, गेस्ट



फैकल्टी की बहाली तथा विवि के नए प्रशासनिक भवन में विवि का शीघ्र स्थानांतरण आदि तथ्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस पर राज्यपाल द्वारा विवि के क्रियाकलाप में और भी बेहतर बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। कुलपति द्वारा आश्वासन दिया गया कि विवि के बेहतरी के लिए और भी आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे।

### प्राचार्य सांकेतिक प्रदर्शन को हल्के में ना लें : विदेशी पांडेय



मेदिनीनगर। एआईएसएफ ने छात्रों की समस्या को लेकर जनता शिवरात्रि महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय संकेतिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने की। मौके पर जनता शिवरात्रि महाविद्यालय अध्यक्ष हिमांशु रंजन ने कहा कि प्राचार्य से पूर्व में ही शैक्षणिक अराजकता दूर करने हेतु 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था मगर उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। आज उनको पुनः याद दिलाने हेतु संकेतिक प्रदर्शन किए हैं, लड़ाई आगे भी बढ़ेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने कहा महाविधालय में प्राचार्य एकात्मक शासन चलाने में इतने लिप्त हैं कि वो भूल गए की देश में लोकतंत्र हैं। प्राचार्य संकेतिक प्रदर्शन को हल्के में लेने का भूल ना करें आगे और भी उग्र आंदोलन होगा। मौके पर जिला कार्यक्रारी अध्यक्ष राहुल कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर सौरव कुमार पाठक, मुकेश कुमार, प्रिंस राज गुप्ता, हरि नारायण यादव, रवि रंजन, जिला महासचिव सह महाविद्यालय प्रभारी कौशल किशोर शामिल थे।

### सीता+2 हाई स्कूल के 70 छात्रों ने नेशनल आइटीआइ का भ्रमण किया



**हरिहरगंज पलामू।** मेन रोड स्थित सीता प्लस टू हाई स्कूल में पढ़ाई कर रहे कक्षा 9 से 12वीं क्लास के 70 विद्यार्थियों ने बुधवार को कौआखोह स्थित नेशनल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया। सभी छात्रों को प्रशिक्षण संस्थान के चेयरमैन सत्येंद्र मेहता, मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन तथा कंप्यूटर शिक्षक रम्मी सिंह, मुख्य अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह के उपस्थिति में विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को कंप्यूटर से संबंधित जानकारी भी दी गई। छात्रों के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिंदेश्वरी चौधरी, वोकेशनल शिक्षक कुमार संतोष मौजूद थे। सभी छात्रों को प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र भी दिया गया। इस मौके पर संस्थान के अनुदेशक कुंदन सिंह, प्रशांत कुमार, आशुतोष सिंह, राहुल ठाकुर, सुदेश कुमार,कंप्यूटर शिक्षक राहुल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### आत्मा पलामू ने रबी मौसम में किया किसान पाठशाला आयोजित



**मनातू पलामू।** आत्मा पलामू के द्वारा एनएमएइटी योजना अंतर्गत मनातू प्रखण्ड के नौडीहा पंचायत के ग्राम नौडीहा में रबी मौसम (2022-23) में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस पाठशाला में संचालक नाजनी निशान के खेत में एसडब्लूआई विधि से पंक्तिबद्ध तरीके से गेहूं लगवाया गया है। समेकित खरपतवार, उर्वरक उचित मात्रा में प्रयोग करने की जानकारी प्रयोग कर के दी गई।

### एनसीपी नेता सूर्या सिंह ने हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

भावी रणनीति पर किया विचार विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता लगातार हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या से रु ब रू हो रहे है। इस बीच लगातार कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर वर्तमान व भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श कर रहे हैं। गुरुवार को हैदरनगर देवी धाम परिसर में प्रखंड के गांव गांव के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि एनसीपी स्वच्छ और धर्मनिरपेक्ष राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जिन गांव में विकास के कार्य नहीं हुए हैं, उसे वह प्राथमिकता के आधार पर विधायक



कमलेश कुमार सिंह जी व अधिकारियों से बात कर करवाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी और विधायक सभी के लिए है। एक भी गांव विकास के मामले में पीछे नहीं रहेगा। बैठक में एनसीपी के प्रदेश महासचिव इंटक नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि पार्टी सभी के सुख दुख में साथ रहती है। कोई कार्यकर्ता या जनता किसी भी वक्त विधायक से संपर्क कर सकते हैं। यह व्यवस्था 2005 से लगातार चल रही है।

### एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण आज से

सतबरवा पलामू। मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफ एल एन) का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड संसाधन केंद्र सतबरवा में शुक्रवार से शुरू होगा। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत सहायक शिक्षक तथा सहायक अध्यापक प्रशिक्षण लेंगे। उक्त जानकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि एफ एल एन प्रशिक्षण दो बैच में शुरू किया जा रहा है जिसमें 40 -40 शिक्षक प्रशिक्षण लेंगे। बीपीओ श्री तिवारी ने बताया कि दोनों बैच के प्रशिक्षण में शामिल होने वाले प्रशिक्षु शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है। वहीं उन्होंने बताया कि निपुण योजना के माध्यम से2026-27 तक प्रत्येक बच्चे को तीसरी कक्षा के अंत तक पढ़ने, लिखने एवं अंक गणित को सीखने की क्षमता प्रदान की जाएगी जिसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### जल्द होगा पंचमुखी हनुमानजी का भव्यमंदिर निर्माण



हुसैनाबाद पलामू। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नम्बर 10 कुर्मी टोला स्थित श्री श्री पंचमुखी हनुमानजी की भव्य मंदिर निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में हैं । जिसका प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पूर्ण कर ली गयी हैं। आपको बता दे की इस मन्दिर के निर्माण में जपला के कई बड़े व्यावसायिक लगे हुए है और पांच भुजाओं की मूर्ति राजस्थान से मंगाया जा रहा हैं वही भव्य यज्ञ की तैयारी हैं। आयोजको के द्वारा आमंत्रण पत्र भी तैयार हैं जिसमे 09 मार्च को पूजा प्रराम्भ 10 मार्च को कलश यात्रा,11मार्च को मूर्ति संस्कार 12 को मूर्ति की शोभायात्रा व नगर भ्रमण एवं 13 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा का कार्यक्रम रखा गया हैं। ये जानकारी देते हुए प्रतिष्ठित व्यासायिक अजित अग्रवाल उर्फ लाला ने कहा कि पुण्य कार्य मे नगर के सभी लोग बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।

# डीएमओ व डीटीओ के नेतृत्व में अवैध कोयले को लेकर तुबेद कोल माइंस में छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन की सूचना पर उपायुक्त के निर्देश के आलोक में बुधवार की रात्रि 11 बजे जिला खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा तुबेद कोल माइंस क्षेत्र में छापेमारी की गयी। छापेमारी जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह एवं जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में हुई। छापेमारी में खनन क्षेत्र से अवैध कोयला खनन कर ले जाते दो बाईक पकड़ा गया एवं बाईक में लदे चार टन कोयला को भी जप्त किया गया एवं बाइक चालक समेत सभी अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लातेहार थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। छापेमारी के दौरान अंधेरे का फायदा उठा कर आठ से दस बाईक एवं साइकिल चालक जिसमें कोयला लदा हुआ था भागने में कामयाब हो गए। जिला टास्क फोर्स की टीम को सबसे चैंकाने वाली बात यह भी की अवैध खनन पर



बरामद वाहन।

रोक लगाने या निगरानी करने के लिए एक भी डीवीसी के कर्मी नहीं थे जिसके बाद डीएमओ के द्वारा डीवीसी के कर्मी की संलिप्ता का संदेह किया एवं जांच करने का भी निर्देश दिया गया है।

**ऐसे हुई कार्रवाई :** उपायुक्त को तुबेद कोल माइंस क्षेत्र में अवैध कोयले की खनन की सूचना मिल रही थी जिसके बाद डीटीओ संतोष सिंह एवं डीएमओ आनंद कुमार समेत जिला खनन टास्क फोर्स में शामिल धर्मेन्द्र नाथ राय,सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के द्वारा बुधवार की रात्रि 11:10 में तुबेद कोल ब्लॉक क्षेत्र हेरहंज के रास्ते में अवैध कोयला बाइक एव साइकिल पर ले जाते दस से 12 की संख्या में दिखायी दिए,जिसके बाद टास्क फोर्स की टीम दो बाइक जेएच19सी-4678 मालिक सुनील उरांव,पिता वठन उरांव, सोहदाग, कैमा एवं बाइक संख्या जेएच-01ए-9145 वाहन पोर्टल पर निबंधित नहीं था उसे पकड़ा गया एवं बाइक में लदे चार टन कोयले को जप्त कर लिया। वही अन्य बाइक चालक एवं साइकिल रात्रि का फायदा उठा कर भागने में गए। जिसके बाद वाहन चालक समेत संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी।

**अवैध कोयला खनन परिवहन एवं भंडारण पर होगी संख्त कार्रवाईः डीटीओ :** जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त सभी व्यक्त्यिों को चिहिंत कर कार्रवाई की जाएगी।

# राशन वितरण में अनियमितता करने वाले डीलरों पर हो कार्रवाई : सरोज

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित विधायक कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर राशन वितरण में अनियमितता कर गरीबों का हक छिनने वाले डीलर पर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनवितरण प्रणाली के अनुज्ञप्ति संख्या 17/85 के दुकानदार विजय कुमार जायसवाल पर डेमा ग्राम के कार्डधारियों ने कम राशन देने सहित कई आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। जिसमें डीलर पर वर्ष 2021 तथा 2022 में सितम्बर माह का तथा वर्ष 2023 के जनवरी तथा फरवरी माह का राज्य सरकार प्रदत राशन का वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुए विधायक से कार्रवाई की मांग की है। कार्डधारी सावित्री देवी, सुनीता देवी, कोलेश्वरी देवी, प्रयाग वर्मा, सूरज कुमार, रवि कुमार, सत्येंद्र मेहता, मनीष कुमार, रामजय यादव, रामनारायण यादव, जयनंदन यादव, तेजस्वी यादव, रोहित यादव, चंद्रमा सिंह, कलावती देवी, ललन कुमार सिंह, लालमुनि देवी, बीरबल यादव, शांति देवी, बसंत कुमार, सुदर्शन कुमार मेहता, उमेश मेहता, हरिओम कुमार, रौशन कुमार, रिंकू कुमार, शशि कुमार, सुदय यादव सहित कई लोगों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन में उक्त डीलर पर प्रति यूनिट 1 किलोग्राम अनाज कम देने की बात कही गई है।

स्पीड न्यूज

## महाधिवेशन में भाग लेने वाले कांग्रेसियों को रमेश ठाकुर ने दी विदाई

**चक्रधरपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 85वां महाधिवेशन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होने जा रहा है। महाधिवेशन में शामिल होने के लिए गुरूवार को जिले के कांग्रेसी चक्रधरपुर स्टेशन से रवाना हुए। महाधिवेशन में जाने वाले कांग्रेसी नेताओं को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर चक्रधरपुर नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने विदाई दी। इस मौके पर रमेश ठाकुर ने कहा देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ही है। कांग्रेस ने देश मे लंबे समय से शासन किया, जिसका परिणाम है कि देश में बड़े अस्पताल, शिक्षण संस्थान, बैंकों का राष्ट्रीयकरण आदि कार्य हुए। महाधिवेशन में भाग लेने जाने वालों में पूर्व मंत्री सह अविभाजित बिहार के डिप्टी स्पीकर सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चाम्पिया, पीसीसी डेलिगेट राजेश शुक्ला, मायाधर बेहरा, मासूम रजा, यशवीर बिरुवा शामिल रहे।

## 26 को भगेरिया फाउंडेशन का रक्तदान शिविर

**चक्रधरपुर।** आगामी 26 फरवरी को भगेरिया फाउंडेशन चक्रधरपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भगेरिया फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद भगेरिया ने दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान शिविर का आयोजन शहर के चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्थित विवाह मंडप में किया जाएगा। रक्तदान कर आप पुण्य के भागी बनें। आपका रक्त किसी के काम आ सकता है और उसका जीवन बच सकता है। इसलिए हर किसी का रक्तदान करना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से शिविर में आकर रक्तदान करने की अपील की है।

## तीर्थयात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने बीडीओ से की मुलाकात

**चक्रधरपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन से लौटे चक्रधरपुर के श्रद्धालुओं ने गुरूवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यात्रा के अनुभव साझा करते हुए सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही तीर्थ के दौरान लाए उपहार भी बीडीओ को भेंट किए। मालूम हो कि चक्रधरपुर प्रखंड के 13 मुस्लिम धर्मावलंबी अजमेर शरीफ, फतेहपुर सिकरी व आगरा आदि जगहों का भ्रमण कर तीर्थ स्थल का आनन्द उठाया। चक्रधरपुर से जाने वाले मुख्य तीर्थ यात्री मुन्ना खान, सीमीदीरी पंचायत के उप मुखिया मोहम्मद सद्दाम हुसैन, रियाज आलम, मोहम्मद शहाबुद्दीन, तश्ववर हुसैन, मंसूर आलम, इनामुल हक, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद इस्लाम शामिल रहे।

## बाइक चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** बाईक चोरी के आरोप में नगर थाना पुलिस एक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के राखाबानी निवासी सुदीप सिंह है। जानकारी के अनुसार बीते 17 फरवरी को वी मार्ट के समीप से बाईक की चोरी हुई थी। मामले में बाईक के मालिक जिलाउल हसन सर्वर ने चोरी की लिखित शिकायत की। पुलिस मामला दर्ज करते हुए छानबीन में जुट गई थी।

फेसबुक फ्रेंड से मिलने को दुमका पहुंच गयी किशोरी

# नहीं मिला ब्वायफ्रेंड, आरपीएफ ने किशोरी को चाइल्डलाइन को सौंपा

### बाल कल्याण समिति ने किशोरी को उसके चाचा के साथ भेजा घर

खबर मन्त्र संवाददाता



सुनवाई करते सीडब्लूसी सदस्य।

**दुमका।** हजारीबाग की एक 15 वर्षीय किशोरी अपने फेसबुक फ्रेंड से मिलने के लिए इंटरसिटी ट्रेन से दुमका रेलवे स्टेशन पहुंच गयी पर उसका दोस्त उससे मिलने नहीं आया। किशोरी को अकेली देखकर आरपीएफ ने उससे पूछताछ की और फिर उसे चाइल्उलाइन दुमका को सौंप दिया। मंगलवार की रात इस किशोरी को समिति ने बालिका गृह में आवासित कर दिया। बुधवार को चाइल्डलाइन दुमका की टीम मेंबर शांतिलता हेम्ब्रम ने किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जबकि हजारीबाग से आये उसके चाचा भी समिति के समक्ष उपस्थित हुए। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने इस मामले की सुनवायी की। किशोरी ने अपने बयान में बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और मां ने दूसरी शादी कर ली है। वह अपने चाचा के घर में रहती है। उसने मैट्रिक तक पढ़ाई की है। वह 20 फरवरी को घर से 500 रुपये लेकर निकली। वह बस से रांची और फिर इंटरसिटी ट्रेन से दुमका आ गयी जहां उसे अपने दोस्त से मिलना था जो दो माह से उसके संपर्क में था। पर उसका दोस्त दुमका रेलवे स्टेशन पर नहीं मिला। वह उससे शादी करना चाहती है पर सहेली के मोबाइल पर कान्फरेंस के माध्यम से बात होने के बावजूद वह उससे मिलने नहीं आया। वह उसके घर का पता भी नहीं जानती थी। उसने कहा कि वह अपने चाचा के साथ घर वापस जाना चाहती है। वह दोबारा घर से नहीं भागेगी और 18 वर्ष होने के बाद ही शादी करेगी।

सीसीएल में काम करनेवाले उसके चाचा ने अपने बयान में बताया कि 21 फरवरी की सुबह उन्हें किशोरी के गायब होने के बारे में पता चला। खोजबीन की तो मालुम हुआ कि वह दुमका में मिली है। वह रात में ही गाड़ी लेकर दुमका के लिए रवाना हो गये। वह किशोरी को अपने साथ ले जाएंगे और उसे अच्छी तरह से रखेंगे। साथ ही उसका नामांकन इंटरमिडिएट में करवा देंगे। समिति ने किशोरी को उसके चांचा को सौंपते हुए हजारीबाग के बाल कल्याण समिति के समक्ष सात दिनों के अंदर किशोरी को प्रस्तुत करने का आदेश पारित करते हुए किशोरी को उसके घर भेज दिया।

# आसनसोल रेलवे डिवीजन के डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण


निरीक्षण करते डीआरएम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आसनसोल रेलवे डिविजन के डीआरएम परमानंद शर्मा ने बुधवार को दुमका रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण कोयला रैक यार्ड का किया। इस अवसर पर डीआरएम ने बताया कि कोयला रैक प्वाईंट कोयला लोडिंग व परिवहन को लिए है। कोयला लोडिंग के लिए रैक प्वाईंट है। देश के लिए पावर जेनरेशन के लिए कोयले की जरूरत है। आने वाले गर्मी मौसम में पावर का अधिक खपत होने वाला है। जो पोजिशन है, आने वाले समय में उसके हिसाब से सभी थर्मल प्लांट को अपनी क्षमता के अनुसार काम करना होगा, नही तो आम जनता को देश को बिजली की कमी हो

### सांसद सुनील सोरेन के कोयला रैक प्वाइंट के स्थानांतरण को डीआरएम ने एक सिरे से नकारा

जायेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि यहां से कोयले का जो टारगेट है, उसमें किसी प्रकार की कमी नहीं हो। साथ ही काम करने के बाकी पारामिटर को ध्यान देने की जरूरत है। चाहे प्रदुषण नियंत्रण, परिवहन एवं सुरक्षा के मापदंडों के किसी प्रकार की समझौता नहीं किया जा सकता है। डीआरएम ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य है कि पावर स्टेशन में कोयले की कमी नहीं होने दे किसी भी हालत में। जो की देश के लिए अति महत्वपूर्ण है। इन्हीं मापदंडों का निरीक्षण करने पहुंचे है। सांसद के कोयला रैक प्वाईंट के स्थानांतरण के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। क्षेत्र में कोयले की कई खादाने है और भी कई खादानें खुलने है। कोयला परिवहन को लेकर यार्ड और जगह की कमी हो रही है। लेकिन वर्तमान कोयले यार्ड को स्थानांतरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। डीआरएम ने बताया कि साल भर में प्रदुषण नियंत्रण समेत कई गाईड लाईन जारी कर और समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरूस्त करने का प्रयास किया गया है। गौरतलब हो कि भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने प्रेसवार्ता कर कोयला रैक यार्ड को अन्यत्र स्थानांतरण करने और जामा प्रखंड क्षेत्र के होने की बात ही थी। जिसे डीआरएम ने एक सिरे से नकार दिया है।

# एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर हुआ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एएन कॉलेज के एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को हुआ। समापन समारोह सम्पन्न की अध्यक्षता प्राचार्य डा संजय कुमार सिंह, एवं विशिष्ट अतिथि वित्त पदाधिकारी डा नवीन कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से आप नियमित क्रिया-कलाप में सहभागी बनाकर अपना गुणात्मक विकास कर सकते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि विशेष शिविर का समापन से ही आपके कार्य विधिवत आज से प्रारंभ हो रहा है। कॉलेज से अनेक तरह के पुरस्कार छात्र प्राप्त करते रहते हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार तक एनएसएस के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। प्राचार्य ने यूनिट-5 के 2022 का उत्कृष्ट स्वयंसेवक सम्मान सुदीप कुमार को दिया। स्वयंसेवक राहुल मंडल को डॉ नवीन कुमार सिंह, नितेश ठाकुर को डॉ बनानी सिन्हा एवं राजीव कुमार को प्राचार्य ने सम्मानित किया। यूनिट- 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय कुमार पाठक, यूनिट- 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा एवं यूनिट- 5 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अन्हद लाल रहे। सभी यूनिट में 50-50 स्वयंसेवक छात्र शामिल थे। अतिथियों ने स्वंयसेवकों को एनएसएस का मोटो ह्वनॉट मी बट यूह्ल को आत्मसात करने को कहा। स्वयंसेवकों में सुदीप कुमार, कुमार अभिनव, शिवम कुमार मंडल, संजना सिंह, बासंती मुर्मू, माधुरी कुमारी, चमेली कुमारी, चंदना कुमारी आदि ने अपनी प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो अन्हद लाल, स्वागत भाषण डॉ संजय कुमार पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रमोद कुमार झा ने किया।

# एसकेएमयू की क्रिकेट टीम भुवनेश्वर रवाना, टूर्नामेंट प्रारंभ होगा 24 से



टीम को रवाना करतीं एसएकेएमयू प्रशासन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम भुनेश्वर के लिए बुधवार को रवाना हुई। कुलपति डॉ. सोना झरिया मिंज एवं विश्वविद्यालय खेल निदेशक डॉ. शम्स तबरेज खान ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। एसकेएमयू की टीम ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई। टीम को रवाना करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा विशेष रूप से पंहुचे थे। 20-20 क्रिकेट टूनार्मेंट 24 फरवरी से आयोजित होगी। टूनार्मेंट 24 से 28 फरवरी तक आयोजित होगी। टूनार्मेंट में ईस्ट जोन से देश के 65 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। विदित हो कि गोड्डा में आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 16 छात्रों का चयन इस टीम में हुआ है। टीम मैनेजर सूरज कुमार पाठक एवं टीम कोच मो. गुफरान के नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। इस अवसर पर रेस्लिंग कोच मो. फरीद भी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### शतचंडी महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आज

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पावर हाउस डंडाडीह में श्री श्री रथाही मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा आज निकली जाएगी। महायज्ञ को लेकर भव्य पंडाल, तोरण द्वार एवं यज्ञशाला का कार्य पूर्ण हो गया है। नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक से बढ़कर एक झूला व मीना बाजार आदि लगाया जा रहा है। कलश यात्रा को लेकर मां रथाही महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया की नौ दिवसीय महायज्ञ आज से प्रारंभ हो रहा है। जिसका उद्घाटन मुख्य रूप से महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज ध्वजाधारी धाम कोडरमा व अन्य जनप्रतिनिधि होंगे।

### सरकारी शराब दुकानों में कार्यरत कर्मियों को नहीं मिला पांच महीनों से वेतन

**जयनगर (कोडरमा)।** सरकारी स्तर पर जिले में संचालित दर्जनों शराब की दुकानें में कार्यरत कर्मियों को 5 महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण सभी कर्मियों को अपने परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है। कर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त आदित्य रंजन को सौंपा था, जिसमें कर्मियों ने भुगतान करने की मांग किया था।

### पति ने चलती ट्रेन से कूद कर दी जान

**जयनगर (कोडरमा)।** धनबाद-गया रेलखंड के डुमरी रेलवेघ फाटक के समीप बुधवार की सुबहघ एक यात्री ने ट्रेन में पत्नी से हुएघ विवाद के बाद चलती ट्रेन से कूदघ कर आत्महत्या कर ली। इस घटना मेंघ युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहींघ युवक की पहचान 26 वर्षीय संजीव कुमार बदायूं उझानी मोहल्लाथाना बहादुरगंज जिला बदायूं उत्तरघ प्रदेश निवासी के रूप में की गई है।

# एसपी कॉलेज के एनएसएस का शिविर संपन्न, बेहतर करने वाले सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता


स्वयंसेवक छात्रों को सम्मानित करते अतिथि।

**दुमका।** एसपी कॉलेज के एनएसएस इकाई 12 का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को करहड़बिल गांव में हुआ। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में एनएसएस के विशेष शिविर का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ धनंजय मिश्र उपस्थित हुए। साथ ही डॉ कुणाल पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन समारोह पर स्वयंसेवक छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का निबंध, स्लोगन, कविता, स्पीच, व्यक्तित्व प्रदर्शन आदि किया गया। समारोह में रंजित कुमार मंडल ने बांसुरी की बेहतर कला का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ यादव ने शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों को बेहतर भागीदारी के लिए बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# कलशयात्रा के साथ दुर्गाबाड़ी का वार्षिकोत्सव शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुआडांड़।** स्थानीय दुगार्बाड़ी में मां दुर्गे की स्थापना की 15वाँ वर्षगांठ को लेकर गुरूवार को गाजेबाजे एवं भगवा ध्वज के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई। ये कलशयात्रा दुगार्बाड़ी प्रांगण से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर चौक होते हुए रामपुर नदी पहुंची, जहां आचार्य सर्वेश कुमार पाठक, अवधेश पाठक, श्रीकांत मिश्रा, मुरारी पाठक, रामाशीष पांडेय, नागेन्द्र पांडेय, दयानन्द पाठक आदि पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा गया। यहां से कलशयात्रा पुनः डीपाटोली, पकरीमुहल्ला होते वापस दुगार्बाड़ी पहुंची, जहां यज्ञ वेदी का परिक्रमा करने के उपरांत सभी कलशों को प्रतिष्ठापित किया गया। इसी के साथ ही सतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ हो गया। कलशयात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। मुख्य यजमान के रूप में सत्येंद्र प्रसाद सपत्नी शामिल हुए। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू महासभा की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन एवं एसडीपीओ राजेश कुजूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, संजय जायसवाल, बजरंग दल के सुरज प्रसाद, संतोष गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, भानु प्रसाद, शंभू प्रसाद, रमेश जायसवाल, अवधेश जायसवाल, मनोज जायसवाल (किराना) आदि समेत हिन्दू महासभा कार्यकारिणी समिति के सदस्य सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

# चक्रधरपुर में पौने आठ करोड़ से बनेंगे दो उच्च स्तरीय पुल

## विधायक सुखराम उरांव ने किया शिलान्यास, ब्राह्मणी व संजय नदी पर होगा निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** ग्रामीणों की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी हो गई। चक्रधरपुर नगर के पुरानी बस्ती स्थित संजय नदी एवं प्रखंड के केरा पंचायत के ब्राह्मणी नदी से परोम जारकी मध्य विद्यालय तक पुल का निर्माण होगा। करीब पौने आठ करोड़ रुपए की लागत से दोनों पुल का निर्माण होगा। गुरूवार को विधायक सुखराम उरांव ने शिलापट का अनावरण कर दोनों पुल का शिलान्यास किया। पुरानी बस्ती के संजय नदी पर चार करोड़ रुपए एवं ब्राह्मणी नदी पर 3.8 करोड़ रुपए की लागत से पुल बनेगा। इस मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि दोनों पुल का निर्माण होना जनहित में आवश्यक था। ग्रामीण लंबे समय से पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए पुल निर्माण की अनुंशसा की गई थी। कहा कि पुल के निर्माण से दूरी कम होगी और सैकड़ों लोग इससे लाभान्वित होंगे। संजय नदी पर पुल के बनने से कालेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को कम दूरी तय करनी पड़ेगी। विधायक ने कहा चक्रधरपुर विस क्षेत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण पुल-पुलिया व सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाई गई है।

जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। शिलान्यास के मौके पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जितेंद्र पासवान, सहायक अभियंता राम भगत, कौशल किशोर भगत, पूर्व वार्ड पार्षद दिनेश जेना, केरा पंचायत के पूर्व मुखिया सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय हांसदा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह सामाड, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रोम, झामुमो के केंद्रीय सदस्य राहुल आदित्य, वेद प्रकाश दास आदि उपस्थित थे।

# गोपीनाथपुर बनेगा आदर्श पंचायत मुखिया सेलाय ने तैयार किया खाका

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** गोपीनाथपुर पंचायत के मुखिया सेलाय मुंडा पंचायत के सर्वांगीण विकास को लेकर गंभीर है। इसे लेकर गुरूवार को उन्होंने पंचायत भवन में नव पदस्थापित पंचायत सेवक श्याम सुंदर महतो, रोजगार सेवक चम्पाइ केराई व कनीय अभियंता मोहम्मद आदिल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मुखिया ने अधिकारियों को पंचायत के भौगोलिक स्थिति से अवगत कराते हुए योजना तैयार करने को कहा।

मुखिया ने कहा विकास योजनाएं गुणवत्तापूर्ण घरातल पर उतारे, जिससे पंचायत में विकास कार्य नजर आए। इसके अलावा ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने, पलायन एवं गैर कानूनी कार्य में रोक लगाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग मांगा। बैठक में शंकर लोहार, नरसिंह मुंडा, अजीत प्रधान, मंटू प्रधान, गौतम प्रधान, जीवन गागराई, बन बिहारी लोहार आदि उपस्थित रहे।




# टी-20 वर्ल्ड कप : सेमीफाइनल में 5 रन से हारकर बाहर हुआ भारत

**एजेंसी**

**केप टाउन।** महिला टी-20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में भारत का सामना डिफेंडिंग चैंपियंस ऑस्ट्रेलिया से था। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पांच रन से हरा दिया। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम इस टूर्नामेंट में सातवीं बार फाइनल में पहुंच चुकी है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का टी-20 विश्व कप जीतने का सपना एकबार फिर टूट गया है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में भारत को पांच रन से हरा दिया। साउथ अफ्रीका में खेले जा रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्व के पहले सेमीफाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शानदार जंग देखने को मिली। कंगारू टीम ने भारत के सामने 173 रन का विशाल लक्ष्य रखा था। भारत जीत के करीब थी लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर की अर्धशतकीय पारी एक रन आउट से समाप्त हुई। अंत में कंगारू टीम ने इस मैच में 5 रन से जीत दर्ज की और फाइनल का टिकट काट लिया है। भारत की तरफ से कौर ने 52 रन की पारी खेली। वहीं, जेमिमा रॉड्रिग्स ने 43 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए सेमीफाइनल के इस अहम मुकाबले में ओपनर बेथ मूनी ने 37 गेंद पर 54 रन बनाए। वहीं कप्तान मेग लेनिंग ने 34 गेंद पर 4 चौके और 2 छक्के की मदद से नाबाद 49 रन की पारी खेल स्कोर 172 रन तक पहुंचाया। भारत के लिए शिखा पांडे ने 2 जबकि दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने 1-1 विकेट लिए।




**हरमनप्रीत का अर्धशतक :** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने करियर का 10वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ 41 गेंदों पर 69 रन की साझेदारी की।

**भारतीय टीम में 3 बदलाव, ऑस्ट्रेलिया में 2 :** सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम 3 बदलाव के साथ उतरी है। बीमार पूजा वस्त्राकर की जगह स्नेह राणा, देविका वैद्य की यस्तिका भाटिया और राजेश्वरी गायकवाड़ की जगह राधा यादव को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम में एलाना किंग की जगह जैस जोनासेन और एनाबेल सदरलैंड की जगह एलीसा हिली को प्लेइंग में शामिल किया गया है।

### ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 172 रन

केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 172 रन बनाए। उसकी ओर से बेथ मूनी ने सबसे ज्यादा 54 रन की पारी खेली। कप्तान मेग लेनिंग ने नाबाद 49 रन बनाए। भारत की ओर से शिखा पांडेय ने दो विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और राधा यादव को एक-एक विकेट मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्ज, रिचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, शिखा पांडे, राधा यादव और रेणुका सिंह।

**ऑस्ट्रेलिया** : मेग लेनिंग (कप्तान), एलिसा हीली, बेथ मूनी, एलीस पेरी, एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैक्ग्रा, ग्रेस हैरिस, मीगन शट, जैस जोनासेन, डार्सी ब्राउन और जॉर्जिया वेयरहम।

# इंडिया-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान

## ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श और जे. रिचर्डसन शामिल








**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है। टीम में ओपनर डेविड वॉर्नर का नाम भी है। उनके अलावा कंगारू टीम में 3 धाकड़ प्लेयर्स को शामिल किया है। ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श को जे. रिचर्डसन को 17 मार्च से शुरू होने वाली भारत वनडे सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम में डेविड वॉर्नर को भी शामिल किया गया है, जो हाल ही में कोहनी में फ्रैक्चर के कारण चल रही भारत के खिलाफ शेष दो टेस्ट से बाहर हो गए थे। स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर एश्टन एगर को भी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर किए जाने के बाद टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को जगह नहीं मिली है क्योंकि वह चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा- जोश के लिए इस सीरीज का हिस्सा बनना बहुत अच्छा होगा, लेकिन इंग्लैंड में एक बहुत महत्वपूर्ण सीरीज से पहले हमने एक अच्छी टीम चुनी है। तीन मैचों की सीरीज से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को पता चलेगा कि इस साल के अंत में भारत में होने वाले विश्व कप में उन्हें किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

बेली ने कहा- विश्व कप सिर्फ सात महीने दूर है। भारत में ये मैच हमारी तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण है। ग्लेन, मिशेल और जे. सभी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। मार्श की पिछले साल टखने की सर्जरी हुई थी, जिसके कारण वह तीन महीने के लिए बाहर हो गए थे, जबकि मैक्सवेल का पैर पिछले साल नवंबर में एक बैकयार्ड बर्थडे पार्टी के दौरान टूट गया था। रिचर्डसन ने आखिरी बार श्रीलंका दौरे के दौरान पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के लिए एक सफेद गेंद की सीरीज खेली थी और इस साल जनवरी के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।

### कार्लोस अल्कारेज रियो ओपन जीतकर दूसरे दौर में बनाई जगह

**रियो डी जिनेरियो।** शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने मातियस आल्वेस को सीधे सेट में हराकर रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। 19 साल के गत चैंपियन अल्कारेज ने पिछले दिन बारिश के कारण स्थगित हुए मैच के अंतिम दो गेम जीतकर बुधवार को आल्वेस को 6-4 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। अल्कारेज अगले दौर में फाबियो फोगनिनी से भिड़ेंगे जिन्होंने इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में टॉमस बारियोस को 6-2 6-3 से हराया। स्पेन के किशोर अल्कारेज पैर के मांसपेशियों की चोट के कारण चार महीने कोर्ट से दूर रहे। उन्होंने पिछले हफ्ते अर्जेन्टीना ओपन के साथ वापसी की जहां उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन के बाद पहला खिताब जीता और इस दौरान सिर्फ एक सेट गंवाया।

### मैं 2024 तक खेलना चाहता हूं : डेविड वार्नर

**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने गुरुवार को कहा कि अगर चयनकर्ता उनके टेस्ट करियर को खत्म करने का फैसला करते हैं तो वह 2024 तक सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। कोहनी में फ्रेक्चर के कारण भारत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम दो मैच से बाहर होने के बाद वार्नर गुरुवार को यहां पहुंचे। वार्नर भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट में रन बनाने के लिए जूझते दिखे और तीन पारियों में एक, 10 और 15 रन ही बना पाए।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट की शुरूआत 10 मार्च से

**नयी दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने 10 मार्च से 20 मार्च 2023 तक दोहा, कतर में खेले जाने वाले एलएलसी मास्टर्स के पूर्ण कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। एलएलसी मास्टर्स के सभी मैच एशियन टाउन क्रिकेट स्टेडियम, दोहा, कतर में खेले जाएंगे। लीग का पहला मैच इंडियंस महाराजा और एशिया लायंस के बीच खेला जाएगा। कुल मिलाकर,लीग में आठ मैच खेले जाएंगे। सभी मैच एक ही स्थान पर निर्धारित हैं।

### खेल मंत्रालय ने ओवरसाइट कमेटी का कार्यकाल 2 हफ्ते बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप की जांच और कार्य संचालन के लिए गठित ओवरसाइट कमेटी का कार्यकाल 2 हफ्तों के लिए बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि कमेटी का कार्यकाल 2 हफ्तों के लिए बढ़ाया गया है। यह एक्सटेंशन कमेटी के कहने पर ही किया गया है। इससे पहले, मंत्रालय ने पूर्व रेसलर और राजनेता बबीता फोगाट को कमेटी में शामिल किया था।

# फुटबॉल में रेफरी पर शुरू हुआ बॉडी-कैमरे का इस्तेमाल



**एजेंसी**

**लंदन।** फुटबॉल ने खेल में तकनीक को समय-समय पर बढ़ावा दिया है। इसी क्रम में बॉडी-कैमरे का इस्तेमाल होना शुरू हुआ है। मिडिल्सब्रू, लिवरपूल, वॉर्सेस्टर और एसेक्स की लोअर लीग के मैच में रेफरी की बॉडी पर कैमरा लगाकर नया प्रयोग किया जा रहा है। दरअसल, कई बार खिलाड़ी मैच की गहमा-गहमी में अच्छे बर्ताव की सीमा अक्सर पार कर जाते हैं। वे रेफरी के साथ हिंसक तक हो जाते हैं। कई बार मारपीट की नौबत आई है। बॉडी कैमरे की मदद से रिकॉर्ड की गई वीडियो को किसी खिलाड़ी के खिलाफ उसके बर्ताव पर चल रही सुनवाई में इस्तेमाल किया जा सकेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि रेफरी के शरीर पर कैमरा लगाने से मैदान पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आएगा। बॉडी कैमरा बनाने वाली कंपनी लोअर लीग के 100 रेफरी पर इसे आजमाएगी। साथ ही, रेफरियों को कैमरा इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

# पनामा ने महिला विश्व कप में किया क्वालीफाई

**एजेंसी**

**हैमिल्टन।** पनामा ने गुरुवार को यहां पैराग्वे को प्ले ऑफ में 1-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इस साल होने वाले फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप का 32वां और अंतिम स्थान हासिल किया। पनामा की ओर से मैच का विजयी गोल स्थानापन्न खिलाड़ी लिनेथ सेकेनो ने 75वें मिनट में हैडर से दागा जिससे टीम पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही। पनामा को विश्व कप के ग्रुप एफ में ब्राजील, जमैका और फ्रांस के साथ जगह मिली है। पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड में हुए 10 टीम के अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ टूर्नामेंट से क्वालीफाई करने वाली पनामा तीसरी टीम है। इससे पहले हैती और पुर्तगाल ने भी पहली बार टूर्नामेंट में जगह बनाई।



### पूजा वस्त्राकर की जगह स्नेह राणा भारतीय टीम में शामिल

**दुबई।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने स्नेह राणा को भारतीय टीम में पूजा वस्त्राकर की जगह लेने की मंजूरी दे दी है। पूजा बीमार हैं और वह ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण (इसमें गले, नाक, ग्रसनी, स्वरयंत्र, साइनस और श्वास नली (विंडपाइप) शामिल हैं) से पीड़ित हैं। राणा, जिन्होंने 24 टी20 सहित 47 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, को पूजा के बाहर होने के बाद उनके प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया था।

# आईपीएल : एडन मार्करम बने सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण के लिए दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडन मार्करम को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी। 28 वर्षीय मार्करम के लिए कप्तानी कोई नई बात नहीं है। उनके नेतृत्व में इस महीने की शुरूआत में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने उद्घाटन एसए20 का खिताब जीता था। वह सीजन में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। ईस्टर्न केप के कप्तान के रूप में अपने समय के दौरान, मार्करम ने एक बहुआयामी खिलाड़ी और एक कप्तान के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मार्करम ने 127 की स्ट्राइक रेट से 369 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है।

# समरसेट ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के साथ किया करार

**एजेंसी**



**लंदन।** समरसेट ने 2023 सीजन के लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के साथ करार किया है। हेनरी काउंटी चैंपियनशिप और पूरे टी20 ब्लास्ट में सात मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। हेनरी पाकिस्तान में एकदिवसीय श्रृंखला के समापन के बाद टीम में शामिल होंगे और 11 मई को लंकाशायर के खिलाफ चैंपियनशिप मैच के साथ अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए अब तक सभी प्रारूपों में सिर्फ 89 मैच खेले हैं, हेनरी ने 2019 में विश्व कप फाइनल में अपने देश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हेनरी ने कहा, मुझे इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलने में मजा आता है और मैं समरसेट के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। मैंने वहां सेटअप के बारे में केवल अच्छी बातें सुनी हैं। मैं चुनौती से उत्साहित हूं, और मुझे उम्मीद है कि मैं समरसेट के लिए मैदान पर और बाहर दोनों जगह बड़ा योगदान दे सकता हूं। 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने इससे पहले काउंटी चैंपियनशिप में केंट के साथ अच्छा प्रदर्शन किया था और वह डबीशायर और वोस्टरशायर के लिए भी खेल चुके हैं।

## मुजफ्फरपुर में छात्रा को अगवा कर विदेश भेजने की कोशिश

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में लड़की का अपहरण कर विदेश में बेचने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक मो. एजाज पारू(24) को अगवा लड़की के साथ पटना एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। छात्रा(15) दसवीं का एग्जाम देकर वापस घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते से ही आरोपी युवक ने अगवा कर लिया था। इसके बाद सीधे पटना एयरपोर्ट पहुंच गया था। मामला 21 फरवरी की है। पटना एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ जवानों ने शक के आधार पर पूछताछ किया। इस दौरान आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी एजाज फ्लाइट से कोलकाता ले जाने के फिराक में था। वहां से फिर उसे दूसरे देश में भेजकर बेच देता। लेकिन, एयरपोर्ट पर ही उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक के पास से मिले मोबाइल में पुलिस को कई चौंकाने वाले वीडियो, रिकॉर्डिंग और फोटो मिले हैं।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, पंचायत ने दोनों को करवाई शादी

**बांका।** बांका में प्रेमिका से मिलने प्रेमी पहुंचा। जिसके बाद ग्रामीणों की पहल पर दोनों की शादी करवा दी गई। लड़के और लड़की के बीच पिछले 6 साल से अफेयर चल रहा था। गुरुवार को युवक प्रभु देव सिंह अपनी प्रेमिका रोजी कुमारी से मिलने उसके गांव पहुंचा था। दोनों की शादी में गांव के लोग ही बाराती बन गए। प्रेमी जोड़े और दोनों के परिवार वालों की रजामंदी से शादी कराई गई। मामला अमरपुर थाना इलाके के छोटी जानकीपुर गांव का है। युवक भागलपुर जिले के सजौर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव का रहने वाला है। पितांबर सिंह का बेटा प्रभु देव सिंह और रोजी कुमारी तेतरिया गांव स्थित कोचिंग में साथ-साथ पढ़ते थे। पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच प्रेम परवान चढ़ा। इसी बीच युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंचा था। युवती की मां को इसकी जानकारी हो गई। युवती की मां ने इसकी जानकारी पंचायत की सरपंच प्रेमलता देवी और पंचायत के पंचायत समिति सदस्य संध्या देवी को दी। गांव में पंचायत बुला दोनों की शादी करा दी गयी।

## पैसे की लेन-देन को लेकर दोस्त ने ली दोस्त की जान, आरोपी गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** सीतामढी में शराब के कारोबार में लिप्त एक दोस्त ने अपने दोस्त को पैसे के लेन देन में हत्या कर मौत की नींद सुला दी। मामला जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के लतिपुर गांव का है, जहां एक 22 वर्षीय युवक शव बंद बोरे से पुलिस ने बरामद किया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी मची हुई है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के दोस्तपुर गांव निवासी गणेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र विपुल कुमार के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गणेश अपने दोस्त लतिपुर गांव निवासी भोला राय के 23 वर्षीय पुत्र सिकंदर राय के साथ शराब का कारोबार करता है था। इसी बीच मंगलवार को दोनों एक साथ कही निकले हुए थे। बुधवार तक नहीं लौटने पर मृतक गणेश के परिजन स्थानीय थाना को इसकी सुचना दी और हत्या का आशंका जताते हुए लिखित आवेदन भी दिया। जिसके आलोक में आज सुबह बथनाहा थाना पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर मृतक का लाश और भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

## उपसभापति के पति से अपराधियों ने पूछा रास्ता फिर मार दी गोली

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज में अपराधियों ने सुल्तानगंज नगर परिषद के उपसभापति के पति रामधनी यादव को गोली मार दी। जिससे रामधनी यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा कि चुनाव को लेकर उन्हें गोली मारी गई। डॉक्टरों की मानें तो वह अभी खतरे से बाहर बताया जा रहा। वहीं, पुलिस द्वारा एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही। उप सभापति नीलम देवी ने बताया कि बाइक पर दो अपराधी घर के बाहर पहुंचे और भागलपुर जाने का रास्ता पूछा। जब तक रामधनी यादव रास्ता बताते तब तक एक अपराधी ने गोली मार दी गई और फिर फरार हो गए। वहीं, एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, एसएसपी आनन्द कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्टया से ऐसा लग रहा कि आपसी रंजिश को लेकर गोली मारी गई। इसमें एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही। उसके बाद ही घटना का हकीकत सामने आएगा। वहीं दूसरे अपराधी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# अभियंता भवन का घेराव करने पहुंचे छात्र पर हुआ लाठीचार्ज

**एजेंसी**



**पटना।** बीटीएससी चयनित कनिष्ठ अभियंताओं ने आज राजधानी पटना में प्रदर्शन किया। कनिष्ठ अभियंता अभियंता भवन का घेराव करने पहुंचे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। दरअसल चयनित अभ्यर्थी अभियंता कार्यालय के पास इकट्ठा हुए थे। अभियंता भवन के पास में ही बीजेपी और आरजेडी का कार्यालय भी है। अभियंता भवन में अभ्यर्थियों ने जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर सभी को वहां से भगा दिया। अभियंताओं का कहना है कि आयोग की ओर से 2019 में कनिष्ठ अभियंता जूनियर इंजीनियर के 6 हजार पदों की बहाली निकली थी। इस परीक्षा का रिजल्ट 4 साल बाद 2022 में आया। लेकिन कुछ दिन बाद हाईकोर्ट के आदेश से बहाली पर रोक लगा दी गई। सरकार का कहना है कि अब नए तरीके से अभियंताओं की भर्ती की जाएगी। जिसका विरोध ये अभ्यर्थी कर रहे हैं। पहले भी ये लोग धरना, प्रदर्शन और हंगामा कर चुके हैं।

# ममता बनर्जी होंगी मोदी के खिलाफ पीएम पद के लिए 'गेमचेंजर' उम्मीदवार : शत्रुघ्न सिन्हा

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाद अब अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा ने भी विपक्षी एकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में पीएम पद का उम्मीदवार कौन होगा? यह अभी मायने नहीं रखता है। अभी इस बात पर एकजुट होना चाहिए कौन 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को पीएम बनने से रोक सकता है। शत्रुघ्न सिन्हा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पीएम पद उम्मीदवार बनाए जाने की वकालत की। साथ ही सवाल भी



उठाया कि ममता बनर्जी पीएम पद का चेहरा क्यों नहीं हो सकती हैं? फिर इसका जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी में वह क्षमता है, जो देश के नेतृत्वकर्ता में होना चाहिए। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, ममता बनर्जी आगामी आम चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगी। चार साल पहले भाजपा छोड़ने वाले शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, ऐसा लगता है कि मेरे दोस्त, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे दिन खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा, नेता कौन होगा, यह बात हम लंबे समय से सुनते आ रहे हैं। जब तक नेहरू थे, तब भी लोग यही सवाल करते थे। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरफ से विपक्षी एकता की बात करना अच्छी बात है। लेकिन उन्होंने खुद को प्रधान मंत्री पद की दौड़ से बाहर कर लिया है।

### मोदी बन सकते हैं तो तेजस्वी में क्या दिक्कत?

वहीं बिहार में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलों पर शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि वह योग्य हैं, उन्हें विरासत में लालूजी से जो मिला है वह तो है। लेकिन अब उसके पास तजुर्बा भी है। सीएम-पीएम बनने के लिए आईएएस-आईपीएस की ट्रेनिंग की जरूरत नहीं है। आपके पास समर्थन व संख्या है तो आप भी बन सकते हैं। अगर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बन सकते हैं, तो तेजस्वी को क्या दिक्कत है? जनता का समर्थन हासिल करने वाला कोई भी व्यक्ति राजनीति में उठ सकता है।

## पेज 1 का शेष...

### हेमंत के चुनावी बाउंसर...

विपक्ष भी इन सभी मुद्दों को लेकर चुनावी सभा में लाल-पीला हो रहा है और सत्ताधारी दलों से असफलता के बेइंतहा सवाल दाग रहा है। उसका कहना है कि यूपीए ने झारखंड को सिर्फ पीछे धकेलने का काम किया है। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने यहां तक कहा है कि झारखंड और आदिवासियों की बबार्दी का इतिहास लिखा जायेगा तो इसमें सबसे बड़ा योगदान सोरेन राज परिवार के एक्सिडेंटल राजकुमार हेमंत सोरेन का नाम उपर होगा। श्री मरांडी ने ट्वीट कर सीएम पर पलटवार किया है। यहां की राजनीति में हर दिन नये-नये प्रयोग हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि झारखंड अब राजनीति का प्रयोगशाला बन गया है। ममता देवी के बच्चे का चुनावी सभाओं में दिखना इसी तरह का प्रयोग है।

**दुधमुंहे बच्चे को लेकर कांग्रेस का जोरदार दांव :** पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस ने लोगों के सामने ममता देवी और बजरंग महतो का मासूम बेटा को पेश किया जा रहा है। इस पर यूपीए व एनडीए की ओर से दावे-प्रतिदावे, घात-प्रतिघात किया जा रहा है। हालांकि, मीडिया के सवाल पर बजरंग महतो ने कहा कि इसे सीएम से मिलवाने के लिए लाया हूं। जबकि विपक्षी दल कहते हैं कि छोटे बच्चे को लेकर वोट मांग रहे हैं। पर सच तो यही है, इसे आप छोटा ना समझें यह काफी बुलंद है। भाजपा के रामगढ़ उपचुनाव प्रभारी आदित्य साहू कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी अपने वैचारिक दिवालियापन को हासिल कर चुकी है।

### यूपी-बिहार वालों का...

हमारे राज्य के सवा तीन करोड़ की जनता जागरूक और चालाक हो चुकी है। इसी वजह से 2019 विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को उखाड़ फेंका। इस उपचुनाव में भी यूपीए की ही जीत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने पूर्व विधायक ममता देवी को षड़यंत्र के तहत फंसाकर जेल भेजकर उनके दुधमुंहे बच्चे को मां की ममता से दूर कर दिया। इससे विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं में आक्रोश है और उन्होंने ममता देवी के पति महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो को विजय बनाने का निश्चय कर लिया है। चितरपुर, गोला की सभा सीएम ने बजरंग महतो के पक्ष में मतदान की अपील की।

**विकास विपक्ष को पच नहीं रहा :** हेमंत सोरेन ने कहा कि गठबंधन सरकार राज्य के विकास में लगी है। यही विकास कार्य विपक्ष को पच नहीं रहा है। आजसू-भाजपा मिलकर केंद्र सरकार के इशारे पर गठबंधन सरकार को गिराने का प्रयास किया। हमारे पीछे कई एजेंसियों को लगा दिया गया। लेकिन मैंने भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हमारी सरकार आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक के आशीर्वाद से चल रही है। यहां कुछ भी नहीं मिलने वाला है।

**हमारी सरकार ने रोजगार लोन दिया :** हेमंत ने कहा कि आज जब विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पशुधन योजना, कृषि योजना, रोजगार के लिए लोन की बात आती है तो वह महागठबंधन की सरकार ने लोगों को दिया है। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गयीं तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था। आज 15500 विधवाओं को यह सरकार पेंशन दे रही है। 2019 में मात्र 6000 वृद्ध को पेंशन का लाभ मिलता था। आज 45500 लोगों को पेंशन मिल रहा है।

स्पीड न्यूज

## शांति के दूत हैं दलाई लामा : रीजीजू

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा को शांति का दूत बताते हुए गुरुवार को कहा कि तिब्बतियों के हितों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने की जरूरत है। तिब्बती बौद्ध नववर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीजीजू ने यह भी कहा कि भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे तिब्बती समुदाय तक भी पहुंचाया जाना चाहिए।

## पाकिस्तान में टीटीपी के छह आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के एक अभियान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के छह आतंकवादी मारे गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकियों के खिलाफ अभियान आतंकवाद रोधी विभाग और लक्की मारवत जिले की पुलिस ने संयुक्त रूप से इलाके में टीटीपी लड़ाकों के होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद शुरू किया था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मारे गए आतंकवादी जिले के अब्बास्सा खटक थाने पर हमले की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई और आतंकवादियों तथा सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में टीटीपी के छह आतंकी मारे गए। हरियाणा का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश, कोई नया कर नहीं

## हरियाणा के बजट में कोई नया कर नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा की भाजपा और जजपा गठबंधन सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिये राज्य के इतिहास का आज तक का सबसे बड़ा 1,83,950 करोड़ रुपये का बजट पेश किया जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखने का प्रयास करते हुये कोई नया कर जनता पर थोपा नहीं गया है। वित्त मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विधानसभा में बजट पेश करते हुये जनता के लिये अनेक घोषणाएं कीं। उन्होंने राज्य में वृद्धावस्था पेंशन में 2,750 रुपये प्रतिमाह करने के साथ इसके लिये पात्रता आय सीमा भी दो बढ़ा कर तीन लाख रुपये करने की घोषणा की।

## वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष होंगे अजय बंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को मास्टरकार्ड के पूर्व सीईओ अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक का प्रमुख नामित किया। इससे पहले डेविड मलपास वर्ल्ड बैंक का नेतृत्व कर रहे थे। विश्व बैंक ने बुधवार को बताया था कि वह डेविड मलपास की जगह पर मई की शुरुआत में नए अध्यक्ष का चयन कर सकता है। दरअसल, पिछले हफ्ते डेविड मलपास ने वर्ल्ड बैंक के प्रमुख पद से इस्तीफे का ऐलान किया था।जो बाइडन ने कहा कि अजय बंगा इतिहास के इस महत्वपूर्ण क्षण में विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए सक्षम हैं।

## जासूसी के आरोप में पाक के 3 नागरिकों को सात वर्ष की सजा

**जयपुर।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान से वैध पासपोर्ट एवं वीजा पर भारत आए पाक जासूस और उसके दो सहयोगी पाकिस्तानी नागरिकों को जैसलमेर में भारतीय सेना की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान भिजवाने के मामले में सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट जयपुर महानगर प्रथम की अदालत ने इस मामले के आरोपी एवं पाकिस्तानी नागरिक नंदलाल उर्फ नंदू महाराज, गौरी शंकर एवं प्रेम चंद को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई। इनमें अभियुक्त नंदलाल को विदेशी अधिनियम की धाराओं में दोषी पाए जाने पर दो वर्ष के कठोर कारावास एवं अभियुक्त गौरीशंकर एवं प्रेमचंद को धारा 10 में दोषी पाए जाने पर एक वर्ष का कठोर कारावास की सजा एवं दस हजार का जुर्माना लगाया गया।

# दंपति की जिंदगी में फरिश्ता बना अनजान शख्स

## दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे 16 माह के बेटे के इलाज को दिया 15.31 करोड़ रुपये

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के एक दंपति को उनकी जिंदगी में फरिश्ता बनकर आए एक अनजान व्यक्ति से 15.31 करोड़ रुपये मिली है जिससे वह दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे अपने 16 माह के बेटे की जान बचा सकते हैं। मरीन इंजीनियर सारंग मेनन और अदिति नायर का बेटा निर्वाण स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-2 से पीड़ित है।

यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसकी एक बार की दवा की कीमत तकरीबन 17.3 करोड़ रुपये है। दंपति हाल में मुंबई से केरल चला गया। नायर ने बताया कि एक ऐप पर ऑनलाइन निधि एकत्रित करने के लिए पेज शुरू करने के बाद से ही दानराशि आनी शुरू हो गई लेकिन 15.31 करोड़ रुपये देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त है। जब निधि एकत्रित करने का अभियान शुरू किया गया तो मेनन ने



**मरीन इंजीनियर मेनन और अदिति का बेटा स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-2 से पीड़ित है**

17.50 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा था। नायर ने कहा कि हम बहुत खुश है कि इस योगदान से हम अपने लक्ष्य के बहुत करीब पहुंच गए हैं। मुझे लगता है कि हम बाकी की निधि अपने आप और अपने रिश्तेदारों तथा दोस्तों से जुटा लेंगे।

उन्होंने कहा कि हालांकि, हमें कुछ अनिवार्य जांच के लिए निर्वाण को मुंबई वापस लाने में कम से कम दो-तीन हफ्ते का वक्त लगेगा और अमेरिका से दवाई मुंबई पहुंचने में भी वक्त लगेगा। परिवार ने दवाई मंगाने के लिए पहले ही केंद्रीय वित्त मंत्रालय और आयात-निर्यात विभाग से संपर्क करना शुरू कर दिया है।

हिंदुजा हॉस्पिटल में बाल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. नीलू देसाई निर्वाण का इलाज करेंगी। एसएमए बीमारियों का एक समूह है जिसमें मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में हाथ, पैर, चेहरा, गला और जीभ की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाली विशेष तंत्रिका कोशिकाएं मर जाती हैं।

# अग्निवीरों की बहाली केवल ऑनलाइन, कोई बदलाव नहीं

## भर्ती रैली से पहले सीइइ परीक्षा होगी : सेना

**176 स्थानों होगी परीक्षा, पांच केंद्र चुन सकते हैं उम्मीदवार**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन साझा प्रवेश परीक्षा (सीईई) के लिए इस्तेमाल होने वाले पाठ्यक्रम या परीक्षा के तौर तरीके में कोई बदलाव नहीं किया गया है। भारतीय सेना के भर्ती महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. सरना ने साउथ ब्लॉक में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि ऑनलाइन परीक्षा प्रारूप अपनाने का निर्णय कई वजहों से प्रेरित था।

उन्होंने कहा कि युवा अब तकनीकी तौर पर जागरूक हैं तथा मोबाइल फोन का प्रसार एवं इसकी पैठ गांवों में गहराई तक हो चुकी है, जिससे लोगों के लिए नयी तकनीक सर्वसुलभ हो रही है। सेना ने हाल ही में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की घोषणा की थी और बल में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को अब सबसे पहले एक ऑनलाइन साझा प्रवेश परीक्षा में शामिल होना होगा, उसके बाद उन्हें शारीरिक फिटनेस और मेडिकल जांच का सामना करना होगा। इससे पहले, अग्निवीरों और अन्य उम्मीदवारों को शारीरिक फिटनेस परीक्षण से गुजरना पड़ता था, उसके बाद अंतिम चरण में चिकित्सा परीक्षण और सीईई के लिए उपस्थित होना पड़ता था।

लेफ्टिनेंट जनरल सरना ने कहा कि ऑनलाइन साक्षा जांच परीक्षा को पहली स्क्रीनिंग प्रक्रिया के रूप में आयोजित किया जाना उम्मीदवारों की मदद करने और तकनीकी रूप से जागरूक और शारीरिक रूप से फिट युवाओं को



सेना में भर्ती करने में मदद के लिए है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को पहले स्क्रीनिंग प्रक्रिया के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था और रैलियों के दौरान भी बड़ी संख्या में उम्मीदवार इकट्ठा होते थे। अब, भर्ती प्रक्रिया में बदलाव से संभावित उम्मीदवारों को मदद मिलेगी और सेना प्रशासनिक प्रक्रिया के आसान बनने की स्थिति में इसे प्रबंधित करने में सक्षम होगी।

**भर्ती प्रक्रिया होगी सरल :** लेफ्टिनेंट जनरल सरना ने कहा कि प्रक्रिया आसान, सरल और अधिक सुव्यवस्थित हो जाएगी। संशोधित भर्ती प्रक्रिया के अनुसार भर्ती रैली से पहले कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन सीईई आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सेना ने देश भर में 176 स्थानों की पहचान की है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर बढ़ाया जा सकता है और उम्मीदवार पांच केंद्र चुन सकते हैं जहां वे ऑनलाइन सीईई के लिए उपस्थित होना चाहते हैं। इन पांच विकल्पों में से एक केंद्र आवंटित किया जाएगा। महानिदेशक ने कहा कि बोनस अंक उन उम्मीदवारों को दिए जाएंगे जो 10वीं पास हैं और आईटीआई का दो साल का कोर्स पूरा कर चुके हैं और जिनके पास एनसीसी का ए, बी या सी प्रमाणपत्र हैं, उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं और डिप्लोमाधारक भी हैं।

## जेल में ठग सुकेश के पास से डेढ़ लाख की चप्पल और 80 हजार रुपये की जींस बरामद



**नयी दिल्ली।** दिल्ली कारागार विभाग ने मंडोली जेल में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की कोठरी पर छापा मारा और 1.5 लाख रुपये मूल्य की एक जोड़ी गूची ब्रांड की चप्पल तथा 80,000 रुपये मूल्य की दो जींस बरामद कीं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित हालिया अभियान की सीसीटीवी फुटेज में चंद्रशेखर जेलर दीपक शर्मा के सामने रोता दिखाई दे रहा है। अधिकारियों ने कहा कि छापेमारी में जेल विभाग और अन्य सुरक्षाकर्मी शामिल थे। केंद्रीय गृह और कानून सचिव बनकर रेलिगेयर के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी को धोखा देने से जुड़े धनशोधन के एक नए मामले में चंद्रशेखर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल में गिरफ्तार किया था। चंद्रशेखर (33) को पिछले सप्ताह एक स्थानीय जेल से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया था। बाद में, दिल्ली की एक अदालत ने उसे नौ दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया था।

## दिल्ली आबकारी घोटाले में ईडी ने केजरीवाल के पीए से पूछताछ की

**नयी दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार से गुरुवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने एजेंसी के समक्ष बयान दर्ज कराया और जांचकर्ताओं ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया। ऐसा माना जा रहा है कि उनसे अदालत के समक्ष ईडी के उन आरोपों के संबंध में पूछताछ की गयी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बिभव कुमार समेत कम से कम 36 आरोपियों ने घोटाले में हजारों करोड़ रुपये की रिश्वत के सबूत छिपाने के लिए 170 फोन नष्ट किए। अदालत में दाखिल आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई सितंबर 2021 से जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला गया।

## बायोगैस क्षेत्र की संभावनाओं का लाभ उठायें युवा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्यमियों से गोबर , फसलों के डंठल और शहरी ठोस कचरे आदि से जैव-ईंधन बनाने की विशाल संभावनाओं को सार्थक करने और इसके प्रोत्साहन के लिए प्रस्तुत नीति का लाभ उठाने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में युवाओं, स्टार्ट अप इकाइयों सहित छोटी-बड़ी सभी प्रकार की इकाइयों के लिए अवसर हैं। श्री मोदी ने बजट 2023-24 के बजट के पर इस वर्ष की वेबीनार श्रृंखला की पहली कड़ी का उद्घाटन करते हुए कहा , ह्यह्य भारत में गोबर से 10 अरब घन मीटर बायोगैस



और कृषि अपशिष्ट 150 अरब घन मीटर गैस के उत्पादन की संभावना है। इससे हमारे देश में सिटी गैस वितरण में आठ प्रतिशत तक का योगदान हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्हीं संभावनाओं की वजह से आज गोबरधन योजना, भारत की जैवईंधन रणनीति का एक अहम हिस्सा है। इस बार के बजट में सरकार ने गोबरधन योजना के तहत 500 नए प्लांट लगाने की घोषणा की है। श्री मोदी ने कहा, ह्ये पुराने जमाने के गोबरगैस प्लांट की तरह नहीं होते। इन आधुनिक प्लांट्स पर सरकार 10 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का 'कचरे से ऊर्जा ' का कार्यक्रम, देश के प्राइवेट सेक्टर के लिए, हमारे सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों के लिए एक नया बाजार बना रहा है।

# कांग्रेस नेता खेड़ा को 28 तक अंतरिम जमानत

**पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में असम पुलिस ने किया था गिरफ्तार, दिल्ली हाइकोर्ट ने दिया बेल**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में असम पुलिस द्वारा गिरफ्तार कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को गुरुवार को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अर्चना बेनीवाल ने अदालत में पेश किए गए खेड़ा को 30,000 रुपये की जमानत राशि और इतनी ही राशि के मुचलके पर अंतरिम जमानत दी। खेड़ा की रिहाई के लिए शीर्ष अदालत के आदेश की एक प्रति प्राप्त करने के बाद मजिस्ट्रेट ने शाम करीब 6.10 बजे आदेश पारित किया। इससे पहले प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने खेड़ा को असम में दर्ज मामले में 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि खेड़ा को दिल्ली में सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा और अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा। शाम करीब 4 बजे खचाखच भरे अदालत कक्ष में खेड़ा को पेश किया गया। पुलिसकर्मियों की एक बड़ी टीम खेड़ा को अदालत के अंदर ले गई, जबकि एक अन्य पुलिस टीम अदालत कक्ष के पास थी, जिसके बाहर कई कांग्रेसी समर्थक जमा थे।



कार्यवाही के दौरान खेड़ा के वकील रणदीप सुरजेवाला ने मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि शीर्ष अदालत ने खेड़ा को अंतरिम जमानत देने का आदेश पारित किया है। उन्होंने अदालत से कहा कि खेड़ा को प्राथमिकी और गिरफ्तारी संबंधी कागजात की प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई गईं तथा उच्चतम न्यायालय के अर्नेश कुमार मामले में दिए गए दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया। अर्नेश कुमार मामले में दिशानिर्देश उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का हिस्सा थे जिसमें कहा गया था कि गिरफ्तारी एक अपवाद होनी चाहिए और पुलिस को पहले यह तय करना होगा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41 के तहत गिरफ्तारी जरूरी है या नहीं। सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस नेता के खिलाफ लगाए गए आरोपों के संबंध में सभी अपराधों में सात साल से कम की सजा है।

# वेब सीरीज हीरामंडी में कैमियो करेंगी रेखा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा संजय लीला भंसाली की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी में कैमियो करती नजर आ सकती है।

संजय लीला भंसाली इन दिनों वेबसीरीज हीरामंडी बना रहे हैं। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सेगल, रिचा चड्ढा और सोनाक्षी सिन्हा की अहम भूमिका है। बताया जा रहा है कि भंसाली वेबसीरीज हीरामंडी में रेखा का डांस नंबर रखवाना चाहते हैं, जिसके लिए वह लगातार रेखा से कॉन्टेक्ट कर रहे हैं।भंसाली चाहते थे कि रेखा हीरामंडी में लीड निभाएं। लेकिन उन्होंने इस प्रोजेक्ट में बतौर लीड हीरोईन बनने से इनकार कर दिया। लेकिन अब भंसाली चाहते हैं कि रेखा सीरीज के लिए डांस नंबर जरूर करें। संजय लीला भंसाली ने कहा मैंने 30 साल में करीब 10



फिल्में बनाई हैं। पिछले कुछ सालों में मैंने तीन फिल्मों में काम किया है और अब मैं 8 एपिसोड्स बनाने जा रहा हूं। हीरामंडी जैसी डिमांडिंग सीरीज पर काम करना मेरे लिए मुश्किल टास्क रहा है। ऐसे में हमें अलर्ट रहना पड़ता है क्योंकि, इसमें बहुत से ट्रैक हैं। शूट के दौरान हमें महसूस होता है कि हमने कई जरूरी शॉट्स नहीं लिए, जो कहानी को और भी बेहतर तरीके से पेश कर सकते थे।

## लघु फिल्म 'गूलर का फूल' एआरएफएफ के लिए नामित

नयी दिल्ली। पत्रकार से फिल्म निर्माता बने धीरज भटनागर के निर्देशन में बनी लघु फिल्म गूलर का फूल को अराउंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल (एआरएफएफ) के बार्सीलोना संस्करण में एक पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। भटनागर के मित्र सुधीर मिश्रा द्वारा लिखी इस लघु फिल्म को महोत्सव की लघु फिल्म श्रेणी में नामांकित किया गया है। एआरएफएफ का आयोजन बासीलीना, पेरिस, एम्स्टर्डम और बर्लिन में किया जाता है। गूलर का फूल चिंटू नाम के एक युवक की कहानी है जो यह मानता है कि अगर उसे ह्यगूलर का फूल मिल जाता है तो इस दुनिया को अलविदा कह चुकी उसकी मां उसके पास लौट आएगी।

## सारा ने शेयर किया कतर ट्रिप का वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने सोशल मीडिया पर कतर ट्रिप का वीडियो शेयर किया है। सारा अली खान और अनन्या पांडे इन दिनों कतर में अपना वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। इस बीच सारा ने वेकेशन का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में सारा ने अपनी ट्रिप की जर्नी दिखाई। सारा कहती हैं, 'दोहा में आपका स्वागत है। फिर उसके बाद सारा कहीं होटल रूम में मेकअप, करती हुयी तो कहीं खाना खाते हुए दिखाई दीं, इसके अलावा उन्होंने अनन्या के साथ फोटोशूट भी करवाया।सोशल मीडिया पर फैंस भी इस वीडियो पर जमकर लाइक्स और कमेंट कर रहे हैं।

## भारत मेरे लिए सब कुछ : अक्षय कुमार



**नयी दिल्ली।** अपनी कनाडाई नागरिकता को लेकर अक्सर आलोचनाओं का सामना करने वाले बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का कहना है कि भारत उनके लिए सब कुछ है और वह पहले ही पासपोर्ट में बदलाव के लिए आवेदन कर चुके हैं। अक्षय ने एक समाचार चैनल पर कहा कि जब लोग उनके कनाडा की नागरिकता लेने का कारण जाने बिना कुछ कहते हैं तो उन्हें बहुत बुरा लगता है।

## वाणिज्य की खबरें

## शेयर बजार में पांचवें दिन गिरावट जारी, सेंसेक्स 139 अंक और टूटा



**मुंबई।** देश के प्रमुख शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 139 अंक नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की ताजा बिकवाली और एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के चलते निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 139.18 अंक या 0.23 प्रतिशत टूटकर 59,605.80 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में इसने 59,960.04 के ऊपरी और 59,406.31 के निचले स्तर को छुआ। एनएसई निफ्टी 43.05 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 17,511.25 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, आईटीसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा स्टील और सन फार्मा बढ़त में रही।तेल, गैस उत्पादन के लिए दो अरब डॉलर का निवेश करेगी ओएनजीसी

## तेल, गैस उत्पादन के लिए दो अरब डॉलर का निवेश करेगी ओएनजीसी

**नयी दिल्ली।** देश की शीर्ष तेल और गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी अरब सागर में अपने मुख्य गैस क्षेत्र में 103 कुओं की खुदाई के लिए दो अरब डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि इससे कुल उत्पादन में लगभग 10 करोड़ टन का इजाफा होने की उम्मीद है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के पश्चिमी तट पर तीन मुख्य संपत्तियां हैं, जिनमें मुंबई हाई, हीरा और नीलम तथा वसई और सुदुर तेल एवं गैस क्षेत्र हैं। कंपनी ने इनसे 2021-22 में 2.17 करोड़ टन तेल और 21.68 अरब घनमीटर गैस का उत्पादन किया था। ओएनजीसी के निदेशक (तटीय) पंकज कुमार ने कहा कि हमने अगले दो-तीन साल में वसई और सुदुर (बीएंडएस) तेल एवं गैस क्षेत्रों में 103 कुओं को खोदने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इससे 10 करोड़ से ज्यादा तेल और तेल समतुल्य गैस का उत्पादन बढ़ जाएगा। इस प्रक्रिया में दो अरब डॉलर से अधिक का निवेश होगा। ओएनजीसी देश में उत्पादित कुल तेल और गैस के दो-तिहाई का उत्पादन करता है। बढ़ा हुआ उत्पादन ऊर्जा जरूरतों के लिए देश की आयात पर निर्भरता कम कर देगा।

## दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला कल से

**नयी दिल्ली।** विश्व पुस्तक मेला (एनडीडब्ल्यूबीएफ) कोरोना के कारण तीन साल तक ऑनलाइन आयोजित होने के बाद इस बार अपने पुराने अंदाज में लौटेगा, जिसमें 30 से अधिक देश और एक हजार से अधिक प्रकाशक एवं प्रदर्शक भाग लेंगे। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, फ्रांसीसी राजदूत इमैनुएल लेनिन और एनबीटी के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग इस साल 25 फरवरी को मेले का उद्घाटन करेंगे।

## ओलेक्ट्रा हाइड्रोजन बसें सड़कों पर उतरेंगी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) की खंड ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (ओजीएल) एक वर्ष के भीतर देश में अगली पीढ़ी की परिवहन प्रणाली की हाइड्रोजन बसों को सड़कों पर उतारेंगी। देश में इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण में अग्रणी हैदराबाद स्थित ओलेक्ट्रा ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि उसने प्रौद्योगिकी भागीदार रिलायंस के साथ मिलकर हाइड्रोजन बस विकसित की है जो कि पारंपरिक सार्वजनिक परिवहन का कार्बन मुक्त विकल्प है।

## भारत में अच्छी बाजार शोध कंपनियों की कमी : नारायण मूर्ति



पुणे। इन्फोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने गुरुवार को कहा कि भारत में अच्छी बाजार शोध कंपनियों की कमी है, जिससे यूनीकॉर्न्स (एक अरब डॉलर से ज्यादा के मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) अवसरों का जरूरत से ज्यादा अनुमान लगा लेते हैं और उससे बड़ा नुकसान होता है। मूर्ति ने कहा, भारत में इस स्तर पर इस समय एक कमी यह भी है कि हमारे पास ऐसी कोई कंपनी नहीं है जो गुणवत्तापूर्ण बाजार शोध में विशेषज्ञ हो। उन्होंने कहा कि इससे उद्यमी बाजार अवसरों और निवेश का जरूरत से ज्यादा अनुमान लगाकर यूनीकॉर्न तैयार कर देते हैं।


